


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● मंगलवार, 14 नवंबर 2023 ● कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 207 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

www.lagatar.in


## सुर्खियां

* * * *

**इंटरनेशनल**

- चीन-पाक की नौसेनाओं का अरब सागर में अभ्यास
- तालिबान सरकार कर रही टीटीपी की मदद : पाक
- इमरान के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई स्थगित
- म्यांमा के रखाइन में सशस्त्र उग्रवादी समूह के हमले

**नेशनल**

- अब देवी लक्ष्मी पर तंज करके विवादों में स्वामी प्रसाद मौर्य
- भारत-एडीबी में 40 करोड़ डॉलर का ऋण करार
- कोयला खानों की व्यावसायिक नीलामी 15 नवंबर को होगी
- भाजपा का प्रचार को देखने इंदौर आएंगे विदेशी राजनयिक

**स्टेट**

- साहिबगंज में पटाखे फोड़ने को लेकर तनाव, अलर्ट
- वर्तमान सरकार लोगों को बना रही बेवकूफ : एनोस
- कोल्हान विवि के कुलसचिव बने डॉ राजेंद्र भारती
- राज्यभर में काली पूजा पंडालों में उमड़ी भीड़

**स्पोर्ट्स**

- भगत ने जापान पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता
- रिकॉर्ड 8वीं बार सत्र के आखिर में नंबर वन रहेंगे जोकोविच
- इटली को हराकर कनाडा ने जीता बिली जीन किंग कप
- आशा किरण को सीआईएल ने किया स्पॉन्सर

## किसने क्या कहा

- भाजपा ने बड़े उद्योगपतियों के साथ मिलकर एमपी में किसानों, मजदूरों और छोटे दुकान मालिकों की कांग्रेस सरकार को गिरा दिया था — **राहुल गांधी**
- गाजा में हिंसा का समर्थन करने वाले देशों की सरकारों को शर्म आनी चाहिए : **प्रियंका गांधी वाड्रा**
- जब मुख्यमंत्री ही कानून का सम्मान नहीं करेंगे, तो दूसरे से क्या उम्मीद — **बाबूलाल मरांडी**

## ब्रीफ खबरें

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,000 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

### खुदरा महंगाई में नरमी 4.87% पर मुद्रास्फीति

**नयी दिल्ली।** खाने का सामान सस्ता होने से अक्टूबर में खुदरा महंगाई में नरमी आई और यह चार महीने के निचले स्तर 4.87 प्रतिशत पर रही. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में तीन महीने के निचले स्तर 5.02 प्रतिशत थी. इससे पहले, जून में महंगाई दर 4.87 प्रतिशत दर्ज की गयी थी. आरबीआई की एमपीसी) ने अक्टूबर बैठक में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है.

### प्याज की औसत कीमत 59.09 रुपये किलो

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय स्तर पर सोमवार को प्याज का औसत खुदरा भाव 59.09 रुपये प्रति किलोग्राम के उच्चस्तर पर बना हुआ है. प्याज कीमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने पिछले महीने के अंत में निर्यात पर अंकुश लगाने और घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 800 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य लागू था. आपूर्ति में कमी के कारण खुदरा कीमतें लगभग 80 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गयी थीं. सोमवार को प्याज की अखिल भारतीय औसत कीमत 59.09 रुपये प्रति किलो है.

### बीकानेरवाला के चेयरमैन का निधन

**नयी दिल्ली।** मिठाई और नमकीन की प्रतिष्ठित श्रृंखला बीकानेरवाला के संस्थापक लाला केदारनाथ अग्रवाल का सोमवार को निधन हो गया. वे 86 वर्ष के थे. बीकानेर के चेयरमैन अग्रवाल शुरुआत में पुरानी दिल्ली में भुजिया और रसगुल्ले टोकरी में रखकर बेचते थे. बीकानेरवाला ने बयान में कहा कि एक युग का अंत हो गया है. भारत में बीकानेरवाला की 60 से अधिक दुकानें हैं और यह अमेरिका, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों में भी मौजूद है.


### पूर्व पीएम कैमरन बने ब्रिटेन के विदेश मंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को एक अभूतपूर्व कदम के तहत देश के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन को नया विदेश मंत्री नियुक्त किए जाने का ऐलान किया और साथ ही भारतीय मूल की अपनी गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को बर्खास्त कर दिया. उनकी जगह जेम्स क्लेवरली को गृह मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गयी है. ब्रेवरमैन ने इस घोषणा के बाद एक संक्षिप्त बयान में कहा, गृह मंत्री के रूप में सेवा करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है. आने वाले समय में मेरे पास कहने के लिए और भी कुछ होगा.

**पीएम मोदी आज रात 8 बजे पहुंचेंगे झारखंड की राजधानी रांची, खूंटी में बिरसा मुंडा को देंगे श्रद्धांजलि, 18 घंटे रुकेंगे**

# मोदी आएंगे

## विकसित भारत रथ यात्रा रवाना करेंगे



**शुभम संदेश टीम। रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची-खूंटी दौरे के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री 15 नवंबर को रांची आने वाले थे, लेकिन नए शिड्यूल के अनुसार वे मंगलवार की रात 8 बजे ही विशेष विमान से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे और 15 नवंबर को झारखंड के स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद दोपहर खूंटी से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पहुंचेंगे और दोपहर 1 बजे विशेष विमान से एमपी रवाना हो जाएंगे. प्रधानमंत्री मोदी 18 घंटे से ज्यादा समय तक रांची-खूंटी में रहेंगे. हालांकि अंतिम समय में उनके कार्यक्रम में बदलाव किया जा सकता है. एयरपोर्ट से पीएम हिनू चौक, बिरसा चौक होते हुए राजभवन के लिए प्रस्थान करेंगे. राजभवन में ही डिनर करने के साथ ही साथ रात्रि विश्राम भी करेंगे. 15 नवंबर को खूंटी जाने से पहले पीएम रांची के जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा संग्रहालय में जाएंगे.

### इन योजनाओं को लॉन्च करेंगे पीएम मोदी

1. जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू करेंगे. यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर झारखंड के खूंटी में आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन को हरी झंडी दिखाएंगे. यात्रा शुरुआत में महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले जिलों से शुरू होगी और 25 जनवरी 2024 तक देश भर के सभी जिलों को कवर करेगी.
2. विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह मिशन का शुभारंभ करेंगे. इससे 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 पीवीटीजी 22,544 गांवों, 220 जिलों में रहने वाली आदिम जनजातियां लाभान्वित होंगी, जिसकी आबादी लगभग 28 लाख है.
3. पीएम किसान सम्मान निधि की 15वीं किस्त की 18,000 करोड़ रुपये की राशि 8 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से जारी की जाएगी.
4. किसानों के कल्याण को लेकर पीएम किसान सम्मान निधि की 15वीं किस्त करीब 18,000 करोड़ रूपए 8 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से जारी किए जाएंगे.
5. प्रधानमंत्री लगभग करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास करेंगे.
6. एनएच 133 के महगामा-हंसडीहा खंड के 52 किमी लंबे खंड को चार लेन, एनएच114ए के बासुकीनाथ-देवघर खंड के 45 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार लेन, केडीएच-पूर्णाडीह कोल प्लांट का शिलान्यास करेंगे.

आईआईआईटी रांची के नए शैक्षणिक भवन की आधारशिला रखेंगे. आईआईएम रांची के नए परिसर, आईआईटी धनबाद के छात्रावास का भी उद्घाटन करेंगे.

**झारखंड राज्य के स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे सौगातों की बारिश**

# मिलेंगी सौगातें

## युवाओं को ऑफर लेटर सौंपने की तैयारी



**विशेष संवाददाता। रांची।** झारखंड के 24 वें स्थापना दिवस की तैयारियां जोरों पर है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 15 नवंबर को न केवल आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तीके तीसरे चरण का शुभारंभ करेंगे, बल्कि बड़े पैमाने पर विभिन्न विभागों की करोड़ों रुपये की योजनाओं का उदघाटन व शिलान्यास भी करेंगे. स्थापना दिवस समारोह में कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी शुरू होंगी. जिन योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास होना है, उसकी रूपरेखा तैयार कर ली गयी है. इस अवसर पर श्रम विभाग की ओर से आयोजित रोजगार मेला - सह-नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन सहित अन्य मंत्री 10 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर सौंप सकते हैं. मौके पर खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार राशि का वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की लाभुक छात्राओं के बीच डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा.

### इन योजनाओं की होगी लांचिंग

1. मुख्यमंत्री द्वारा स्थापना दिवस समारोह में झारखंड निर्यात नीति, झारखंड एमएसएमई नीति, झारखंड स्टार्टअप नीति और झारखंड आईटी डाटा और बीपीओ प्रमोशन नीति लांच की जाएगी. इसके अलावा अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का भी शुभारंभ होगा.
2. आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का होगा शुभारंभ होगा. जो 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक चलेगा.
3. अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के साथ राज्य सरकार एमओयू करेगी. अजीम प्रेमजी विवि एक ही कैंपस में तकनीकी शिक्षा से लेकर मेडिकल, बिजनेस आदि की सुविधा देगी. यह अपने आप में अलग तरह का विश्वविद्यालय होगा.
4. 15 नवंबर को रांची स्मार्ट सिटी परिसर में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चेन्नई की आधारशिला रखी जाएगी, जहां पहले चरण में ओपीडी आरंभ होगा. बाद में 250 बेड का अस्पताल बनेगा.
5. स्थापना दिवस के मौके पर रांची में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी. लाभुकों को ऑन स्पॉट लाभ देने की सुविधा भी होगी. जिलों में भी प्रदर्शनी लगायी जाएगी.
6. राज्य सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 व झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े लगभग 65 लाख लाभुकों को प्रति परिवार प्रतिमाह एक रुपये की अनुदानित दर से एक किलो दाल वितरण की योजना बनायी है.

खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से गरीबों की दाल वितरण योजना भी 15 नवंबर से शुरू करने की तैयारी है. इससे पहले नेफेड से एमओयू की प्रक्रिया पूरी की जाएगी.


# दिवाली पर शोर का स्तर सीमा से ऊपर





**रांची।** रांची के साइलेंस जोन क्षेत्रों में रविवार को दीपावली की रात शोर का स्तर 45 डेसिबल की औसत स्वीकार्य सीमा के मुकाबले 56% तक बढ़ गया. एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि डोरंडा और रिम्स बरियातू, दोनों साइलेंस जोन में आते हैं, शाम 6 बजे से आधी रात के बीच शोर का औसत स्तर क्रमशः 70.61 डेसिबल व 64.46 डेसिबल दर्ज किया गया. आठ नवंबर को इन क्षेत्रों में क्रमशः 57.40 डीबी और 58.39 डीबी का शोर स्तर दर्ज किया गया था. अल्बर्ट एक्का चौक, लालपुर व रातू रोड जैसे क्षेत्रों में 60 डेसिबल की औसत स्वीकार्य सीमा के मुकाबले शोर के स्तर में 37.8%, 35.83 प्रतिशत और 34.9% की वृद्धि दर्ज की गई.

## सहवाग और डायना हॉल ऑफ फेम में



- अरविंद डी डिसिल्वा को भी मिला सम्मान

**दुबई।** भारत की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गयी हैं और उनके साथ भारत के वीरेंद्र सहवाग और श्रीलंका के अरविंद डिसिल्वा को भी यह सम्मान मिला. तीनों को उनके करियर की शानदार उपलब्धियों के लिए यह सम्मान दिया गया. एडुल्जी भारतीय महिला टीम की कप्तान रहीं और बाद में क्रिकेट प्रशासक भी बनीं. डायना एडुल्जी ने 1976 से 1993 के बीच भारत के लिए 54 मैच खेले और 100 से अधिक विकेट लिये. उन्होंने 20 टेस्ट में 404 रन बनाये और 63 विकेट लिये. इसके अलावा 34 वनडे में 211 रन बनाये और 46 विकेट लिये. इसके बाद वह पश्चिम रेलवे में क्रिकेट प्रशासक रहीं. वहीं अपने दौर के आक्रामक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग 1999 से 2013 के बीच भारत के लिए खेले और 23 टेस्ट शतक लगाये. उन्होंने 104 टेस्ट में 8586 रन बनाये और 40 विकेट भी लिये. वनडे में 251 मैच खेलकर उन्होंने 8273 रन बनाये.

## प्रथम श्रेणी वाले बनेंगे आईआईएम निदेशक

- स्नातक, पीजी में प्रथम श्रेणी हुआ अनिवार्य

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने भारतीय प्रबंध संस्थानों (आईआईएम) में निदेशकों की नियुक्ति के लिए नये नियम अधिसूचित किये गये हैं. इसके तहत आवदेकों के पास स्नातक और स्नातकोत्तर (पीजी) की प्रथम श्रेणी की डिग्री के साथ-साथ किसी प्रतिष्ठित संस्थान से पीएचडी या समकक्ष उपाधि को अनिवार्य कर दिया गया है. साथ ही, अब राष्ट्रपति इन प्रतिष्ठित संस्थानों के 'विजिटर' होंगे, जिनके पास निदेशक मंडल का अध्यक्ष नियुक्त करने, निदेशकों को नियुक्त करने या हटाने, और कर्तव्य निर्वहन नहीं करने या उनके (विजिटर के) निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए बोर्ड (निदेशक मंडल) को भंग करने की शक्ति होगी. नये नियमों के तहत, आईआईएम निदेशक के लिए अर्हता के तहत अब 'स्नातक और स्नातकोत्तर, दोनों में प्रथम श्रेणी की डिग्री, और किसी प्रतिष्ठित संस्थान से पीएचडी या समकक्ष उपाधि' के साथ विशिष्ट अकादमिक रिकार्ड जरूरी होगा. पहले, 'पीएचडी या समकक्ष उपाधि के साथ विशिष्ट अकादमिक रिकॉर्ड' की अर्हता का उपयोग किया जाता था और यह उल्लेख नहीं किया गया था कि डिग्री किस श्रेणी की होनी चाहिए.

# फ्लाइट पहुंच से बाहर, ट्रेनें फुल, बसें खचाखच

**शुभम किशोर। रांची**

महापर्व छठ को लेकर रांची से हर साल काफी संख्या में श्रद्धालु बिहार जाते हैं. ट्रेन, बस और फ्लाइट में टिकट या तो फुल हैं या फिर महंगे. यानि कि फ्लाइट पहुंच से बाहर, ट्रेंने फुल, बस खचाखच भरे हुए हैं. छठ के लिए रांची से बिहार जाने के लिए ट्रेन टिकटों की बुकिंग महीनों पहले से ही शुरू हो जाती है और कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो जाता है. रांची से पटना जानी वाली 15 नवंबर की ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 150 के पार जा चुका है. हटिया से पटना के लिए 9 ट्रेंने खुलती है. वहीं डेहरी ऑन सोन जाने वाली रूट में वेटिंग 90 के पार है. इस रूट में 6 ट्रेंने हटिया से खुलती हैं. बिहार के छपरा के लिए ट्रेनों वेटिंग लिस्ट 200 पार जा चुका है. छठ की भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे प्रबंधन ने 15 नवंबर से फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है.

ट्रेन के साथ रांची से बिहार जाने वाले बसों में भी छठ को देखते हुए महीनों पहले से एडवांस टिकट बुक कराए गए हैं. रांची के बिहार के लिए खादगड़ा बस स्टैंड से प्रतिदिन लगभग 100 बसें खुलती हैं. सभी में लगभग सीट फुल हो चुकी हैं. रांची के धुर्वा क्षेत्र से लगभग 12 बस बिहार के अलग-अलग क्षेत्रों के लिए खुलती है. बस ऑनर कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि छठ पर बसें खाली नहीं जाती हैं. अभी छठ के खरना तक का एडवांस बुकिंग की हुई है. वहीं कुछ एजेंट ने बताया कि अभी जो बस नियमित चल रही हैं, उनमें ही बुकिंग हो रही है. बसें भी फुल जा रही हैं.

### आसमान छू रही है टिकट की कीमत

फ्लाइट भी एक विकल्प है, लेकिन आम लोगों के लिए इसके दाम पहुंच से बाहर है. रांची से पटना के लिए डायरेक्ट फ्लाइट केवल एक है, जिसकी इकोनॉमी क्लास के टिकट लगभग 5 हजार रुपये है. वहीं, दिल्ली होते हुए रांची से पटना के टिकट की कीमत आसमान छू रही हैं. दिल्ली होते हुए फ्लाइट की कीमत लगभग 20 हजार से 65 हजार रुपये के बीच है.

**सीएम हेमंत ने दिए झारखंड के श्रमिकों की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश**

# उत्तरकाशी टनल में फंसे हैं झारखंड के 15 श्रमिक

**संवाददाता। रांची**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को एक निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा ढहने से उसके अंदर 40 श्रमिक फंस गए हैं. इसमें झारखंड के 15 श्रमिक भी शामिल हैं. हालांकि सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं. राहत की बात है कि मजदूरों से संपर्क स्थापित हो गया है और उन तक खाना, पानी और ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है. मुख्यमंत्री धामी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव राहत कार्यों का निरीक्षण किया.


- शेष पेज 10 पर देखें




### राज्य के ये मजदूर सुरंग में फंसे हैं

विश्वजीत कुमार, सुबोध कुमार (सिमराधाब), अनिल बेदिया, श्रजेंद्र बेदिया, सुकराम (खीराबेरा), टिंकू सरदार (दुमरिया), गुनोधर, रंजीत, रविंद्र (मनिकपुर), समीर (बनकीसोल), माहदेव (चेलाबेड़ा), भक्तु मुर्मू (कुंडालुका), चमरा उरांव (लरता), विजय होरो (गुमड) और गणपति( मदुगामा).

### सीएम हेमंत के निर्देश पर रिलीफ टीम रवाना

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद उत्तराखंड के उत्तरकाशी में ब्रह्मकमल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच निर्माणाधीन टनल में हुई दुर्घटना के बाद झारखंड के श्रमिकों की सहायता के लिए तीन सदस्यीय टीम उत्तराखंड रवाना हो गयी. टीम में जैप आईटी के सीईओ भुनेश प्रताप सिंह, ज्वाइंट लेबर कमिश्नर राजेश प्रसाद व ज्वाइंट लेबर कमिश्नर प्रदीप रॉबर्ट लकड़ा शामिल हैं. इन श्रमिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए और घटनास्थल पर भ्रमण करने व समय-समय पर अद्यतन स्थिति से दूरभाष पर अवगत कराने का निर्देश टीम को दिया गया है.

**चुनावी समर** पांच राज्यों के चुनाव को लेकर रैली-सभा में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू

# मोदी ने कांग्रेस को घेरा, राहुल का भाजपा सरकार पर वार

मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे. वहीं, छत्तीसगढ़ में भी 17 नवंबर को ही चुनाव के दूसरे व आखिरी चरण के लिए मतदान है. दोनों राज्यों में इसको लेकर धुआंधार प्रचार जारी है. प्रमुख दलों के दिग्गज नेता रैलियां, चुनावी सभा कर अपने पक्ष में वोट डालने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं. इसको लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जोरों पर शुरू हो चुका है.

## पूरे ओबीसी समाज को चोर कह रही थी कांग्रेस : मोदी

**भाषा। महासमुंद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि आजादी के बाद देश में कांग्रेस ने लंबे समय तक राज किया, लेकिन उसने कभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण नहीं दिया, इसलिए लोगों को उनकी मानसिकता समझनी होगी.



प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के महासमुंद में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी भी स्थानीय वस्तुओं की खरीदारी के लिए लोगों से अनुरोध नहीं किया. प्रधानमंत्री मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली से आए कांग्रेस के कुछ महाज्ञानी नेता आजकल अपनी सभा में मेरी जाति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, वह कह रहे हैं कि मोदी तो ओबीसी है. इससे पहले के चुनाव में ये लोग मोदी के बहाने पूरे ओबीसी समाज को चोर कह रहे थे.

### भाजपा ने गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बनाए

पीएम मोदी ने लोगों से आग्रह किया कि अपने बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए उनका समर्थन करें. प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले चरण के मतदान ने कांग्रेस के झूठ के गुब्बार को फोड़ दिया है. कांग्रेस का एकमात्र लक्ष्य छत्तीसगढ़ को लूटना और अपना खजाना भरना है. भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र ने पिछले दस वर्षों में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने योजना को बाधित किया.

## मध्य प्रदेश देश की भ्रष्टाचार राजधानी : राहुल गांधी

**एजेंसी। नीमच**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि यह राज्य देश की भ्रष्टाचार राजधानी है.



मध्य प्रदेश के नीमच जिले में आज सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने केंद्र और राज्यों में कांग्रेस के सत्ता में आने पर जाति जनगणना का भी वादा किया. राहुल गांधी ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी (कांग्रेस) प्रदेश के विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करेगी. उन्होंने वादा किया कि कांग्रेस सरकार 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध करायेगी, किसानों का दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ करेगी.

### हमने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था

राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस ने राज्य में (2018 के विधानसभा चुनावों के बाद) सरकार बनाई थी और जैसे ही उसने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ कर किसानों के लिए काम करना शुरू किया, भाजपा ने बड़े उद्योगपतियों के साथ मिलकर किसानों, मजदूरों और छोटे दुकानदारों की सरकार छीन ली और सत्ता में वापस आ गये. उन्होंने दावा किया, मध्य प्रदेश देश में भ्रष्टाचार की राजधानी है. राहुल ने सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो का भी जिक्र किया.

# गोड्डा में यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त एक दर्जन से अधिक लोग घायल

**संवाददाता। गोड्डा**

गोड्डा के पथरगामा थाना क्षेत्र के मां योगिनी स्थान बरकोप मोड़ के पास सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ है. यहां यात्रियों से भरी बस पलट गयी है. हादसे में 12 से ज्यादा लोग घायल हैं. चार लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बस में करीब 25 से 30 लोग सवार थे. सड़क हादसा जिले के पथरगामा थाना क्षेत्र में पीरपैंती मुख्य मार्ग एनएच-133 पर हुआ है. यह यात्री बस मंडल जसीडीह से तीन पहाड़ के लिए जा रही थी. इसी बीच अचानक योगिनी स्थान बारकोप मोड़ के समीप बस अनियंत्रित होकर पलट गयी. इस हादसे में बस सड़क से नीचे डायवर्सन में जा गिरी. घटना में कई बस यात्री घायल हो गए हैं, जिसमें चार लोगों की हालत गंभीर बतायी जा रही है. पथरगामा थाना प्रभारी गौतम



कश्यप ने बताया कि एक यात्री बस सड़क दुर्घटना का शिकार हो गयी है. हादसे के वक्त बस में 25 से 30 लोग सवार थे, जिसमें कई लोगों को मामूली चोटें आयी हैं, जबकि चार लोगों की हालत गंभीर है. चारों घायल को गोड्डा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है. जिन लोगों को हल्की चोटें आई है, उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए पथरगामा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है.

## ब्रीफ खबरें

### विधायक ने चुन्दरू छठ घाट का लिया जायजा

**टंडवा।** लोक आस्था के महापर्व छठ में किसी भी श्रद्धालूओं को परेशानियां न हो इसके लिए सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ चुंदरु धाम के गेरुवा-चुंदरु नदी संगम पर स्थित छठ घाट, बाजार टांड़ छठ घाट व गाड़ीलौंग छठ घाट का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने घाटों की साफ-सफ़ाई ठीक ढंग से हो, लोगों को आने में किसी भी तरह कि कोई परेशानी न हो, घाट पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो. मौके पर सुर्य मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मिथलेश कुमार गुप्ता, विधायक जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया, राजेंद्र नायक व अन्य उपस्थित थे.

### बेलहर में छठ पूजा समिति का गठन

**टंडवा।** बेलहर में छठ पूजा महोत्सव मनाने के लिए छठ पूजा समिति की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता तिलेश्वर दांगी ने की. इस वर्ष छठ पूजा का आयोजन हर्ष और उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया और साफ सफाई को विशेष ध्यान देने पर चर्चा हुई.सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष तिलेश्वर दांगी सचिव बसंत दांगी, कोषाध्यक्ष पत्रकार संतन कुमार दांगी, कार्यकारिणी सदस्य कमलेश सिंह, दिनेश्वर दांगी, सुखदेव राणा, तिलेश्वर दांगी, रामजीत दांगी, रवि कुमार, दीपक दांगी, बैजनाथ दांगी, जानकी दांगी, जयप्रकाश सिंह, शिशुपाल अहिर, प्रिश राणा को चुना गया. बैठक में समिति से जुड़े कई लोग उपस्थित थे.

### बासुदेव आचार्य के निधन पर सीटू ने शोक व्यक्त किया

**कोडरमा।** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य, ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष और सीटू के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड बासुदेव आचार्य के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है. सीटू के झारखंड राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि बासुदेव आचार्य पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे और हैदराबाद में इलाज के दौरान सोमवार को अपराह्न 12. 30 बजे उनका निधन हो गया. कामरेड आचार्य पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा संसदीय क्षेत्र से 9 बार लोकसभा के सांसद रहे थे . संसद में पार्टी ग्रुप के नेता के तौर पर उनकी संसदीय दक्षता के सभी कायल थे.

### आजादी के 75 वर्षों बाद भी नगर पंचायत के वार्ड 1 के फुलवरिया गांव में नहीं पहुंची बिजली

# किप स्माइलिंग हिंदुस्तान यूथ फाउंडेशन ने किया रौशन

संवाददाता। कोडरमा

नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक फुलवरिया गांव में सामाजिक संस्था किप स्माइलिंग हिंदुस्तान यूथ फाउंडेशन ने "हर घर दिवाली, हर घर रौशन" के तहत बिरहोर बच्चों के साथ दीवाली मनाया। इस मौके पर बच्चों के बीच पटाखे, मिठाइयां बांटी गई। वहीं संस्था सदस्यों ने गांव के बिरहोर परिवार के घरों में दिया जलाकर उनके घर को रौशन किया। इस दौरान सभी बच्चे और उनके परिजन काफी खुश नजर आये। मौके पर संस्था के निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि हमलोगों के द्वारा दिवाली के अवसर पर बिरहोर और आदिवासी समुदाय के बच्चों व लोगों के बीच आकर खुशियां बांटने का प्रयास किया गया है। वहीं कहा कि इस गांव में अभी तक बिजली नहीं पहुंचीं है, जिसके कारण यहां के बच्चे व लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर बिजली पहुंच जाती तो लोगों को काफी सहूलियत होती।

आपको बता दें कि जिला मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं-एक का गांव फुलवरिया आजादी के 75 वर्षो बाद भी आज तक विकास से कोसों दूर है। जिला मुख्यालय से सटा यह गांव शहरी क्षेत्र की गिनती में आता है। इस गांव की रहने वाली जमुनी बिरहोरनी, सिकंदर बिरहोर व शंकर बिरहोर समेत फुलवरिया में 60-70 वर्षों से रह रहे। लुप्तप्राय जनजाति बिरहोर समुदाय सहित अनुसूचित समुदाय के 45 घरों में करीब 300-400 लोगों की आबादी अंधेरे में जीवन जीने को मजबूर हैं। करीब 3 वर्ष पूर्व अखबारों की सुर्खियों में कोडरमा नगर पंचायत वार्ड नंबर 1 का गांव फुलवरिया बिजली नहीं रहने की खबर छाई थी। जिसके बाद आनन-फानन में बिजली विभाग के द्वारा फुलवरिया में ट्रांसफार्मर, बिजली का पोल एवं तारों का जाल बिछा दिया गया लेकिन बिजली अभी तक नहीं पहुंची है।


फुलवरिया गांव के लोगों बिना बिजली के ही मनायी दीवाली.

**खास बातें**
- लोगों को करना पड़ता है मुश्किलों का सामना
- फुलवरिया गांव के लोग बिना बिजली के मनायी दीवाली
- जिला मुख्यालय से महज दो किमी की दूरी पर स्थित है गांव

## आपकी बात



दशरथ जी कहते है शिक्षा व्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है. पहले की अपेक्षा साधन संसाधन की कोई कमी नहीं है.

नाम : नाम दशरथ तिवारी
पद : सेवानिवृत्त शिक्षक
जन्मस्थल : बाराबंकी डुमरी
कार्य क्षेत्र : हजारीबाग

प्राथमिक शिक्षक से सेवानिवृत्त दशरथ तिवारी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं. वर्ष 1966 में प्राथमिक विद्यालय हजारीबाग नगरपालिका में बतौर सरकारी शिक्षक के रूप में नौकरी शुरू की लगातार 41 वर्षों तक शिक्षा की अलख जागते. शिक्षक दशरथ तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय हज़ारीबाग़ शहर के अलावे रामगढ़, केरेडारी मिडिल स्कूल में नौनिहालों के भविष्य सुधारने में पूरे तन मन और ईमानदारी से लग रहे. बेन्दगी से वर्ष 2007 में सेवानिवृत्त हुए. तिवारी जी ने वर्ष 1965 में बीएम उच्च विद्यालय कान्हा चट्टी से मैट्रिक एवं विद्यापीठ देवघर से सोशल साइंस से ग्रेजुएशन किया. दशरथ जी कहते हैं शिक्षा व्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है. पहले की अपेक्षा साधन संसाधन की कोई कमी नहीं है. झारखंड शिक्षा परियोजना के माध्यम से विद्यार्थियों को काफी सुविधा मिली है. अकादमी के साथ-साथ शिक्षकों की कोई कमी नहीं है. इसके सुखद परिणाम भी मिल रखे है, बच्चे भी बेहतर रिजल्ट दे रहे हैं .इसी निरंतरता को बनाए रखें, तो वह दिन दूर नहीं जब सरकारी स्कूल कॉन्वेंट से किसी मामले में पीछे नहीं रहेगा एक दौर था. जब शिक्षक खुद कुर्सी की व्यवस्था करते थे और विद्यार्थी खुले आसमान के नीचे बैठकर शिक्षा ग्रहण करते थे. गुजरे वक्त के साथ सब कुछ बदल अब हमारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को आत्मसात करने जा रहे. निश्चित रूप से व्यवस्था बनेगा. उन्होंने यह भी कहा की सेवानिवृत्ति होकर अब समाज एवं विद्यार्थियों के बीच में समय देना ज्यादा पसंद करते हैं. वह चाहते हैं कि बच्चे खुशी समय छात्रों को सुधारने एवं परिवार समाज के बीच गुजार सके. उन्होंने बताया कि नौजवान बच्चों को अच्छी संगत की जरूरत है. उन्हें नशा पान से मुक्त रहना होगा एवं अभिभावक भी इस विषय पर चिंतन व्यक्त करें एवं बच्चों को सहयोग करें और ज्यादा से ज्यादा समय अपने बच्चों के साथ दें.

### जैन संत 108 सुयश सागर के सानिध्य में भगवान जैन् की पूजा की

# भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव धूमधाम से मना

संवाददाता। कोडरमा

झुमरीतिलैया शहर के जैन समाज के लोगों ने सत्य अहिंसा के अवतार भगवान महावीर का 2550 वा निर्वाण मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. दीपावली महापर्व के दिन ही जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष की प्राप्ति बिहार के पावापुरी सिद्ध क्षेत्र से हुई थी.आज के दिन पूरे विश्व एवं भारतवर्ष के जैन धर्म के लोग बड़े श्रद्धा पूर्वक भगवान महावीर के निर्वाण मोक्ष कल्याणक की प्राप्ति होने पर खुशी पूर्वक दीपावली का पर्व मनाते हैं. स्टेशन रोड स्थित बड़ा जैन मंदिर से गुरुदेव सुयश सागर के सानिध्य में श्रद्धालु भक्तजन नगर भ्रमण करते हुए नया मंदिर पानी टंकी रोड पहुंचे.

बैंड बाजे और भगवान महावीर के जय घोष के साथ भक्तजन खुशी से झूमते नाचते चल रहे थे. नया जैन मंदिर पहुंचने पर पूज्य जैन संत 108 सुयश सागर जी गुरुदेव के सानिध्य में जैन समाज के हजारों भक्तजन महावीर भगवान की पूजा भक्ति बड़े ही श्रद्धा पूर्वक से की. पूज्य गुरुदेव सुयश सागर जी ने अपनी अमृतवाणी में भक्तजनों को कहा कि आज का दिन जैन धर्मावलंबियों के लिए सबसे पावन एवं पवित्र दिन है. स्टेशन रोड बड़ा मंदिर में भगवान की मुख्य शांति धारा शशि रीता सेठी परिवार ने की प्रथम अभिषेक. भगवान के मोक्ष कल्याणक का निर्वाण लाड़ू सुरेंद्र सौरभ सरिता काला परिवार ने चढ़ाया. पानी टंकी रोड स्थित नया जैन मंदिर में भगवान महावीर को 24 किलो लाड़ू चढ़ाने का सुशील कुमार राज, सुनील छाबड़ा परिवार को मिला. मुख्य शांति धारा सुरेंद्र सौरभ काला परिवार को मिला. निर्मल, दिनेश झाझंरी परिवार, सुबोध, आशा गंगवाल परिवार, कमल, पियूष कासलीवाल परिवार, कमल, ऋषभ, श्रेयांश सेठी परिवार ने भी भगवान की शांति धारा प्राप्त किया. नया मंदिर में निर्वाण लाड़ू फूलचंद किशोर प्रदीप पांडया परिवार, कैलाश मनोज कमल कासलीवाल परिवार, ललित सिद्धांत सेठी परिवार, निर्मल आशीष छाबड़ा परिवार को मिला. बड़ा मंदिर में बॉबी अजय सेठी संजय लट्टू छाबड़ा और उनकी पूरी टीम ने पावापुरी मंदिर की आकृति का निर्माण कराया. जहां भक्त जनों ने भगवान महावीर की अभिषेक पूजा की. नया मंदिर में मनीष सेठी दिलीप बाकलीवाल रूपेश छाबड़ा आदि लोगों ने पूरे मंदिर की साज सजावट और व्यवस्था का निर्वहन किया भगवान के मोक्ष कल्याणक का निर्वाण लाड़ू बनाने में ममता सेठी नीलम सेठी निर्मला सेठी आदि महिलाओं ने अपना सहयोग दिया नया मंदिर में भगवान महावीर स्वामी की बेदी में 64 चवर और चांदी का चंदवा लगाया गया चातुर्मास कमेटी के संयोजक नरेंद्र झाझंरी, समाज के अध्यक्ष प्रदीप पांडया, मंत्री ललित सेठी, उपाध्यक्ष कमल सेठी, उप मंत्री राज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला भंडारी, सुनील सेठी, निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने पूरे जिले वासियों को भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाण मोक्ष कल्याणक की बधाई दी.


भगवान महावीर का 2550वां निर्वाण मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया.

**खास बातें**
- नए जैन मंदिर में भगवान महावीर को 24 किलो लाड़ू अर्पित की
- जैन धर्मावलंबियों के लिए सबसे पावन एवं पवित्र दिन

### सेवई में 30 वर्षों से की जा रही काली मां की पूजा

**चौपारण।** प्रखंड बच्छई पंचायत के ग्राम सेवई के कामेश्वर भुइयां 1994 से निरंतर मां काली की प्रतिमा स्वयं बना कर पूजा अर्चना करते आ रहे हैं. उन्होंने बताया कि मैं बचपन में धनबाद में रहता था.जहां धूमधाम से मां काली का पूजा की जाती है. जिसे देख कर मन में मुझे मां काली के प्रति अपार आस्था व विश्वास भर गया और मैंने धनबाद में ही 1994 में मां काली की प्रतिमा बना कर पूजा शुरू किया था.चार साल धनबाद में मां काली का प्रतिमा बना कर पूजा अर्चना करने के उपरांत 1998 में पैतृक गांव सेवई आ जाना पड़ा. कामेश्वर भुइयां ने कहा कि घर आने के बाद गांव में मां काली की प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना की बात रखी, पूरे गांव के लोगों ने मदद करने का आश्वासन देते हुए हौसला बढ़ाया.

### कौलेश्वरी के हटवरिया में पांच दुकानें जलकर राख हुईं

**हंटरगंज।** प्रखंड के कौलेश्वरी पहाड़ के तलहटी स्थित हटवारिया में रविवार की रात्रि दिया से आग लग जाने से मनहारी की पांच दुकान जलकर राख हो गए. रात्रि में कुछ लोगों ने दुकान से आगे निकलते देखा इसके बाद लोगो आगे बुझाने की काफी कोशिश की मगर आग की लपट काफी तेज रहने के कारण पांच दुकान जलाकर राख हो गया. दुकान बहेरी गांव के विजय चौधरी, अनिल चौधरी, उमेश चौधरी, सुरेश चौधरी एवं मसोमत फूल कुमारी का है. दुकान में रखें लाखों का सामान जल कर राख हो गया. दुकान में आग लग जाने से दुकानदारों के स्थित काफी भारी समस्या उत्पन्न हो गई है. इन लोगों के द्वारा अंचल कार्यालय एवं थाना में क्षतिपूर्ति को लेकर आवेदन देने की बात कही है.

## धूमधाम से मनायी दीपावली

संवाददाता। दारू

पूरे प्रखंड क्षेत्र में दीपावली धूमधाम से मनाया गया. दीपों के इस त्योहार पर युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की. घरों में दीप जलाकर पर्व को मनाया गया. पूरा क्षेत्र रोशनी से नहाया हुआ था. लोगों ने अपने घरों को दुल्हन की तरफ सजाये थे. शाम के समय मां लक्ष्मी व श्री गणेश का पूजन कर पर्व मनाया. देर रात तक युवाओं ने पर्व पर जमकर आतिशबाजी की. वहीं सुबह से ही दुकानों पर मिठाइयों की जमकर खरीदारी की गई. बाजारों में पर्व को लेकर भारी भीड़ रही. सड़को पर ज्यादा भीड़ होने के कारण जाम की स्थिति बनी रही.हालांकि पुलिस भी पर्व को लेकर सतर्क नजर आई. पर्व को लेकर मेन बाजार, दारू, टाटीझरिया झुमरा बाजार, सहित बाजारो में भारी भीड़ देखने को मिली। इसके साथ-साथ लोगों में उत्साह सा दिखाई दिया. रविवार को दीपावली का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया गया.सभी लोगों में शाम को माता लक्ष्मी व गणेश की पूजा अर्चना की। लोगों ने आतिशबाजी का खूब मजा लिया.बच्चे, महिलाओं व पुरूषों ने खूब पटाखे फोड़े. लोगों ने परिवार के साथ मिलकर खूब मस्ती की और त्योहार का लुत्फ उठाया.




## क्लासिफाइड














### तहरीक -ए- बेदारी व इस्लाह-ए- मुआशरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन

# मुस्लिम सेफ्टी एक्ट बने: बलियावी

संवाददाता । हजारीबाग

एदार-ए-शरिया के तत्वावधान में हजारीबाग शहर के जिला स्कूल मैदान में तहरीक -ए- बेदारी व इस्लाह-ए- मुआशरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन सोमवार को किया गया. जिस में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद सह एदार-ए-शरिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना गुलाम रसूल बलियावी शरीक हुए. कॉन्फ्रेंस में बतौर विशिष्ट अतिथि हुजुर मुफ्ती समसुद्दीन रजवी बहराईच एवं एदार-ए-शरिया झारखंड के नाजिम -ए- आला मौलाना कुतुबुद्दिन रिजवी शरीक हुए. साथ ही इस इंकलाबी और ऐतिहासिक कॉन्फ्रेंस में लगभग 500 ओलमा -ए- कराम हजारीबाग जिला व अन्य जिले से शामिल हुए.तहरीक -ए-बेदारी व इस्लाह-ए- मुआशरा कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मेंबर ऑफ़ पार्लियामेंट सह एदार-ए-शरिया पटना के सदर गुलाम रसूल बल्यावी ने संबोधित करते हुए कहा कि नामुस -ए- रिसालत (नबी की इज्जत) और अपने कौम व मिल्लत की इस्लाह और तालिमी बेदारी को लेकर इस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है. जिसका सिर्फ एक ही मकसद है कि अब हमें अपने हक और अधिकार की लड़ाई के लिए आगे आना होगा. उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि आदिवासी एक्ट व दलित एक्ट की तरह मुस्लिम सेफ्टी एक्ट बने, नामुस -ए- रिसालत (नबी की इज्ज़त) के खिलाफ बयान बाजी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानून बनाया जाए. आज इस कांफ्रेंस के माध्यम से हम अपनी मांग हुकूमत के सामने रख रहे हैं.एदार-ए-शरिया झारखंड के नाजिम -ए- आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने दहेज प्रथा को लेकर गहरी चिंता जतायी.

**खास बातें**
- निकाह में फिजूल खर्ची बंद की जाए : मौ कुतुबुद्दीन
- कांफ्रेंस में लगभग 500 ओलमा - ए- कराम हुए शामिल

# दुकान के गोदाम में लगी आग

संवाददाता। कोडरमा

झुमरी तिलैया शहर के प्रसिद्ध इलेक्ट्रॉनिक दुकान रिद्धि सिद्धि के गोदाम में आग लग गई, जो राम लखन सिंह कॉलेज रोड, शिव मंदिर कॉलोनी में है . दीपावली की संध्या लगभग 7:30 बजे पटाखे से गोदाम में आग लग गई, जिसमें लाखों का सामान भरा हुआ था.गोदाम में रविवार शाम 7:00 बजे तक स्टाफ थे, स्टाफ के जाने के बाद गली में बच्चों के द्वारा पटाखा छोड़ा जा रहा था. उस पटाखे की चिंगारी गोदाम के गेट के नीचे घुस गई. जिसके कारण वहां रखे सामग्री में आग लग गई. इलेक्ट्रिकल सामान के साथ-साथ वहां बैटरी भी रखा हुआ था. जिसमें भी आग पकड़ लिया. बैटरी के ब्लास्ट से बहुत ज्यादा आग फैल गया. आग को कोडरमा रेलवे स्टेशन मास्टर के द्वारा देखा गया, उन्होंने गोदाम के सामने वाले घर को खबर किया गया. घर वालों ने गोदाम मालिक को टेलिफोनिक सूचना दी, आनन-फानन में दुकान मालिक गोदाम पहुंचे.

गोदाम का गेट आग के कारण लगभग जल गया था. जिससे गेट खोलना बहुत मुश्किल हो रहा था, किसी तरह गेट को खोला गया, जिसमें दुकान मालिक का हाथ एवं उनके बेटे का भी हाथ जल गया. गोदाम को खोलने पर वहां रखे फायर बुझाने वाले सामग्री से बड़ी मुश्किल से घंटे भर में आग पर काबू पाया गया, तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था. बाद में फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, तब तक ग्रामीण एवं दुकान के स्टाफ एवं मलिक के द्वारा गोदाम में लगे आग पर काबू पा लिया गया था. दुकान के मालिक रितेश दुग्गर, हेमंत दुग्गर से पूछने पर उन्होंने बताया की दिवाली के शाम 7:00 बजे तक स्टाफ मौजूद थे, स्टाफ गोदाम को बंद करके चले गए. धनतेरस– दिवाली के लिए दुकान में लगाए हुए सामानों को जल्दबाजी में गोदाम के गेट के करीब ही रखा गया था, उसी में आग पकड़ ली . आग किस कारण पकड़ा यह कहना मुश्किल है, कारण की गोदाम में बिजली की सुविधा नहीं है.

**खास बातें**
- लाखों रुपये के इलेक्ट्रॉनिक समान जलकर खाक
- आग बुझाने के दौरान दुकान मालिक का हाथ भी जल गया

**समस्या** स्वास्थ कार्ड नहीं देने पर नही दी आपातकालीन सेवा

# मरीज की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता। रामगढ़

केंद्रीय चिकित्सालय नया नगर बरकाकाना में तैनात स्वास्थ कर्मी के तानाशाही रवैया के कारण सीसीएल के सिविल विभाग में कार्यरत कर्मी मजहर हुसैन को आपातकालीन स्वास्थ सेवा नहीं मिलने के कारण मौत हो गई. वहीं मौत की खबर सुनकर परीजनों ने जमकर हंगामा किया. मृतक के पुत्र कमरुद्दीन अंसारी द्वारा बताया गया कि इनके पिता गंभीर बीमारी से ग्रसित थे. जिनका लगातार डायलिसिस बरकाकाना क्षेत्र से किसी अस्पताल पर हो रहा था.

सोमवार की सुबह अचानक अधिक तबीयत खराब हो जाने के कारण केंद्रीय चिकित्सालय बरकाकाना लाया गया. जहां ड्यूटी में तैनात नर्स ने तत्काल आपातकालीन सेवा देने से इंकार कर दिया गया, बाद में बेहतर इलाज के लिए नईसराय जाने के लिए एम्बुलेंस सेवा की मांग किए जाने पर ड्यूटी में तैनात नर्स सीसीएल द्वारा निर्गत किया गया. स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने की बात कही. जिस पर मृतक के परिजनों द्वारा नर्स से घंटों गुहार लगाते रहा की आप आपातकालीन सेवा उपलब्ध करा दे. इसके बाद सीसीएल द्वारा जारी स्वस्थ कार्ड लाकर दे दिया जाएगा.

लेकिन ड्यूटी में तैनात नर्स पर इसका किसी भी तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ा. पीड़ित के परिजन ने बताया कि अस्पताल में इमरजेंसी मरीज आने की सूचना अपने चिकित्सकों को भी नहीं दी . जबकि मरीज आपातकालीन सेवा के लिए घंटों तड़पता रहा.

जिसके बाद परिजनों को घंटों मशक्कत के बाद मरीज को लेकर नई सराय अस्पताल ले जाने लगा. जहां रास्ते में ही मरीज की मौत हो गई. जिसपर सीसीएल अस्पताल में विरोध प्रकट किया .



**खास बातें**
- परिजनों का आरोप, नर्स की लापरवाही के हुई मौत
- चिकित्सक तक को नहीं दी गयी गंभीर मरीज के आने की सूचना

# भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में खुशहाली आती है : अनूप

संवाददाता। रामगढ़

श्री श्री काली पूजा समिति के तत्वावधान में भदानीनगर के कोल कंपनी में काली पूजा के दूसरे दिन सोमवार को भव्य भंडारा का आयोजन हुआ. भंडारा का शुभारंभ भाजपा भदानीनगर मंडल के उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर ने भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण कर किया. मौके पर अनूप ठाकुर ने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है, इसलिए श्रद्धालु भक्तों को हर हाल में प्रसाद ग्रहण करना चाहिए.

उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में सुख समृद्धि का आगमन होता है, साथी क्षेत्र में हरियाली खुशहाली आती है. श्री ठाकुर ने मां काली की समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की. भंडारा को सफल बनाने में पूजा समिति के जहोरन करमाली, विजेंद्र बेदिया, अमित कुमार करनाली, दीपक करमाली, रवि, आनंद, सुनील, अनिल बेदिया, आकाश करमाली, सुरज, सुनील क्षेत्री, अनुप क्षेत्री , अजय, विशल, सनी, अमित आदि का विशेष योगदान रहा.

**खास बातें**
- कोल कंपनी में भव्य भंडारा का हुआ आयोजन
- सैकड़ो श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

## रिम्स ओपीडी

**सुबह 9 से दोपहर 1 और शाम 3 से 5 बजे तक**

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **मेडिसिन:** डॉ सीबी शर्मा
- **सर्जरी:** डॉ विनय प्रताप
- **ऑर्थोपेडिक:** डॉ जीके गुप्ता
- **न्यूरोसर्जरी:** डॉ आनंद प्रकाश
- **टीबी एवं चेस्ट:** डॉ ब्रजेश मिश्रा
- **ईएनटी:** डॉ संदीप कुमार(पहली पाली), डॉ बिनोद कुमार सिन्हा (दूसरी पाली)
- **नेत्र:** डॉ राहुल कुमार
- **सायकेट्री:** डॉ अजय बाखला
- **सीटीवीएस:** डॉ विनीत महाजन
- **कार्डियोलॉजी:** डॉ हेमंत नारायण
- **नेफ्रोलॉजी:** डॉ प्रज्ञा पंत

## सदर अस्पताल हजारीबाग

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **मेडिसिन :** डॉ. हिमांशु कुमार
- **इएनटी :** डॉ. राखी कुमारी
- **डेंटल :** डॉ. धनंजय राठौड़

**ट्रामा सेंटर : सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक**

- **सर्जन :** डॉ. विवेक कुमार
- **मेडिसिन :** डॉ. रेफॉर्ड

**अपराह्न 2 बजे से रात 10 बजे तक**

- **हड्डी रोग :** डॉ. मयंक
- **मेडिसिन :** डॉ. आरके सिंह

**रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक**

- **ऑर्थो विभाग :** डॉ. बालकृष्ण
- **मेडिसिन :** डॉ. अहमद

## हजारीबाग का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 14 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 28 डिग्री सेल्सियस

## ब्रीफ खबरें

### दिवाली की रात मणप्पुरम ऑफिस में चोरी का प्रयास

**हजारीबाग।** जिले के लोहसिंगना थाना क्षेत्र पेपर हाउस स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन कार्यालय में अज्ञात अपराधियों के द्वारा दिवाली की रात चोरी करने का प्रयास किया है. इस संबंध में ऑफिस मैनेजर अजय कुमार चौधरी ने बताया कि दिवाली की रात अज्ञात अपराधियों ने शटर काटकर चोरी का प्रयास किया. सोमवार को जब ऑफिस खुला तो शटर कटा देखकर लोहसिंगना थाना को सूचित किया गया. हालांकि बड़ी चोरी होने से बच गया है, कार्यालय में सीसी टीवी भी लगा है.

### छह जुआरियों को भेजा गया जेल

**झुमरी तिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत छह जुआरियों को देवी मंडप रोड से पकड़ा गया है. तिलैया थाना प्रभारी बिनोद कुमार को गुप्त सूचना मिली थी की देवी मंडप रोड में जुआ का खेल चल रहा है. उसके बाद थाना प्रभारी, तिलैया पुलिस और पैंथर के जवानों ने पहुंच कर सभी को धर दबोचा. जुआरियों के पास से पैसा और ताश के पत्ते बरामद किया गया है. वहीं पकड़े गए जुआरियों में अनीश सिंह,प्रिंस कुमार,रोशन कुमार, सोनू कुमार,राहुल सिंह और राजन कुमार शामिल है. सभी जुआरियों को गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया गया है.

### चौपारण में बिका गया 30 लाख के पटाखे

**चौपारण।** प्रखंड में दीपावली के मौके पर लगभग 30 लाख से ऊपर के पटाखे बिकने का अनुमान है. लोगों ने दीपावली के रात रविवार को जमकर आतिशबाजी किया. देर शाम तक प्रखण्ड के सैकड़ों दुकानों में पटाखे की बिक्री होती रही. जबकि सूत्रों के अनुसार एक भी पटाखे का दुकान में लाइसेंस नहीं है. दीपावली के दिन देर शाम तक लोगों ने पटाखे फोड़े. जो देर रात तक जारी रहा और आस्था का महापर्व छठ पूजा तक चलता ही रहेगा. प्रखण्ड के दर्जनों ऐसे दुकानदार हैं. जिन्होंने लाखों में पटाखों की बिक्री की बात बताई. इसी तरह से प्रखण्ड के चौपारण, चतरा मोड़, चैती मोड़, पांडेयबारा, सिंघरावा, महराजगंज, बसरिया, रामपुर, बारा चौक, दैहर, दनुआ सहित अन्य सैकड़ों चौक चौराहों पर स्तिथ दुकानों में भी पटाखों की अच्छी बिक्री हुई.

### उर्स - मेला में पूरे शान व शौकत के साथ होगा कव्वाली का आयोजन, 51 सदस्यीय टीम गठित

# हजरत दाता मदारा शाह के मजार पर 3 दिन लगेगा मेला

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजरत दाता मदारा शाह रहमतुल्लाह अलैहे का सालाना उर्स मुबारक नवाबगंज हजारीबाग स्थित मजार शरीफ में 366 वां उर्स का तीन दिवसीय कार्यक्रम आगामी 27, 28 और 29 नवम्बर को होगा. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक तकिया मजार प्रबंधक कमेटी के सरपस्त तैयब अंसारी की अध्यक्षता में हुई.

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उर्स के सफल आयोजन के लिए 51 सदस्यीय टीम अपना अहम योगदान देंगे. शानदार कव्वाली का मुकाबला मनूवर ताज (गया) बिहार और



हज़रत शाह बाबा मज़ार.

कमर वारसी लखनऊ उत्तर प्रदेश और उन दोनों के टीम के बीच 28 और 29 नवंबर को होगा. पूरा मजार परिसर सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में होगा चंदा और रसीद जो जमा हो रहा है. इसका एक

**खास बातें**

- 27, 28 और 29 नवंबर को लगेगा सालाना उर्स मेला
- दुकानों के लिए एक हजार रुपये किराया हुआ तय
- पूरे मजार परिसर की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी

जॉइंट खाता होगा. जो लोग दुकान लेंगे उनके लिए न्यूनतम एक हजार रुपया निश्चित किया गया और छोटे दुकान के लिए पांच सौ रुपया न्यूनतम रखा गया है . मैनेजिंग कमेटी की ओर से मेडिकल की सुविधा उपलब्ध होगी. मेले की निगरानी के लिए सिविल ड्रेस में वालंटियर और प्रशासन के लोग मौजूद रहेंगे. कव्वाली कार्यक्रम के बाद मजार शरीफ का पुनर्निर्माण भी किया जाएगा. बैठक में मकसूद खान, शकील बिहारी, मो. मुजफ्फर हुसैन, मो. तसलीम, मो. शाहिद कमल कुरैशी, साजिद अली खान, बबलू अंसारी, परवेज आलम, जावेद इकबाल, गुड्डू कुरैशी उर्फ जमाल, रिंकू खान, इजहार उल हक, मो. ग़ालिब, निसार अहमद, खलील अंसारी, रॉकी उर्फ बजाज, मो. कमरुद्दीन, मो. जबार, मो. हकीम, इसराइल खान, सरफराज खान, मो. लकी शामिल थे.

## प्रॉपर्टी बाजार

- **लोकेशन- लोहसिंगना शिवपुरी (हजारीबाग)**

| | |
|---|---|
| **स्थल:** | मेन बाजार |
| **जमीन की कीमत :** | छह से सात लाख रुपए प्रति डिसमिल |
| **बस स्टैंड से दूरी :** | तीन किलोमीटर |
| **रेलवे स्टेशन से दूरी :** | तीन किलोमीटरर |
| **आवागमन का साधन :** | कार, ऑटो, बाइक आदि |
| **आसपास के स्कूल :** | बिहारी गर्ल्स हाई स्कूल, बालकृष्णा स्कूल, नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल शिवपुरी चौक, झंडा चौक, पैगोडा चौक |
| **पास के बाजार :** | मेन रोड, बटम बजार |

## घूमें-फिरें

- **स्थल का नाम : जिला परिषद पार्क**

| | |
|---|---|
| **शहर में कहां है :** | डिस्ट्रिक्ट चौक से आधा किमी दूर |
| **कैसे पहुंचेंगे :** | डिस्ट्रिक्ट चौक से डीवीसी चौक के रास्ते एनएच-33 के किनारे |
| **पहुंचने का साधन :** | बाइक, कार, बस या ऑटो से |
| **पहुंचने का रूट क्या है :** | डिस्ट्रिक्ट चौक से डीवीसी चौक के बीच |
| **क्या-क्या है खास:** | फ्लोटिंग रेस्टूरेंट, सेल्फी प्वाइंट और पार्क, बच्चों के लिए झूला जंपिंग पेटफार्म |



### कोडरमा में आयोजित हुआ एनसीएससी का 31वां संस्करण

# ग्रिजली विद्यालय की छात्राओं का एनसीएससी में शानदार प्रदर्शन

**संवाददाता। कोडरमा**

ग्रिज़ली विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (एनसीएससी) में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है. कोडरमा में आयोजित राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (एनसीएससी) के 31वां संस्करण में ग्रिजली विद्यालय के उभरते छात्र वैज्ञानिकों ने अपनी वैज्ञानिक क्षमता का प्रदर्शन कर अमिट छाप छोड़ी.

अपने मेंटर कुणाल अम्बष्ठा के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय की दो प्रतिभाशाली छात्रा कक्षा नवमी की साक्षी कुमारी एवं शुभांगी ने अपनी असाधारण वैज्ञानिक परियोजनाओं से तथा अपने नवीन विचारों से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए रांची में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर लिया है. उनकी परियोजनाओं ने न केवल वैज्ञानिक कौशल का प्रदर्शन किया बल्कि वास्तविक दुनिया की चुनौतियों की गहरी समझ भी प्रदर्शित की. इसके अतिरिक्त दोनों छात्राओं को प्रतिष्ठित विद्या सिन्हा मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया. यह विशेष सम्मान छात्रों के समर्पण, रचनात्मकता और उनकी परियोजनाओं के प्रभाव को स्वीकार



ग्रिज़ली विद्यालय की छात्राओं का राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (एनसीएससी) में रहा शानदार प्रदर्शन.

**खास बातें**

- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई
- दोनों छात्राओं को प्रतिष्ठित विद्या सिन्हा मेमोरियल अवार्ड

करते हुए 1100/- के नकद पुरस्कार के साथ आता है. गौरतलब हो की राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस भारत में एक राष्ट्रव्यापी विज्ञान संचार कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करना है. यह छात्रों को अपनी वैज्ञानिक परियोजनाओं और नवाचारों को प्रदर्शित करने, पूछताछ और आलोचनात्मक सोच की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करता है.

इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने दोनों छात्राओं तथा उनके मेंटर कुणाल अम्बास्ता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. छात्राओं की इस उपलब्धि पर तथा प्राप्त इस सम्मान से ग्रिज़ली विद्यालय के निदेशकद्वय मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, उप प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अमित दास सहित पुरे विद्यालय परिवार ने साक्षी कुमारी और शुभांगी तथा उनके मेंटर कुणाल अम्बष्ठा को राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**दारू।** दारू थानान्तर्गत तिउज - चोरिया के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूली छात्र की मौत हो गई. मृतक बच्चा शायन कुमार सिंह पिता राकेश कुमार सिंह (13) तिउज का निवासी था. लोगों ने बताया कि बच्चा अपना घर से साईकिल से आ रहा था. इसी दौरान पुनाई तरफ से आ रही वाहन जो इचाक की तरफ जा रही थी . इसी बीच तिउज -चोरिया के पास वाहन की चपेट में आ गया और घटना स्थल पर ही मौत हो गई. वहीं चालक गाडी लेकर फरार हो गए. कई लोगों का कहना है की जिस गाडी से बच्चे की मौत हुई, वह स्कार्पियो था. घटना की जानकारी लोगों ने दारू पुलिस को दिया.

### विधायक डॉ नीरा यादव ने किया नाली का उद्घाटन

**कोडरमा।** नगर पंचायत कोडरमा के वार्ड नं एक छोटकी बागी में विधायक डॉ नीरा यादव ने नाली का उद्घाटन किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह के नाली का निर्माण होने से लोगों को सहूलियत मिलती है। ज्ञात हो कि नाली का निर्माण रामरेणु सिंह के घर से साधु यादव के घर तक किया जा रहा है। इस मौके पर जयप्रकाश राम, नवल किशोर सिंह, गोपाल सिंह, वार्ड पार्षद निवर्तमान सचिन कुमार, सूरज यादव, राजेश यादव, नरेंद्र पाल, संजीव यादव, विनोद यादव, सुरेश राम व अन्य उपस्थित थे।

## खान-पान

**रेस्टूरेंट का नाम : संजय ढाबा**

| | |
|---|---|
| **स्थल:** | झुमरी तिलैया शहर के ज्वाहर टॉकीज गोरहर, बरकट्ठा (हजारीबाग) |
| **किस स्थान पर है :** | जीटी रोड जतवा बाबा पहाड़ के समीप |
| **नाश्ते में क्या :** | आमलेट, आलू पराठा, दाल तड़का, तवा रोटी, चिकेन मसाला |
| **दिन का भोजन में क्या :** | वेज थाली, चावल, पराठा, चिकन, आलू दम |
| **रात के भोजन में क्या :** | रोटी दाल, सब्जी, पनीर, वेज स्पेशल थाली, चिकन आइटम |
| **खास क्या है :** | चिकन मसाला, चावल, दाल तड़का, रोटी |
| **वेज या नॉनवेज :** | दोनों |
| **चाइनीज आइटम :** | नहीं |
| **पार्सल की व्यवस्था है:** | नहीं |
| **होम डिलिवरी देते हैं :** | नहीं |

- संचालक **संजय सिंह** कहते हैं कि ढाबा में साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था के साथ ग्राहकों को पसंदीदा वातावरण में नाश्ता एवं भोजन कराना उनकी पहली प्राथमिकता है.

# बच्चों ने अनोखे तरीके से मनायी दिवाली

**संवाददाता। कोडरमा**

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा संचालित बाल मित्र ग्रामों में बाल पंचायत के बच्चों ने इस बार अनोखे तरीके से दिवाली मनाया . इस अवसर पर उन्होंने बाल विवाह से आज़ादी और महिलाओं बच्चों की सुरक्षा व सुरक्षित पर्यावरण के लिए सन्देश को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया. "आओ एक दिया जलाएं, बाल विवाह से आज़ादी एवं बच्चों - महिलाओं की सुरक्षा के नाम", "सुरक्षित बचपन सुरक्षित पर्यावरण", "दीप जलाकर दिवाली मनाएं, पटाखे जला कर नहीं" आदि स्लोगन्स बैनर्स और चार्ट पेपर पर लिख कर बच्चों ने ग्रामीणों को जागरूक किया. इस दौरान बाल मित्र ग्राम बिशनपुर के बाल पंचायत के मुखिया कुमकुम कुमारी ने अपील



करते हुए कहा कि "हम सभी को पटाखों का बहिष्कार करना चाहिए क्योंकि पटाखे बनाने में अवैध रूप से बच्चों से बाल श्रम कराया जाता है. जिससे उनके स्वास्थ्य एवं जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है. बाल मित्र ग्राम बेंदी के समाजसेवी राजेश सिंह ने कहा कि "इस अवसर पर हम सभी को मिलकर बच्चों के जीवन को अंधकारमय करने वाले बाल विवाह, बाल मजदूरी एवं बाल व्यापार जैसे अपराधों को समाप्त करने का संकल्प

**खास बातें**

- बाल विवाह से आजादी के नाम बच्चों ने जलाया दीया
- मुखिया ने की पटाखों का बहिष्कार करने की अपील

लेना होगा. दीपावली के दिन भी लक्ष्मी माता की हर घर में पूजा होती है. लेकिन आश्चर्य की बात है कि घर कि लक्ष्मियो लड़कियों और महिलाओं के साथ बाल विवाह एवं महिला हिंसा जैसी घटनाएं समाज में बढ़ रही है.

### रामगढ़ : राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

**रामगढ़।** समाज सेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आये गरीब-जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया. इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल आदि ने भुरकुंडा व्यवसायी प्रमोद शर्मा एवं अनूप पाठक गौतम पात्रा के सहयोग से 150 महिला-पुरुषों एवं बच्चों के बीच पुरी-सब्जी एवं जलेबी का वितरण किया. साथ ही दीपावली की बधाई देते हुए आगे भी हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया. मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि पिछले आठ वर्षो से समाज के लोगो के सहयोग से भोजन वितरण का कार्य किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है. ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए.

# हजारीबाग के तैराकों ने झटके 24 मेडल

**संवाददाता। हजारीबाग**

खेलो झारखंड राज स्तरीय स्कूली तैराकी प्रतियोगिता में जिले के तैराकों ने 24 मेडल जीत कर हजारीबाग का नाम रोशन किया है. प्रतियोगिता 10 एवं 11 नवंबर को होटवार खेल गांव में आयोजित की गई थी. जिसमें झारखंड के कई जिलों के विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए.प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों के हजारीबाग आने पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्याभूषण कुमार उपस्थित हुए. सभी बच्चों को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया.

सम्मानित होने वाले तैराकों में एंजेल्स हाई स्कूल हजारीबाग के छात्र अर्चित रंजन, उनमुक्त जैन, अनय अग्रवाल, निश्चय कुमार, अक्षय कुमार,आदित्य भूषण,आयुष आदर्श दिल्ली पब्लिक स्कूल हजारीबाग के छात्र पियूष राणा, सास्वत दिवेदी, रूपम राज गुप्ता, श्रीयांशु कुमार,अमित कुमार ने 15



**खास बातें**

- एसडीओ व तैराकी संघ के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया
- प्रतियोगिता 10 एवं 11 नवंबर को होटवार खेल गांव में चला

मेडल जीता है. राज्य स्तरीय विजेता सत्यम कुमार, गौरव कुमार, कुमार नीतीश, कुमार निधीस, हर्षित कुमार को सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया.

मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में प्रतिभा रखने वाले हर खिलाड़ियों के साथ हम सभी खड़े हैं.

समाजसेवी सह तैराकी संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि बच्चों ने मेडल जीत कर अपने शहर हजारीबाग का नाम रोशन किया है. इन सभी पर हजारीबाग वासियों को गर्व है. वाले दिनों में राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर हजारीबाग का नाम रोशन करेंगे.

मौके पर तैराकी संघ के सचिव प्रहलाद सिंह, सह सचिव मनु कुमार राना, मयंक ,जया सिंह,कोच कौशल कुमार एवं गौरव कुमार,जया सहाय, रवि सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

**आस्था** | श्मशान में मां काली के दर्शन के लिए उमड़ी आस्थावानों की भारी भीड़

# धूमधाम से हुई मां श्मशान काली की पूजा, पाया प्रसाद

**संवाददाता। हजारीबाग**

जिले में काली पूजा की रात श्मशान काली मंदिर में भक्तों का जनसैलाब देखने को मिला. हजारों हजार की संख्या में भक्त मां काली का दर्शन करने के लिए पहुंचे थे. श्मशान परिसर में मंदिर होने के बावजूद भक्तों की कमी इस मंदिर में नहीं है. दीपावली के दिन लोग अपने घरों में दीप जलते हैं और उसके बाद दर्शन करने के लिए श्मशान काली पहुंचते हैं. रात्रि 8:00 बजे से विशेष पूजा अर्चना शुरू की गई और रात के 1:05 पर बली दिया गया. इस दौरान पूरा मंदिर भक्तों से भरा हुआ था. भूतनाथ मंडली काली पूजा का आयोजन करते हैं. बताया जाता है कि 50 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया.



**खास बातें**

- सिद्धि के लिए जाना जाता है श्मशान काली मंदिर
- रात्रि 8 :00 बजे से विशेष पूजा अर्चना शुरू हुई

### दूर-दूर से पहुंचते हैं भक्त : मनोज गुप्ता

भूतनाथ मंडली के अध्यक्ष मनोज गुप्ता बताते हैं कि यह मंदिर मुराद पूरी करने वाली माता का स्थान है. जहां सालों भर लोग पूजा करने के लिए पहुंचते हैं.

### श्मशान काली सिद्धि देने वाली देवी : कार्तिक

अमावस्या की रात सिद्धि की रात होती है. हजारीबाग में कार्तिक अमावस्या के दिन विशेष पूजा होती है. मंदिर का पिछला हिस्सा श्मशान है. यहां दूरदराज से तांत्रिक सिद्धि करने के लिए भी साधक पहुंचते हैं. भूतनाथ मंडली के सदस्य बताते हैं कि अगर कोई साधक पहुंचता है तो हम उसे परेशान भी नहीं करते हैं. वे चुपचाप आते हैं साधना करते हैं और फिर मंदिर से निकल जाते हैं. क्योंकि यह सिद्ध स्थल है इसलिए मंदिर भी खास है. मंदिर तंत्र पीठ है. पंच मुंडी आसन गर्भ गृह के अंदर है. मंदिर की खास बात यह है कि श्मशान परिसर के अंदर भी एक भूमिगत मंदिर है जहां विशेष पूजा की जाती है. भूमिगत मंदिर के अंदर सामान्य लोगों का जाना वर्जित है. मंदिर के पुजारी और तंत्र सिद्धि करने वाले व्यक्ति ही यहां प्रवेश करते हैं. पुजारी उन भक्तों को भूमिगत मंदिर में ले जाते हैं जो नियम का पालन करते हैं. जबकि महिलाओं का मंदिर में प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित है. अमावस्या की रात इस मंदिर का कपाट आम भक्तों के लिए खोला जाता है. मंदिर के साधक की उपस्थिति में भक्तों ने मां का दर्शन किया. कई सालों पहले महान तांत्रिक इलाइचिया बाबा ने श्मशान काली मंदिर की स्थापना की थी.

### बच्चों के बीच मिठाई और पटाखा बांटकर मनाया पर्व

# दो उत्साही युवकों ने बच्चों संग बांटी दीपावली की खुशियां

**संवाददाता। हजारीबाग**

दीपावली खुशियों का त्योहार है और यह बांटने से और बढ़ता है. समाज में बहुत ऐसे लोग हैं जो गरीबी के कारण दीपावली नहीं ले पाते. ऐसे में हजारीबाग के दो युवक रंजन चौधरी और सुनील कुमार ने सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले बच्चों के साथ दीपावली का आनंद लिया. दोनों युवकों ने बच्चों को तोहफे दिये. रंजन चौधरी और सुनील कुमार ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड के आदिवासी बहुल्य फुफंदी गांव पहुंचे. दीपावली के अवसर पर पर जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखरने की कोशिश की.



**जरूरतमंदों के लिए बढ़ाएं मदद की हाथ :** रंजन चौधरी ने बताया कि उनके पहुंचने से ही मासूम बच्चों के चेहरे खिल गये. बच्चे हमारी ओर आशा भरी निगाहों से देखने लगे. जब बच्चे पास आये तो दीपावली के त्योहार के महत्व बताया और उन्हें दीपावली के मौके पर मिठाई, पटाखे और अन्य सामान दिया. उन्होंने कहा कि इन बच्चों के बीच जाकर बड़ा ही आत्मीय सुकून मिला. गांव के बच्चे मिठाई और पटाखे पाकर खुश हुए और उनके चेहरे खिल उठे.

## आतिशबाजी ने की धनबाद की आबोहवा खराब, पटाखों ने वायु प्रदूषण को खतरनाक स्तर पर पहुंचाया


# मरीजों, बच्चों व बुजुर्गों को कुछ दिन संभल कर रहने की जरूरत

**संवाददता। धनबाद**

दीपावली के दिन शहर में पटाखों की गूंज ने ध्वनि प्रदूषण के साथ वायु प्रदूषण को भी खतरनाक स्तर पर पहुंचा दिया है. माइंस की वजह से पहले से ही प्रदूषण की मार झेल रहे जिलेवासियों के लिए अगले कुछ दिन दुष्कर साबित होने वाले हैं. स्थिति सामान्य होने तक मरीजों, बच्चों और बुजुर्गों को सतर्क रहने की जरूरत है.

12 नवंबर को दीपावली की रात आतिशबाजी के कारण शहर के मुख्य इलाकों में शामिल हीरापुर, बैंक मोड़, बरटांड, सरायढेला सहित कोलियरी इलाकों में ध्वनि प्रदूषण बढ़कर 105 डेसिबल तक पहुंच गया. वहीं वायु प्रदूषण भी सामान्य से दोगुने अधिक खतरनाक स्तर 200 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के ऊपर पहुंच गया.





### गाइडलाइन की अनदेखी, देर रात तक जमकर हुई आतिशबाजी

जिलेवासियों ने आतिशबाजी के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) के द्वारा जारी गाइडलाइन को नजरअंदाज किया. तय समय सीमा (रात के आठ से दस बजे तक) से अधिक समय तक आतिशबाजी होती रही. शहर के कई इलाकों में शाम के चार-पांच बजे से रात भर आतिशबाजी की गूंज सुनाई देती रही.

### रात को 45 डेसिबल होनी चाहिए ध्वनि की तीव्रता

तय मानक के अनुसार ध्वनि की तीव्रता दिन के समय में 55 डेसीबल जबकि रात के समय में 45 डेसीबल से कम होनी चाहिए. कल-कारखानों, माइंस, वाहनों इत्यादि के शोर से कोयलांचल में ध्वनि की तीव्रता आम दिनों में सामान्यत: 70-75 डेसीबल रिकॉर्ड की जाती है. दीपावली की रात इनकी तीव्रता 30 से 35 डेसिबल अधिक रही. जो स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से दिल की बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए घातक रही.

### हवा में प्रदूषक तत्व पीएम 2.5 और पीएम 10 की बढ़ी मात्रा

बारूद के धुएं ने जिले के एयर क्वालिटी इंडेक्स (केक्यूआई) को बिगाड़ दिया है. नगर निगम कार्यालय के समीप नगर निगम के द्वारा लगाए गए कंटीन्यूअस एंबिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन के डिस्प्ले बोर्ड के अनुसार जिले के लगभग सभी इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर न्यूनतम मानक से दो गुना अधिक रहा. इसमें पीएम 10 का स्तर 215-220 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर और पीएम 2.5 का स्तर 175-180 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर दर्ज किया गया.

**आओ जानें**

### भारत के टॉप 10 सबसे प्रदूषित शहर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 99.7 | 6. | नोएडा | 80.4 |
| 2. | फरीदाबाद | 95.6 | 7. | मेरठ | 77.7 |
| 3. | गाजियाबाद | 91.3 | 8. | गोबिंदगढ़ | 72.4 |
| 4. | पटना | 90.9 | 9. | गया | 70.8 |
| 5. | मुजफ्फरपुर | 86.9 | 10. | जोधपुर | 69.3 |



### ब्रीफ खबरें

#### घर में लगी आग, दो लाख की संपत्ति खाक

**पलामू।** जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के सजवन गांव में रविवार देर रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से देवेंद्र कुमार मेहता के घर में अचानक आग लग गई, जिससे घर से बाहर खड़ी डिस्कवर बाइक के अलावा घर में रखे बर्तन, वस्त्र, अनाज सहित सारे सामान जलकर खाक हो गए. इस घटना में करीब दो लाख रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट होने का अनुमान लगाया गया है. घटना के एक घंटे बाद खरगड़ा के पूर्व मुखिया जितेन्द्र कुमार सहयोगी अजित विश्वकर्मा, वीरेंद्र मेहता, सुरेश मेहता, विपिन मेहता सहित अन्य पहुंचे.

#### 14 को ऊर्जा मेला, बिल की समस्या का होगा निपटारा

**लातेहार।** बिजली संबंधी समस्याओं के निष्पादन के लिए ऊर्जा मेला का आयोजन 14 नवंबर को किया जायेगा. यह मेला विद्युत शक्ति उपकेंद्र, रेहरा में आयोजित किया गया है. इस आशय की जानकारी कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि ऊर्जा मेले में बिजली बिल समेत अन्य समस्याओं का समाधान किया जायेगा. उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से मेले का लाभ उठाने की अपील की. कहा कि बकाया बिजली बिल का भुगतान कर उपभोक्ता बिजली कनेक्शन कटने की कार्रवाई से बच सकते हैं.

#### रिम्स में कैंसर की दवा मोरफिन हुई उपलब्ध

**रांची।** रिम्स के एनेस्थीसिया विभाग द्वारा संचालित पैन एंड पैलिएटिव केयर क्लीनिक में कैंसर के मरीजों की बहु प्रतीक्षित दवा मोरफिन सरकार के द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है. यह दवा कैंसर मरीजों के लिए असरदार एवं अचूक है. कैंसर विभाग के पहले तल्ले पर प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को पैन एंड पैलिएटिव ओपीडी का संचालन एनेस्थीसिया विभाग के द्वारा होता है. ओपीडी से परामर्श लेने के बाद यह दावा मरीजों को मुफ्त में मिलेगी.

#### बीडीओ ने बिरहोरों के संग मनायी दिवाली

**गावां।** बीडीओ महेंद्र रविदास और मुखिया प्रतिनिधि कांग्रेस यादव प्रखंड के बादीडीह पंचायत के कोनरबांक में बिरहोर बच्चों संग दीपावली मनाने पहुंचे. जहां उन्होंने बिरहोर बच्चों और वहां के लोगों के बीच मिठाई, मोमबत्ती और बिस्किट का वितरण किया. मौके पर उपस्थित बिरहोरों को बीडीओ ने कहा कि बिरहोरों के दिनचर्या को सुधारना एवं बिरहोरों की शिक्षा को सुधारना ही हमारा मकसद है. उन्होंने बिरहोर परिवारों से कहा कि बच्चों की साफ-सफाई पर ध्यान दें.

## 20 साल की पूंजी हो गई खाक, एक करोड़ की संपत्ति जली

# डेकोरेटर गोदाम में पटाखे की चिंगारी से लगी आग

**संवाददाता। धनबाद**

दीपावली की रात शहर के पोलिटेक्निक स्थित बारामुड़ी इलाके में शर्मा डेकोरेटर एंड कैटरर्स गोदाम में पटाखे की चिंगारी से आग लगने पर लगभग एक करोड़ की संपत्ति जलकर कर राख हो गई. जिसमें 4 हजार कुर्सी, शोफा, गद्दा, कपड़े, बर्तन, फ्रिज, बांस समेत सजावट के भारी मात्रा में सामान थे. आग लगने की खबर जब मुहल्ले के लोगों को मिली तो उनलोगों ने गेट को खोलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन गेट नहीं खुला. फिर गोदाम के मालिक गणेश शर्मा को जानकारी दी गई. उसके बाद अग्निशमन विभाग को फोन पर सूचना दी गई. खबर पाकर बारी-बारी से चार दमकल गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया गया. काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. सूत्रों के अनुसार गणेश शर्मा गोदाम में पूजा-पाठ कर दीपावली की रात घर चले गए. फिर किसी ने साढ़े दस बजे रात को सूचना दी कि गोदाम में आग लग गयी है. घरवालों ने किसी तरह धनबाद थाना और अग्निशमन विभाग को फोन किया. जबतक वे गोदाम पहुंचे, तबतक सारी संपत्ति जलकर राख हो गई. कुछ लोग शॉर्ट सर्किट से भी आग लगने की चर्चा कर रहे हैं. हालांकि मामले की जांच अग्निशमन विभाग कर रहा है.



**खास बातें**

- मुहल्ले के लोग आग पर काबू पाने में रहे असफल
- चार दमकल गाड़ियों ने काफी मशक्कत से बुझाई आग
- शॉर्ट सर्किट से आग लगने की चर्चा कर रहे हैं लोग

### एक घंटे बाद पहुंची दमकल गाड़ी

स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना लगभग दस बजे रात की है. दीपावली की रात सभी घरों में लोग पूजा-पाठ में व्यस्त थे. रोशनी और पटाखों की गूंज के कारण पता ही नहीं चला कि कब शर्मा डेकोरेटर के गोदाम में आग लग गई. बम या रॉकेट की चिंगारी कब गोदाम के भीतर पहुंच गई और भीषण आग लग गई. लोगों ने कहा कि अग्निशमन विभाग का नंबर कब बदल जाता है, किसी को पता ही नहीं चलता है. इसलिए लोगों ने दस बजे रात में पहले 100 नंबर और धनबाद थाना पुलिस को खबर कर दी. दमकल गाड़ी देर रात 11 बजे पहुंची.

### दिवाली के दिन घर में लगी आग

**डुमरी।** प्रखंड के अतकी में रविवार की रात एक घर में आग लग गयी. दमकल विभाग का वाहन पहुंचता इसके पहले ही ग्रामीणों ने काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया. इस अगलगी में लगभग 50 हजार रुपये मूल्य की क्षति बतायी जा रही है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि अतकी निवासी टेकोचंद महतो के घर में दिवाली को लेकर घर के सभी हिस्सों में दीप जलाये गये थे. इस दौरान एक दीपक की लौ से घर के कोठे में रखे पुआल में आग पकड़ लग गई. धुंआ उठता देखकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और घर वालों को खबर दी. देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी और सभी आग बुझाने का प्रयास करने लगे. ग्रामीण घर के कुंएं में मोटर लगाकर आग बुझाने में सफल रहे. इधर घटना की सूचना पाकर जिप प्रतिनिधि जिवाधन महतो, भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव, मुखिया ईश्वर हेंब्रम भी वहां पहुंचे और घटना की सूचना मधुबन पुलिस को देकर ग्रामीणों के साथ आग बुझाने का प्रयास में जुट गए. बताया जाता है कि पर्व को लेकर अनुमंडल परिसर में तैनात दमकल वाहन सूचना पर गांव की ओर प्रस्थान की, तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था. टेकोचंद महतो के पुत्र लोबिन महतो के अनुसार आग लगने से घर के छप्पर तक की लकड़ियां और घर के एक कमरे में संचालित किराना दुकान का सामान जल गया. जिसका मूल्य लगभग पचास हजार रुपये रहा होगा.

## विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की घोषणा

# 13 जिलों को 2.20 करोड़ आवंटित

**संवाददाता। रांची**

विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने रांची समेत 13 जिलों को 2.20 करोड़ आवंटित किया है. इस राशि से पुलिस बल की क्षमता का विकास, संवेदनशील अवसरों पर क्षेत्रीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश निर्गत करना, विधि-व्यवस्था की स्थिति पैदा होने की आशंका से लेकर विधि-व्यवस्था स्थिति के दौरान एवं स्थिति सामान्य होने तक पुलिस बल तैनात करना, महत्वपूर्ण पर्व-त्योहार, परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण अवसर और गंभीर विधि-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर बलों की प्रतिनियुक्ति करने का कार्य किया जायेगा.



**खास बातें**

- पुलिस की क्षमता के विकास के लिए भी होगा राशि का उपयोग
- रांची जिला को 50 लाख रुपये हुए आवंटित

### जाने किस जिले को कितनी राशि की गयी आवंटित

- रांची : 50 लाख
- खूंटी : 20 लाख
- सिमडेगा : 10 लाख
- हजारीबाग : 25 लाख
- बोकारो : 20 लाख
- धनबाद : 25 लाख
- जमशेदपुर : 20 लाख
- चाईबासा : 20 लाख
- लातेहार : 10 लाख
- गोड्डा : 05 लाख
- साहेबगंज : 05 लाख
- कोडरमा : 05 लाख
- सरायकेला : 05 लाख
- कुल : 2.20 करोड़

### दुकान के पास जलाये पटाखे, लगी आग

**धनबाद।** टुंडी थाना क्षेत्र के कोलहर मोड़ स्थित विनोद उर्फ बुधु मंडल की पटाखा दुकान में रविवार की दोपहर लगभग 12 बजे आग लग गई. इस घटना में पटाखों की आवाज से वहां भगदड़ मच गई, जिसमें एक युवती भी मामूली रूप से घायल हो गई. स्थानीय अस्पताल में उसका उपचार कराया गया. जानकारी के अनुसार, लकराखुंदी निवासी राहुल पांडेय ने दुकान से पटाखे की खरीदारी की थी लेकिन फोड़ने के क्रम में कुछ पटाखे मिस कर गए. इसको लेकर राहुल पांडे दुकानदार से कहा-सुनी करने लगा. दिखाने के लिए उसने एक पटाखा दुकान के समीप ही जला दिया, जो कुछ देर बाद ब्लास्ट कर गया.

# पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व फ्लैग मार्च, लिया जायजा



**संवाददाता। साहिबगंज**

जिले के पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम के नेतृत्व में शाम को पुलिस लाईन परिसर से फ्लैग मार्च निकाला गया. शहर के विभिन्न इलाकों में मुहल्लों फ्लैग मार्च किया गया. फ्लैग. इस दौरान विभिन्न पूजा पंडाल में पहुंचकर वहां की विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम ने कहा कि फ्लैग मार्च का मोटिव यह है कि लोग खुद को सुरक्षित महसूस करें. किसी भी हाल में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा. फ्लैग मार्च में एसडीपीओ राजेन्द्र दूबे, मेजर अजीत कुमार चौबे, नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाड़ी ओपी प्रभारी प्रणीत पटेल समेत भारी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे.

# मांगें पूरी करें सीएम, डीलरों की बंधी है आस : फूलकांत

**संवाददाता। आदित्यपुर**

झारखंड फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन की मांगों को राज्य के स्थापना दिवस 15 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरा करें. यह मांग झारखंड फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव सह संयोजक फूलकांत झा ने की है. उन्होंने बताया कि उन्हें एसोसिएशन ने अप्रैल 2023 में चाईबासा दौरे के क्रम में एक ज्ञापन सौंपा था. जिसमें कोल्हान के तीनों जिलों के राशन डीलर शामिल थे.

झारखंड फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव सह कोल्हान प्रमंडल संयोजक फुलकांत झा ने बताया कि राशन डीलर अपने लंबित मांगों को लेकर आठ वर्षों से आंदोलनरत हैं. पिछले दिनों मिलरों की मांग से झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन को भी अवगत करा चुके हैं. लंबित मांगों को लेकर जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा झारखंड फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के बैनर तले आंदोलन किया जा रहा है. प्रथम चरण में राज्य के सभी जविप्र के दुकानदारों ने फरवरी में सात दिनों तक हड़ताल किया था लेकिन अब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं सुन रही है. इस आंदोलन से पांच लाख दुकानदार जुड़े हैं.

उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के बैनर तले देश के कुल पांच लाख 34 हजार जनवि प्रणाली दुकानदार और महिला स्वयं सहायता समूह ग्रुप के सदस्य प्रभावित हैं. उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत संचालित करने वाले करीब 5 लाख दुकानदार भुखमरी के कगार पर आ गए हैं. उनके योगदान व महत्व को सभी ने कोरोना काल में समझा. हमारी मांग राष्ट्रीय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक वर्ष 2016 से लंबित है.

### सिग्नल जंप मामले में स्टेशन मास्टर सस्पेंड

**जमशेदपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के आदित्यपुर यार्ड में मालगाड़ी द्वारा सिग्नल जंप करने के मामले में जांच शुरु हो गई है. साथ ही आदित्यपुर स्टेशन मास्टर को सस्पेंड कर दिया गया है. स्टेशन मास्टर का आरोप है कि उन्होंने सिग्नल जंप करने की जानकारी मुख्यालय को नहीं दी और मामले में लीपा-पोती की. इधर, सिग्नल तोड़ने के मामले में सुपरवाइजर की टीम रिले रूम के डाटा लांगर के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि मालगाड़ी के लोको पायलट द्वारा सिग्नल पार करने का कारण स्पष्ट हो सके. घटना 6 नवंबर तड़के 4 बजे की है. मालगाड़ी सिग्नल जंप कर 500 मीटर आगे तक बढ़ गई थी. मामला तब सामने आया, जब रिले रूम के डाटा लांगर के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर्मचारियों ने इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों से की. फिलहाल मामले की जांच की जा रही है.

# जवानों के साथ मनायी दीपावली

**संवाददाता। जमशेदपुर**

दीपावली के शुभ अवसर पर एसएसपी किशोर कौशल ने पीसीआर और टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ दीपावली मनाई. रविवार रात वे पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे और जवानों के बीच मिठाइयां बांटी व उन्हें दीपावली की बधाइयां दी. उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम से शहर में हो रही गतिविधियों का भी जायजा लिया. एसएसपी ने बताया कि दीपावली पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीसीआर और टाइगर मोबाइल के जवान लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं. जो जवान त्योहार के दौरान अपनों से दूर है उनके साथ दीपावली की खुशियां बांटने की एक पहल की गई है. ताकि उनका मनोबल ऊंचा रहे और लोगों को पुलिस से जो अपेक्षा रहती है उसपर सभी खरे उतरें. इस दौरान ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एएसपी लॉ एंड ऑर्डर सुमित अग्रवाल और डीएसपी सीसीआर अनिमेष गुप्ता भी मौजूद थे.



पुलिस जवानों को मिठाई देते एसएसपी.

### ग्रामीण एसपी ने सुदूर क्षेत्रों में जाकर मनाई दीपावली

ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने दीपावली के शुभ अवसर पर जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित पुलिस पिकेट में तैनात जवानों के साथ दीपावली मनाई. उन्होंने जवानों की हौसला अफजाई भी की. ऋषभ गर्ग ने बताया कि जिले में कई ऐसे पिकेट है जो सुदूरवर्ती इलाको में है. ऐसे में ये जवान त्योहार नही माना पाते है. इसी को लेकर जवानों की हौसला अफजाई करते हुए उनके साथ दीपावली मनाई गई.

### कनीय विद्युत अभियंता ने महिला की बचायी जान

**लातेहार।** विद्युत प्रमंडल, लातेहार के कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार ने मानवता की एक मिशाल पेश की है. उन्होंने एक अनजान महिला के लिए रक्तदान कर महिला जान बचायी. दरअसल पूजा देवी नामक एक महिला प्रसव के लिए सदर अस्पताल में भर्ती थी. चिकित्सकों ने सुरक्षित प्रसव के लिए ए पॉजिटिव रक्त की नितांत जरूरत बतायी थी. ब्लड बैंक में इस समूह का रक्त उपलब्ध नहीं था. इसके बाद कुछ पत्रकारों ने इसे सोशल मीडिया पर प्रसारित किया. जब इसकी जानकारी कनीय अभियंता अंकित कुमार को हुआ तो वे स्वयं ब्लड बैंक पहुंच कर रक्तदान किया. इसके लिए उक्त महिला के परिजनों ने उनके प्रति आभार प्रकट किया. अंकित कुमार ने कहा कि रक्तदान करना उन्हें अच्छा लगता है और वे नियमित अंतराल में रक्तदान करते हैं. उन्होंने अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की और कहा कि मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है.

## आक्रोश | सीसीएल प्रबंधन ने सवांग कांटा घर में सर्वे ऑफ की एक सूचना चिपकायी, व्यापारी नाराज

# सवांग कांटा घर सर्वे ऑफ, व्यवसायियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**संवाददाता। बेरमो**

सीसीएल कथारा अंतर्गत सवांग कांटा घर पर सर्वे ऑफ की सूचना चिपकाने के बाद कोयला व्यापार से जुड़े ट्रक ओनर, डीओ होल्डर, आंदोलनकारी और विस्थापित आंदोलन के मूड में हैं. इस निमित्त 13 नवंबर को सवांग कांटा घर के निकट एक बैठक की गई और प्रबंधन के रवैये के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी.

इस संबंध में लोकल सेल संघर्ष मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण निषाद ने कहा कि सवांग कांटाघर से सैकड़ों कोयला व्यापारी जुड़े हुए हैं. यहां से सभी लोगों की रोजी-रोटी चलती है. 2012 में जब सवांग गोविंदपुर लोकल सेल शुरू हुई, तब से सवांग में कांटा घर स्थापित है और यहां कोयला वजन होता था, लेकिन अचानक सीसीएल प्रबंधन ने सवांग कांटा घर में सर्वे ऑफ की एक सूचना चिपका दी है, जिस पर किसी तरह का आधिकारिक आदेश नहीं है. इसके साथ ही कांटा घर में जो लोड सेल लगा रहता है, उसे खोलकर दूसरे कांटा घर में लगा दिया गया है. इस संबंध में जब प्रबंधन से पूछताछ की जाने लगी तब प्रबंधन ने माना कि लोड सेल की दूसरे स्थान पर जरूरत थी इसलिए उसे खोलकर वहां लगाया गया हैं. हालांकि कोयला व्यापार से जुड़े लोगों का मानना है कि प्रबंधन की यह गहरी चाल है और एक साजिश के तहत इस तरह की कार्रवाई की जा रही है. यहां के लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे. प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करेंगे. 14 नवंबर को स्मार पत्र दिया जायेगा और सतत आंदोलन किया जाएगा. जिसमें धरना, प्रदर्शन व चक्का जाम शामिल है.

बैठक में चंद्रदीप पासवान, मुन्ना सिंह, गौतम कुमार, बिट्टू प्रसाद, उमा सिंह, राजेश जायसवाल, मुबारक अंसारी, राजेश भारती, सुमंजय सिंह, मृत्युंजय सिंह, अंसारी मोइन खान, देवरंजन प्रसाद, साकेत प्रसाद, शंकर साव, बबली स्वर्णकार, मुमताज अंसारी, संदीप, सचितानंद, दुलाल मजूमदार सहित अन्य लोग शामिल थे.



**खास बातें**

- सर्वे ऑफ की एक सूचना पर कोई आधिकारिक आदेश नहीं
- कांटा घर का लोड सेल खोलकर दूसरी जगह लगाया

### परियोजना पदाधिकारी ने क्या कहा

सवांग गोविंदपुर परियोजना के परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि सवांग कांटा घर बंद नहीं किया गया है. अभी कोयले का ऑफर नहीं आया है. जैसे ही ऑफर मिल जाएगा, प्रबंधन को कोयला वजन करने में कोई परेशानी नहीं होगी. उनके पास अभी भी चार कांटा घर हैं और महज दो ढाई हजार टन ही कोयला डिस्पैच होता है. इसलिए किसी तरह की घबराने की बात नहीं है. जब कभी भी लोड सेल की जरूरत होती है तो उसे अन्य कांटाघर में लगा दिया जाता है, ताकि काम निकाला जा सके. जैसे ही यहां इसकी जरूरत पड़ेगी उसे तुरंत लाया जाएगा और पूर्व की भांति सवांग कांटा घर से काम शुरू हो जाएगा. सर्वे ऑफ के संबंध में उन्होंने कहा कि 10 साल में सर्वे ऑफ हो जाता है, यह प्रक्रिया में है. इसलिए यह कोई नई बात नहीं है.

# धनबाद के कई क्षेत्रों में 7 घंटे बिजली रही गुल

**संवाददाता। धनबाद**

दीपावली की रोशनी पर बिजली विभाग ने ग्रहण लगा दिया. शहर के कई क्षेत्रों में 7 घंटे तक बिजली गुल रही. बैंक मोड़, नया बाजार, पुराना बाजार, मनईटांड़, दहुआटांड़, पतराकुल्हि, कुम्हारपट्टी, जोराफाटक आदि इलाकों में रविवार को दिन के 11 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही. इसकी वजह से यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. दीपावली के दिन लगातार 7 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहने से इंवर्टर ने भी जवाब दे दिया था. ऐसे में लोगों को दीपावली के दिन अंधेरे में रहना पड़ा.

**विभागीय दावे हुए झूठे साबित :** बिजली विभाग के अधिकारियों ने दावा किया था कि दीपावली से छठ तक बिजली की कटौती नहीं की जायेगी. सात घंटे की बिजली कटौती ने विभागीय दावे झूठे साबित हो गये.

कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार ने बताया कि डीवीसी पुटकी में तार टूटने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हुई. बताया कि विभाग की तैयारी दुरुस्त है. छठ तक निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जायेगी.

**खास बातें**

- दीपावली की रोशनी पर बिजली विभाग ने लगाया ग्रहण
- इंवर्टर ने भी दिया जवाब तो अंधेरे में पड़ा रहना

## ब्रीफ खबरें

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत भाटिया बस्ती जमुना पथ निवासी पंकज कुमार सिंह की बाइक बीते दिनों घर के बाहर से चोरी हो गई थी. मामले में पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो चोर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 5 निवासी हारोनाथ घोष उर्फ सूरज और मगध पथ निवासी अभिषेक कुमार वर्मा शामिल हैं. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अशोक राम ने बताया कि 11 नवंबर को पंकज कुमार की बाइक घर के बाहर से चोरी हो गई

### छात्रा ने पंखे पर फंदे से झूल कर दे दी जान

**रांची ।** अरगोड़ा रेलवे स्टेशन स्थित कडरू बगीचा टोली में 12वीं की छात्रा साइमा अख्तर ने सोमवार को फंखे से दुपट्टे के सहारे लटक कर खुदकुशी कर ली. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. मृतक के पिता जावेद अख्तर ने पुलिस को बताया कि साइमा परीक्षा को लेकर टेंशन में थी, इसलिए उसने खुदकुशी कर ली. छात्रा ने जब जब खुदकुशी की तब परिजन घर में पर मौजूद नहीं थे.

### रिटायर्ड कर्मी के घर से लाखों की चोरी

**मैथन ।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र स्थित शिवली बाड़ी रहमत नगर में चोरों ने शनिवार देर रात चोरों ने रिटायर्ड ईसीएल कर्मी के घर को निशाना बनाया. चोरों ने सलाउद्दीन खान के घर से लैपटॉप, मोबाइल व अन्य सामान उड़ा ले गये. इसकी कीमत दो लाख बतायी जा रही है. जानकारी के अनुसार, चोरों ने दीवार फांदकर छत की सीढ़ी के रास्ते घर में प्रवेश किया था. घर का दरवाजा बंद नहीं होने की वजह से चोर आराम से घर में घुसे और चोरी करके चलते बने.

### रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

**धनवार (गिरिडीह) ।** धनवार प्रखंड तकनीकी प्रबंधक रंजीत कुमार वर्मा ने धनवार थाना में आवेदन देकर नकुल राय नामक व्यक्ति पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं. रंजीत ने अपने दिये आवेदन में नकुल पर अपने कार्यालय में आकर रंगदारी मांगने, हाथापाही करने बीज वितरण पंजी को फाड़ने तथा धमकी देने का आरोप लगाया है. धनवार पुलिस मामले की जांच कर रही है. दूसरी ओर नकुल राय ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है.

### छत से गिरने से बच्चा घायल, अस्पताल में

**गावां ।** गावां थाना क्षेत्र के किसनपुर निवासी केदार यादव का पांच वर्षीय पुत्र दीपू कुमार छत से गिरने से वह बुरी तरह घायल हो गया है. परिजन बच्चे को तुरंत लेकर गावां अस्पताल पहुंचे. डॉक्टरों ने बताया कि छत से गिरने से बालक के सिर व हाथ पैर में काफी चोट आई है. जिसे देखते हुए गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है. परिजनों ने बताया कि दीपू रविवार को छत पर खेल रहा था. इसी दौरान वह खेलते-खेलते अचानक छत से गिर गया.

### पटाखा फोड़ने के दौरान दो किशोर झुलसे

**जमशेदपुर ।** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भालुबासा में पटाखा फोड़ने के दौरान दो किशोर झुलस गए. घटना के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए एमजीएम ले जाया गया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है. घायलों में जय चंद्रा और आइस चंद्रा शामिल है. दोनों की उम्र 10 साल है. परिजनों ने बताया कि दीपावली को लेकर दोनों बच्चे पटाखे छोड़ रहे थे. एक पटाखे में आग लगाकर दोनों बच्चे वहीं खड़े थे. इसी बीच अचानक पटाखा जोर से फट गया और दोनों बच्चों के चेहरे बारूद से काले हो गए.

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, रिम्स रेफर

**लोहरदगा ।** बेड़ो-लोहरदगा मुख्य मार्ग पर भंडरा प्रखंड के बस्ती के डाकघर के समीप सोमवार को दो बाइक की सीधी टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में मसमानो निवासी शोभित भगत, शोभराज भगत और बेले उरांव शामिल है. भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल बेले उरांव को रिम्स रांची रेफर किया गया है. जबकि शोभित भगत व शोभराज भगत को लोहरदगा सदर रेफर किया गया.

हजारीबाग जिला के कटकमसांडी स्थित पेलावल रोड न्यू महमूदा हाउस का रहने वाला है

# आतंकी शाहनवाज की पत्नी व दोनों बहनों की तलाश में एनआईए

**सौरभ सिंह । रांची**




हजारीबाग निवासी आतंकी शाहनवाज की पत्नी और दो बहनों की तलाश एनआईए कर रही है. शाहनवाज मूल रूप से हजारीबाग जिला के कटकमसांडी स्थित पेलावल रोड न्यू महमूदा हाउस का रहने वाला है. बीते दो अक्टूबर को उसे और उसके अन्य साथियों को दिल्ली की स्पेशल सेल की टीम ने गिरफ्तार किया था. जांच में खुलासा हुआ है कि उसके पास से केमिकल और आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाला मेटेरियल मिला था. शाहनवाज की पत्नी पहले हिंदू थी. बताया जाता है कि उसका धर्म बदलवाकर इस्लाम कुबूल कराया गया था. उसने अपना नाम मरियम रख लिया. वह भी पति का साथ दे रही थी. फिलहाल शाहनवाज की पत्नी और दोनों बहनें अंडरग्राउंड हैं. उनकी तलाश एनआईए कर रही है. मामले में एनआईए शाहनवाज को भी रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. पुणे के बहुचर्चित आतंकी आईएस मॉड्यूल मामले में जांच कर रही एनआईए की महाराष्ट्र शाखा ने हजारीबाग से आतंकी शहनवाज आलम को रिमांड पर लिया है. उससे मुंबई में पूछताछ चल रही है.

**क्या है पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल केस :** इस साल 18 जुलाई को पुणे में टू-व्हीलर चुराने के मामले में पुणे पुलिस ने शाहनवाज और मध्यप्रदेश के दो लोगों- मो इमरान खान और मो साकी को गिरफ्तार किया था. जब पुलिस पूछताछ के लिए उन्हें उनके ठिकाने पर ले जा रही थी, तो शाहनवाज पुलिस की गाड़ी से कूदकर फरार हो गया. मो इमरान खान और मो साकी से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों सुफा आतंकी गिरोह का हिस्सा हैं. अप्रैल 2022 में राजस्थान में एक कार में विस्फोटक मिलने के मामले में वहां की पुलिस उन्हें ढूंढ रही है. तब पुलिस ने इस मामले को पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल केस नाम दिया. इस केस में पुलिस ने तीन और आतंकियों को मोस्ट वांटेड लिस्ट में रखा था. इनके नाम हैं पुणे का तल्हा लियाकत खान और दिल्ली का रिजवान अब्दुल हाजी अली और अब्दुल्ला फैयाज शेख. शाहनवाज पुणे पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया था और फिलहाल दिल्ली में रह रहा था. उस पर तीन लाख रुपए का इनाम था.

## आओ जानें

### देशभर के पुलिस स्टेशनों में लगे कैमरे

| | | | |
|---|---|---|---|
| अरुणाचल | 99 | मेघालय | 25 |
| असम | 329 | मिजोरम | 40 |
| बिहार | 957 | नगालैंड | 28 |
| छत्तीसगढ़ | 443 | ओडिशा | 584 |
| गोवा | 44 | पंजाब | 425 |
| गुजरात | 622 | राजस्थान | 01 |
| हरियाणा | 381 | सिक्किम | 13 |
| हिमाचल | 136 | तमिलनाडु | 1578 |
| कर्नाटक | 1052 | तेलंगाना | 842 |
| केरला | 538 | त्रिपुरा | 73 |
| मध्यप्रदेश | 859 | यूपी | 1533 |
| महाराष्ट्र | 663 | उत्तराखंड | 159 |
| मणिपुर | 00 | वेस्ट बंगाल | 637 |

सात साल पूर्व पहले पति से हुआ था तलाक

# महुदा में मां ने पांच वर्ष की बेटी के साथ लगाई फांसी

**संवाददाता । महुदा (धनबाद)**

महुदा के सिंगड़ा गांव निवासी गुलाम रसुल अंसारी की पुत्री तबसुम परवीन (26 वर्ष) ने रविवार की सुबह अपनी पांच वर्ष की बेटी सीफा परवीन के साथ घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. बताया जाता है कि घटना के वक्त दोनों घर में अकेली थीं. परिवार के लोग जब घर पहुंचे, तो दोनों को फंदे की चुंदरी काटकर नीचे उतारा. दोनों की मौत हो चुकी थी. सूचना पर पहुंची महुदा पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेज दिया.

मृतका के पिता गुलाम रसूल अंसारी ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे वह नमाज अदा करने के लिए मस्जिद गए थे. घर में तबसुम व उसकी बेटी अकेली थी. एक घंटा बाद जब वे लौटे, तो देखा कि बेटी के कमरे के दरवाजे की कुंडी अंदर से बंद थी. दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई आवाज नहीं आई. पुत्र ने खिड़की झांककर देखा, तो दोनों मां-बेटी चुनरी के सहारे फांसी के फंदे से लटक रही थीं. आनन-फानन में चुंदरी काटकर उन्हें नीचे उतारा गया. दोनों की मौत हो चुकी थी. इस लोमहर्षक घटना से पूरा परिवार सदमे में है. घटना के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है. एएसआई महेंद्र राम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ जानकारी मिल सकती है. पुलिस छानबीन कर रही है

**दूसरे पति से भी चल रही थी अनबन :** परिजनों के अनुसार, तबसुम परवीन का पहला विवाह पाथरडीह में हुआ था. शादी के एक साल बाद ही पति से उसका तलाक हो गया. करीब सात साल पहले पश्चिम बंगाल के पुरूलिया के डीमडीहा निवासी ताजुद्दीन अंसारी के साथ उसका दूसरा विवाह हुआ था. दूसरे पति से अनबन होने के बाद तबसुम परवीन अपनी बेटी के साथ दो साल से मायके में ही रह रही थी. पति उसे कभी लेने नहीं आया, जिससे वह काफी तनाव में रह रही थी.

**दो साल से मायके में रह रही थी**


फाइल फोटो


फाइल फोटो

### कुएं में मिला एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव

**गिरिडीह :** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के उदनाबाद में सोमवार की देर रात 40 वर्षीय महेंद्र सिंह की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई. मृतक का शव उसके घर के पीछे कुएं में पड़ा मिला. वहीं, दूसरी तरफ मृतक की भगिनी निर्मला सिंह और भाई अरविंद सिंह ने मौत को हत्या बताया है. दोनों ने मृतक की पत्नी पर ही अवैध संबंध होने के कारण हत्या किए जाने का आरोप लगाया है, जबकि मृतक मिर्गी के बीमारी से पीड़ित भी बताया जा रहा है. इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद महतोडीह पुलिस पिकेट के प्रभारी घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुट गए. पुलिस की मौजूदगी में मृतक का शव कुएं से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया. फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है.

### फोन पर 15 सेकेंड का वीडियो बनाकर नाबालिग ने कर ली खुदकुशी

**संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर के आजादनगर थाना अंतर्गत बगानासाही रोड नंबर 7 क्रॉस रोड नंबर 4 निवासी 16 वर्षीय नरगिस परवीन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना रविवार सुबह 9.30 बजे की है. नरगिस अपने पिता के साथ रहती थी. वह कई दिनों से आर्थिक कमजोरी से जूझ रही थी. घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी. इधर, पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. नरगिस के पिता मो करीम की दिमागी हालत ठीक नहीं है. नरगिस घरों में काम कर अपना गुजारा करती थी. घटना के वक्त उसने 15 सेकेंड का वीडियो भी बनाया है जिसे पुलिस ने जब्त किया है. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मिथलेश कुमार ने बताया कि परिजनों के अनुसार वह आर्थिक स्थिति से जूझ रही थी. फांसी लगाने के दौरान उसने 15 सेकेंड का वीडियो भी बनाया है जिसमें वह फंदे से लटकती नजर आ रही है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# तालाब से युवक का शव बरामद

**संवाददाता । रांची**

जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के योगदा कॉलेज के पास स्थित तालाब से सोमवार सुबह एक युवक का शव बरामद हुआ है. शव की पहचान न्यू कॉलोनी निवासी अभय बांडा के रूप में हुई है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में शव को देखा. इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी.

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. अभय की मौत का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है. अभय की हत्या कर उसके शव को पानी में फेंका गया है पुलिस हर बिंदुओं की जांच कर रही है.

### पावड़ा तालाब में डूबने से नीतीश कुमार की मौत



**घाटशिला ।** घाटशिला थाना क्षेत्र के पावड़ा गांव स्थित एनएच 18 फोर लेन के बगल के तालाब में डूबने से नीतीश कुमार सिंह की मौत हो गई. घटना की संबंध में नीतीश के चचेरे भाई निर्मल सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह से लापता था. काफी खोजबीन के बाद भी कहीं कोई सुराग नहीं मिलने पर इसकी थाना को सूचना दी गई. सोमवार की सुबह पावड़ा स्थित तालाब में उसका चप्पल देखा गया. आसपास के लोगों की मदद से तालाब में खोज किया गया. संदेह होने पर अमाईनगर के मछुआरों को पकड़कर लाया गया मछुआरों ने तालाब से नीतीश कुमार सिंह की शव बाहर निकाला गया. थाना प्रभारी विमल किंडो ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया. अनुमान लगाया जा रहा है कि नीतीश कुमार कमल का फूल तोड़ने तालाब में गया होगा गहरा तालाब होने के कारण डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई. नीतीश वर्षों से निर्मल सिंह के पास ही रहते थे. नीतीश का पूरा परिवार धालभूमगढ़ में रहता है.

# देवघर में अपराधियों ने एक को मारी गोली, मौत

**संवाददाता । देवघर**

**खास बातें**

- जिले के कुंडा थाना क्षेत्र दुधनीय मोड़ के पास घटी
- परिजनों के अनुसार दुकान के बाहर दीया जला रहे थे

जिले के कुंडा थाना क्षेत्र दुधनीय मोड़ के पास अपराधियों ने दिवाली की रात दुकान के बाहर दीया जला रहे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी. यह घटना रिया ऑटो सर्विस सेंटर के सामने हुई है, जहां अज्ञात अपराधियों ने महेंद्र यादव नामक व्यक्ति पर ताबड़तोड़ चार गोलियां दाग दी. दो गोली बाएं हाथ में और दो गोली महेंद्र यादव के पेट में लगी. स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में महेंद्र यादव को घायल अवस्था में सदर अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. बताया जाता है कि महेंद्र यादव दिवाली के दिन दुधनिया मोड़ पर स्थित दुकान गये थे जहां वो अपने आठ साल के बेटे आयुष के साथ दीया जला रहे थे. इसी क्रम में अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी. महेंद्र मूल रूप से दुधनिया गांव का रहने वाला था. पिछले कुछ दिनों से उसका जमीन को लेकर विवाद चल रहा था. कई लोगों ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी थी.

### छिनतई करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** टेल्को थाना अंतर्गत भुवनेश्वरी मंदिर और टेल्को गुरुद्वारा के पास एक ही दिन दो छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह विद्यापतिनगर निवासी सन्नी सिंह, भुइंयाडीह ग्वाला बस्ती निवासी मनीश रजक और रोहित गुप्ता शामिल है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही में छीना हुआ दो मोबाइल, घटना में प्रयुक्त बाइक और घटना के समय पहना हुआ कपड़ा बरामद किया है. प्रभारी एएसपी सिटी सुमित अग्रवाल ने बताया कि 10 नवंबर को टेल्को के भुवनेश्वरी मंदिर के पास सुशील और टेल्को गुरुद्वारा के पास अमृता कुमारी से पर्स की छिनतई कर ली गई थी.

### कतरास में दो पक्षों में मारपीट, फायरिंग हुई

**कतरास।** रविवार की देर रात आपसी रंजिश को लेकर लोयाबाद 20 नंबर में दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई इस दौरान बम व गोलियां चलाई गईं. खबर पाकर लोयाबाद पुलिस मौके पर पहुंचकर एक जिंदा कारतूस व एक खोखा बरामद किया है. मौके से दो बाइक भी जब्त किया है. हालांकि पुलिस बम गोली चालन की बातों से इंकार कर रही है. घटना के बाद दोनों पक्षों ने लोयाबाद थाना पहुंचकर एक-दूसरे पर मारपीट व फायरिंग करने व बमबाजी करने का आरोप लगा रहे थे. एक पक्ष के नागों ने कहा कि रविवार रात को 10 से 15 की संख्या हथियार चमकाते हुए आया और गाली-गलौज करते हुए मेरे उपर फायरिंग करने लगे. लोगों के विरोध और बचाव करने पर सभी पारबाद पूल की तरफ भाग निकले. इधर, सोमवार को पुलिस ने दोनों पक्षों के एक-एक लोगों को थाने में बैठा कर रखा है. मामले में पुलिस फायरिंग की बात से इंकार कर रही थी, जबकि तस्वीर में जिंदा कारतूस साफ दिख रहा है.

# धार्मिक स्थल के पास पटाखा फोड़ने पर तनाव, कई घायल

**संवाददाता । साहिबगंज**

धार्मिक स्थल के पास पटाखा फोड़ने पर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई. यह मामला राधानगर थाना क्षेत्र के मसना पंचायत अंतर्गत केलाबाड़ी गांव में हुई. जहां एक धार्मिक स्थल के पास दीपावली पर्व के अवसर पर रविवार की देर शाम पटाखा फोड़े जाने पर दो पक्षों के बीच स्थिति तनावपूर्ण हो गई. घटना की सूचना पाकर राधानगर थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. इस दौरान दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन एक पक्ष ने राधानगर थाना के पुलिस वाहन पर पथराव कर दिया. जिससे एक एएसआई भी गंभीर रूप से घायल हो गए. वहीं चार आरक्षी उमेश कुमार, विकास कुमार सहा, श्रीनाथ कुमार राम, अरविंद रविदास व थाना प्रभारी का ड्राइवर घायल हो गए. राधानगर थाना प्रभारी द्वारा वरीय पदाधिकारी को सूचना देने के बाद रांगा, बरहरवा, राजमहल, बरहेट, तीनपहाड़ व कोटलपोखर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. केलाबाड़ी में दो समुदायों के बीच हुए विवाद में नियंत्रण करने पहुंचे पुलिस पदाधिकारियों पर पथराव व सरकारी वाहनों को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद पुलिस ने तीन आंसू गैस का प्रयोग किया. आत्मरक्षा के लिए पुलिस ने एक हवाई फायरिंग भी की. इस दौरान एक पक्ष के 21 लोगों को हिरासत में लिया गया.


घायल एएसआई

थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने बताया कि घटना को लेकर 16 नामजद और 100 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया गया है. जिसमें सोमवार के शाम तक आठ नामजद आरोपी प्रयाग साह, सहदेव, ज्योतिन, उमाचरण साह, शंकर साह, अशोक साह, ऋषीपुरण, बीना साह को जेल भेज दिया है.

### भंडारी गांव में युवती की संदेहास्पद मौत

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडारी गांव में एक 18 वर्षीय युवती की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है. युवती का शव फंदे पर झूलता हुआ मिला है. मृतका भंडारी गांव की सपना कुमारी बताई जा रही है. घटना शनिवार की रात की है. मामले को लेकर मृतका के परिजनों ने पड़ोस के गांव के सचिन नामक युवक पर हत्या करने का आरोप लगाया है. बताया जाता है कि सपना अपने पुराने घर में सो रही थी, जबकि उसके माता-पिता नए घर में सोए हुए थे. माता-पिता जब पुराने घर गए तो देखा कि उनकी बेटी फंदे पर लटकी हुई है. मौके पर ग्रामीण उसके घर के पास पहुंचे. तिसरी पुलिस भंडारी गांव पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है. इधर, मृतका के माता और पिता ने भंडारी पंचायत के गादी गांव के निवासी सचिन पर अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है. मृतका की मां ने थाने में आवेदन देकर पड़ोस गांव के युवक सचिन और उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है.

लोयाबाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट में भेजा जेल

# प्रिंस खान का गुर्गा रवि चौहान जेल गया

**संवाददाता । धनबाद**

लोयाबाद थाना पुलिस ने गैंगस्टर अमन सिंह व प्रिंस खान के गुर्गे कनकनी निवासी रवि चौहान को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया. उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है. जानकारी के अनुसार, रवि चौहान के खिलाफ केंदुआडीह थाने में एक मामला दर्ज था. उसे पूर्व में एटीएस की टीम ने पलामू के आर्म्स सप्लायर अमन चौहान के साथ आर्म्स की डील के दौरान चंदनक्यारी से पकड़ा था. एटीएस ने उसे केंदुआडीह थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया था.ज्ञात हो कि 12 अक्टूबर 2022 को कांग्रेस नेता जलेश्वर व बाघमारा विधायक ढुलू महतो के समर्थको के बीच बांसजोड़ा मे हुई फायरिंग मामले में ढुलू महतो के साथ रवि चौहान भी नामजद आरोपी है. फायरिंग मे जलेश्वर समर्थक मुकेश तुरी को गोली भी लगी थी. इसके बाद से रवि चौहान फरार चल रहा था. कुछ दिन पूर्व रवि का दो पिस्टल के साथ एक तस्वीर सोशल मिडिया पर वायरल हुई थी, जिसके बाद एटीएस उसे पकड़ने की फिराक में थी. इसी क्रम में रवि के भाई और पिता को लोयाबाद थाने मे पूछताछ के लिए लाया गया, जिसके बाद पुलिस को रवि का पता चला और घेराबंदी कर उसे धर दबोचा. लोयाबाद थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने बताया की रवि की निशानदेही पर कनकनी सामुदायिक भवन के पास छुपाकर रखा एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है. मामले मे प्राथमिकी दर्ज कर रवि को जेल भेज दिया गया.



**खास बातें**

- निशानदेही पर एक देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ
- एटीएस ने चंदनक्यारी से पहले भी उसे पकड़ा था

### पहले भी जेल जा चुका है रवि

रवि चौहान कनकनी निवासी गौतम चौहान का पुत्र है. उस पर आधा दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं. वह पहले भी जेल जा चुका है. उसके खिलाफ लोयाबाद थाना मे कांड संख्या 48/2010, 18/2017, 58/2021, 59/2021, केन्दुआडीह थाना कांड संख्या 132/2022 दर्ज है.

**धनबाद** भूली से गिरफ्तार युवकों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं, दोनों पढ़े-लिखे हैं

# युवा अपराध करने से बचें, अच्छी राह चुनें : एसएसपी

**संवाददाता । धनबाद**

युवाओं को भटकाव से बचना चाहिए. अपराध से दूर रहें. क्योंकि ऐसी राह पकड़ने से पूरा जीवन बर्बाद हो जाएगा. यह बातें धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं. उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अपराध की घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त है. ज्ञात हो कि शनिवार को शहर में सघन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने भूली थाना क्षेत्र से बुलेट बाइक पर सवार युवक अनुज शर्मा को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था. पूछताछ में उसने बताया कि सरायढेला के आदित्य ने उसे हथियार दिया था. इसके बाद पुलिस ने आदित्य को भी गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के अनुसार दोनों अपराध की बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे थे. उनके पास से एक देसी कट्टा और गोली मिला है.


एसएसपी संजीव कुमार

**खास बातें**

- जांच अभियान के दौरान पुलिस ने अनुज को पकड़ा था
- आरोपी ने बताया कि यह हथियार आदित्य ने दिया था
- पुलिस बोली-किसी घटना को अंजाम देने जा रहे थे दोनों

हालांकि, दोनों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है. एसएसपी ने बताया कि दोनों पढ़े-लिखे हैं. किसी संगठित अपराधियों के उकसावे में या किसी अन्य कारणों से अपराध करने जा रहे थे. पुलिस पूरे मामले में गोपनीयता बरत रही है, ताकि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके. कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया.

### अपराधियों के चंगुल में फंस रहे युवा

शहर में हाल में घटी आपराधिक घटनाओं पर गौर करें, तो इनमें ज्यादातर युवा शामिल हैं. इससे ये पता चलता है युवा वर्ग अपराध की दुनिया में कदम रख तेजी से आगे बढ़ना चाहता है. इसी चाहत में वे अपराध रूपी दलदल में फंसते जा रहे है. इनमें कई युवा हैं, जो अपराधियों के दिए प्रलोभन में आकर जेल की सलाखों में बंद हैं. भूली से गिरफ्तार दोनों युवकों में नया बाजार निवासी अरशद हुसैन इग्नू से बीसीए करने के बाद साइबर कैफे और प्रज्ञा केंद्र चलता था. वहीं, दूसरा युवक विशाला नंदी भूली का रहने वाला है. वह आरएसपी कॉलेज से स्नातक की डिग्री लेने के बाद बंधन बैंक में सेल्स एग्जीक्यूटिव के रूप में काम करता. एचडीएफसी बैंक का ऑफिस बॉय भी रह चुका है.

# अपराधियों ने ग्रामीणों पर चलाई गोली, महिला घायल

**संवाददाता । लोहरदगा**

कुडू थाना क्षेत्र के उडुमुड़ू बारीडीह गांव में रविवार देर रात घर के बाहर दीपावली के मौके पर जुआ खेल रहे ग्रामीणों पर अपराधियों ने धावा बोल दिया. अपराधियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक महिला घायल हो गई है.महिला को कुडू सीएचसी में इलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है . अपराधियों ने आधा दर्जन मोबाइल तथा लगभग दस हजार रुपए छीन कर फरार हो गए. थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच में जुट गए. तीन मोबाइल खेत से बरामद किया गया है. बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के उडुमुड़ू बारीडीह गांव में दीपावली के मौके पर लगभग दो दर्जन ग्रामीण एक स्थान पर जुआ खेल रहे थे. इसी बीच रविवार देर रात लगभग एक बजे एक दर्जन हथियारबंद अपराधी मौके पर पहुंचे व जुआ खेल रहे हथियार के नोंक पर ग्रामीणों को अपने कब्जे में करते हुए लूटपाट शुरू कर दिया. अपराधियों ने विरोध करने पर कुछ युवकों के साथ मारपीट किया. ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने के बाद ग्रामीण घर से बाहर निकलने लगे. अपराधियों ने दशहत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग शुरू कर दिया. इस गोलीबारी की घटना में बारीडीह गांव निवासी कुरतो उरांव की पत्नी कैरी उरांव के पैर में गोली लग गया. इससे गांव में दहशत उत्पन्न हो गया. गोलीबारी करते हुए अपराधी भागने में सफल हो गए. गोली लगने से महिला घायल होकर सड़क में गिर गई.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** आठवां चंद्र मानसिक तनाव देगा. साथ ही लापरवाही न करें. भावना को वश में रखें. मन की बात किसी को न बतलाएं. नौकरी में अपेक्षाएं बढ़ेंगी. धैर्यशीलता की कमी रहेगी. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यवसाय ठीक चलेगा.

**वृषभ** व्यापार में लाभ संभव है. शिक्षण-अध्ययन संबंधी कार्य में सफलता प्राप्त होगी. स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा. जल्दबाजी में कोई कार्य न करें तथा विवाद की स्थिति न आने दें. कोई अरुचिकर घटना संभव है.

**मिथुन** किसी शत्रु से हानि हो सकतही है. घर के वृद्धजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी. कोई बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है. भय रहेगा. भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. लड्डू का दान करें.

**कर्क** समय सामान्य है, पर किया गया कार्य लाभ देगा. कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कार्य मनोनुकूल रहेंगे. आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. भाग्य का साथ मिलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

**सिंह** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. शारीरिक हानि हो सकती है. किसी भी तरह के विवाद में भाग न लें. स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है. लेन-देन में सावधानी रखें. कुसंगति से बचें. महत्वपूर्ण निर्णय टालें.

**कन्या** लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शारीरिक कष्ट संभव है. पूजा-पाठ में मन लगेगा. तीर्थयात्रा की योजना बनेगी. कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालय के काम मनोनुकूल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. जल्दबाजी से बचें.

**तुला** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. नई आर्थिक योजना बनेगी. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. काफी समय से रुके काम पूर्ण हो सकते हैं. मान-सम्मान मिलेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा.

**वृश्चिक** कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी. थकान व कमजोरी रह सकती है.

**धनु** अप्रत्याशित खर्च सामने आ सकते हैं. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. चिंता तथा तनाव रहेंगे. आशा व निराशा के भाव रहेंगे. खर्च से हाथ तंग रहेगा. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेंगे. जोखिम बिलकुल न उठाएं.

**मकर** अप्रत्याशित लाभ के योग बनते हैं. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. किसी बड़ी समस्या का हल मिल सकता है. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है. कार्य होगा, जिससे धनार्जन होगा. काला वस्तु का दान करें.

**कुंभ** किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है. दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी. आत्मविश्वास बढ़ेगा. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें. आलस का त्याग करें.

**मीन** भाग्य का साथ मिलेगा. नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है. सामाजिक काम करने की इच्छा प्रबल होगी. मान-सम्मान मिलेगा. वाणी में संयम रखें. दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें. आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं.

## तांत्रिक विधि से हुई मां काली की पूजा

**आदित्यपुर।** दस महाविद्या काली स्थान एलआईजी 170 में भव्य रूप से तांत्रिक विधि से बीती रात मां काली की पूजा आराधना पंडित राजेश कुमार मिश्रा कौण्डिल्य द्वारा की गई. यहां प्रतिदिन दूर्गा सप्तशती के पूर्ण फल प्राप्ति का पाठ चलता रहता है। पंडित राजेश कुमारकौण्डिल्य का कहना है कि मां ही सभी साधनों को उपलब्ध कराती हैं। उनका कहना है- मैं सिर्फ भक्तों को मां के समक्ष बैठा देता हूं और एक संबंध मां के साथ भक्त का बन जाता है और भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है. कोई अपने कैरियर, कोई बीमारी, कोई उन्नति की कामना से भक्त आते रहते हैं. मां सबकी झोली भरती ही हैं. बहुतों ने तो अपने गलतियों के पश्चताप के लिए नाक रगड़ते हुए क्षमा मांगते हैं और मां माफ कर देती है. पुत्रों कुपुत्रों जायेत क्वचिदपि माता कुमाता न भवति ...सारे कार्य को सफल बनाने की जिम्मेदारी मां की आज्ञा से पंडित राजेश कुमार मिश्रा के श्रद्धालु सुपुत्र प्रशांत मिश्रा संभालते हैं.

## श्याम जन्मोत्सव की तैयारियों पर चर्चा



**चांडिल।** श्री श्याम कला भवन की ओर से 23 नवंबर को आयोजित 27वां श्री श्याम जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है. तैयारियों की समीक्षा के लिए सोमवार को श्री श्याम कला भवन चांडिल के सदस्यों की बैठक श्याम मंदिर में हुई. मौके पर श्री श्याम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया. मौके पर अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि वर्ष 1997 में चांडिल के दिवंगत राधेश्याम शर्मा, दिवंगत प्रह्लाद जालान, प्रभु दयाल बागड़िया, भगवान जालान, राजेश पसरी, दुर्गा चौधरी सहित अन्य श्याम प्रेमियों के द्वारा श्री श्याम जन्मोत्सव का आयोजित किया गया था. उस वक्त आयोजन छोटा सा पौधा था, लेकिन आज लगातार 26 वर्षों का सफर तय कर विशाल वट वृक्ष बन गया है. बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया.

# ब्रदर ऑफ संत गेब्रियल धर्म समाज ने समर्पित सेवाओं के लिए किया सम्मानित

संवाददाता। रांची



**खास बातें**

- सम्मानित धर्म संघियों का मनाया गया डायमंड व रजत जुबली समारोह
- पूरे देश में संचालित हैं ग्रेबियल धर्म समाज के स्कूल व सेवा संस्थान

डॉ. कामिल बुल्के पथ (पुरुलिया रोड) स्थित संत अलोइस स्कूल प्रांगण में सोमवार को ब्रदर ऑफ सेंट गेब्रियल धर्म समाज के तत्वावधान में अपने समाज द्वारा पूरे भारत में संचालित विभिन्न विद्यालयों और अन्य संस्थानों में अपने धर्म संघीय जीवन को जीते हुए शिक्षा और मानवता की सेवा के माध्यम से 60 साल और 25 साल की समर्पित सेवाएं प्रदान की हैं, उनका डायमंड जुबली और रजत जुबली समारोह मनाया गया. साथ ही उन्हें सम्मानित किया गया.

इस अवसर पर उन सम्मानित धर्म संघियों के जीवन की सेवाओं के लिए ईश्वर तथा धर्म समाज के तमाम ब्रदर के माता-पिता और उनके परिजनों को धन्यवाद दिया गया. समारोह में इस सोसाइटी के ब्रदर्स में 60 साल की समर्पित सेवा देख देने वाले भाग्यशाली डायमंड जुबिलेरियन ब्रदर गिल्बर्ट पिंटो और ब्रदर एडमंड टोप्पो, सिल्वर जुबिलेरियन ब्रदर्स में ब्रदर अलबइनुस टेटे, ब्रदर देवनिस तिग्गा और ब्रदर विजय तिर्की उपस्थित रहे. इस मौके पर ब्रदर ऑफ सेंट गेब्रियल समिति सोसाइटी रांची के प्रोविंशियल सुपीरियर ब्रदर हेरमन विजय लकड़ा, उनके सेक्रेटरी ब्रदर फ्रेडरिक सोरेंग समेत इस समिति द्वारा संचालित विभिन्न इंटरमीडिएट कॉलेज, हाई स्कूल तथा इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रिंसिपल्स और हेडमास्टर ब्रदर उपस्थित थे. समारोह का शुभारंभ समारोही पवित्र मिस्सा से हुआ, जिसके मुख्य अनुष्ठक और उपदेशक हजारीबाग के बिशप आनंद जोजो रहे. उनके साथ मिस्सा में सह अनुष्ठक रांची के पेरिस प्रिस्ट आनंद डेविड और सोसियुस फादर एडमंड ने किया. हजारीबाग के बिशप जोजो ने इस अवसर पर अपने संदेश में ब्रदर ऑफ सेंट गेब्रियल सोसाइटी के डायमंड व सिल्वर जुबिलेरियन ब्रदर्स को उनके धर्मसंगी जीवन में रहते हुए ईश्वर की सेवा और विद्यालय तथा इंटर कॉलेज के माध्यम से छात्र-छात्राओं में गुणवत्ता शिक्षा सुसंस्कार और निस्वार्थ प्रेम सेवा का बीज रोपने तथा समाज सेवा के माध्यम से मानवता की समर्पित सेवा करने के लिए उनको कोटिशः बधाइयां दीं.

**दीपोत्सव :** श्रद्धा-भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया पर्व, बिखरी रोशनी, छूटे पटाखे

# दीपों की ज्योति से जगमगा उठा पूरा प्रदेश

रांची ज्योति पर्व दीपावली के उपलक्ष्य में पूरा झारखंड का हर गांव, हर शहर झिलमिलाते दीपकों की ज्योति से जगमगा उठा. इस अवसर पर बच्चों के साथ बड़ों ने भी पटाखे छोड़े और खुशियां मनायी. चारों ओर दुकानों से लेकर घरों तक में चहल-पहल और उत्साह का वातावरण देखा गया. वहीं दुकानों और घरों में भी सुख-समृद्धि की देवी माता लक्ष्मी और ऋद्धि-सिद्धि और बुद्धि के प्रदाता प्रथम पूज्य देवता भगवान गणेश की श्रद्धा-भक्ति और धूमधाम के साथ पूजा हुई. इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भव्य पंडाल निर्मित कर काली माता की पूजा-अर्चना की गयी. काली पूजनोंत्सव में सोमवार को पूजा पंडालों में माता काली को भोग अर्पित किये गये.

## चक्रधरपुर में देर रात तक हुई माता काली की आराधना



**चक्रधरपुर।** अमावस्या की रात माता काली की पूजा चक्रधरपुर में विधि विधान के साथ की गई. शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के सभी काली मंदिरों व पंडालों में देर रात माता काली की आराधना की गई. चक्रधरपुर के श्मशान काली मंदिर में पुजारी बीएन कर ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराया. यहां माता की प्रतिमा को आकर्षक फूल मालाओं से सजाया गया था. देर रात लगभग दो बजे तक श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना के लिए जुटे हुये थे. इसी तरह चक्रधरपुर के टाउन काली मंदिर, इतवारी बाजार काली मंदिर, एकाउंट्स कॉलोनी काली मंदिर, रिफ्यूजी कॉलोनी के अलावा सार्वजनिक स्थान पर पोर्टरखोली, लोको कॉलोनी, डबलिंग कॉलोनी, गैंगखोली, इतवारी बाजार, रेलवे स्टेशन परिसर सहित अन्य जगहों में भव्य पूजा पंडाल बनाकर मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है. बंगला क्लब के काली पूजा समिति के इस वर्ष स्वर्ण जयंती समारोह होने पर मंदिर को आकर्षक तरीके से सजया गया. इसके साथ ही देर रात तक भक्ति कार्यक्रम भी आयोजत किये गए. जहां विभिन्न राज्यों से पहुंचे कलाकारों ने एक से बढ़कर भजन, गीत की प्रस्तुति दी. वहीं सोमवार को चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया. इसके साथ ही चक्रधरपुर के रेलवे स्टेशन काली मंदिर पूजा समिति की ओर से भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. काली पूजा के अवसर पर चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने चक्रधरपुर शहर के विभिन्न काली पूजा पंडालों का फीता काटकर उद्‌घाटन किया. साथ ही उन्होंने पूजा पंडालों में माता काली की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की.

## चांडिल में धूमधाम से मनायी गयी दीपावली

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में धनतेरस के साथ ही दीपावली का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. दीपावली के दिन रविवार को लोग अपने-अपने घर और दुकान को आकर्षक रूप से रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों और झालरों से सजाया था. पूरे अनुमंडल क्षेत्र में दीपों की रोशनी से वातावरण रोशन हो गया था. दीपों के प्रकाश से समूचा अनुमंडल जगमग हो गया. चारों ओर दीपावली का उल्लास था. इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई. देर रात तक चली आतिशबाजी के दौर से आसमान में सतरंगी छटा छा गई.

## हजारीबाग के श्मशान काली मंदिर में मां की पूजा अर्चना

**हजारीबाग।** अमावस्या की रात शमशान काली मंदिर में भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा. हजारों भक्त मां काली का दर्शन करने पहुंचे. श्मशान परिसर में मंदिर होने के बावजूद भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों के लोग दीपावली के दिन अपने घरों में दीप जलाते हैं और उसके बाद दर्शन करने के लिए श्मशान काली पहुंच जाते हैं. रात 8 बजे से विशेष पूजा अर्चना शुरू हो जाती है जो रात के 1:05 बजे तक चलती है. इस दौरान बलि भी दी जाती है. मंदिर भक्तों से पट जाता है. भूतनाथ मंडली काली पूजा का आयोजन करता है.

## दीपोत्सव के बाद अलसाया रहा धनबाद शहर

**धनबाद।** दीपोत्सव के बाद सोमवार को पूरा धनबाद शहर अलसाया नजर आया. सभी सरकारी और गैर सरकारी दफ्तरों में ताला लटका रहा. बाजार की 70 प्रतिशत दुकानें बंद रहीं. मेडिसिन, सब्जी, दूध-दही व अन्य जरूरत के सामान की दुकानें भी दिन में बंद रहीं. सड़कों पर वाहनों की संख्या अन्य दिनों की तुलना में काफी कम रही. मुख्य सड़क से लेकर शहर की अन्य सड़कों पर लोगों की आवाजाही काफी कम रही. गोवर्धन पूजा की छुट्टी की वजह से कार्यालय बंद रहे. हालांकि जानकारी के अभाव में जरूरी काम से आए कई लोग सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाते नजर आए. कार्यालयों में तैनात सुरक्षा कर्मियों से पूछताछ में उन्हें छुट्टी की जानकारी मिली, इसके बाद वे निराशा होकर घर लौट गए.



## लातेहार में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी दीपावली

**लातेहार।** जिला मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकाश उत्सव दीपावली हर्षोल्लास व पारंपरिक तरीके से मनायी गयी. इस अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने विघ्नहरण भगवान गणेश व धन की देवी लक्ष्मी की पूजा अर्चना की. मां लक्ष्मी से अपने एवं अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की. पूरा लातेहार शहर केले की थंबों से पट गया. शहर में काफी चहल पहल देखी गयी. गणेश और लक्ष्मी की प्रतिमा बेचने वाले दुकानों में भीड़ उमड़ पड़ी. वहीं पटाखों के दुकानों में बच्चे और युवक का जमघट लगा रहा. देर रात तक लोगों ने आतिशबाजी की. लोगों ने अपने अपने घरों में आकर्षक रंगोलियां भी बनायी थी. घरों एवं प्रतिष्ठानों को रौशनी से सजाया गया था.

## काली पूजा कमेटी ने किया 35 क्विंटल भोग का वितरण

**जमशेदपुर।** श्री काली पूजा कमेटी हनुमान मंदिर लक्ष्मीनगर द्वारा काली पूजा का आयोजन किया गया है. पूजा के दूसरे दिन सोमवार को 35 क्विंटल भोग का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया. काफी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए. पूजा कमेटी के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि इस भोग वितरण की विशेषता यह रहती है कि आसपास के चार बस्ती में तीनों समय का भोजन (भोग) पूजा कमेटी द्वारा उपलब्ध कराया जाता है. कमेटी के सदस्य सभी के घर-घर में भोग पहुंचाते है. लक्ष्मीनगर, झगड़ूबागान, प्रेमनगर, बजरंगी बगान में भोग उपलब्ध कराया जाता है. चार दिवसीय इस पूजा महोत्सव में दूर दराज से लोग शामिल होते है.

## मनोहरपुर में कालिका कलश का हुआ विसर्जन

**मनोहरपुर।** प्रखंड के पुराना मनोहरपुर काली मंदिर में धूमधाम से काली मां की पूजा आयोजित किया गया. वही अमावस्या की रात पुजारी मधुसूदन लोहार ने कोयना नदी में विधिवत पूजा पाठ करने के उपरांत मध्य रात्रि 12 बजे काली मां की कालिका घट लाकर मंदिर में स्थापित किया. साथ ही मध्य रात्रि से सोमवार सुबह तक मां काली की विधिवत पूजा उपासना जारी रही. पूजा संपन्न होने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा सोमवार को सुबह मंदिर परिसर से कोयना नदी तट पर कलश यात्रा निकाली गई तथा कलश को नदी में विसर्जित किया गया. वहीं पुराना मनोहरपुर स्थित काली मंदिर की पूजा को लेकर पुजारी मधुसूदन लोहार ने बताया कि लोगों की मनोकामनापूर्ण होने से हर वर्ष यहां श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है.

## गायिका पायल ने की पूजा समिति की मदद

**कसमार (बोकारो)।** बोकारो जिले के पाथुरिया में काली पूजा समिति को मुंबई की प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका व संगीत निर्देशिका पायल देव ने 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद की है. पायल देव की माता अनिता बनर्जी एवं भाई अर्घ्य बनर्जी ने मंदिर के विकास के लिए यह राशि कमेटी के अध्यक्ष व समिति सदस्यों को सौंपी. इसके अलावा पायल देव के भाई अर्घ्य बनर्जी ने भी 10 हजार रुपये की सहायता राशि पूजा कमिटी को सौंपी. इस दौरान पूजा कमेटी ने बताया कि पाथुरिया में काली पूजा का इतिहास अत्यंत प्राचीन है. हर साल देश के अलग-अलग राज्यों से इस मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा पर मत्था टेकने पहुंचते हैं.



# गो-पालकों ने की गोवर्धन पूजा



संवाददाता | आदित्यपुर

आदित्यपुर के गो पालकों ने सोमवार को गोवर्धन पूजा के दिन गो पूजा की और उन्हें भोग लगाया. बता दें कि दिवाली के अगले दिन यानी कि आज हर जगह गोवर्धन पूजा की जा रही है. गो पालक बैजू यादव बताते हैं कि गोवर्धन पूजा में भगवान कृष्ण, गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा का विधान है. यही नहीं इस दिन 56 या 108 तरह के पकवान बनाकर श्रीकृष्ण को उनका भोग लगाया जाता है. इन पकवानों को 'अन्नकूट' कहा जाता है. मान्यता है कि ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य शक्ति से विशाल गोवर्धन पर्वत को छोटी अंगुली में उठाकर हजारों जीव-जतुंओं और मनुष्यों के जीवन को देवराज इंद्र के कोप से बचाया था. यानी भगवान कृष्ण ने देवराज के घमंड को चूर-चूर कर गोवर्धन पर्वत की पूजा की थी. उस दिन से ही गोवर्धन पूजा की शुरुआत हुई. इसे अन्नकूट पर्व भी कहते हैं. इस दिन लोग अपने घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन बनाकर उनकी पूजा करते हैं.

## बाल मित्रों ने अनोखे तरीके से मनाई दिवाली

**तिसरी (गिरिडीह)।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन द्वारा संचालित बाल मित्र ग्रामों में बाल पंचायत के बच्चों ने इस बार अनोखे तरीके से दिवाली मनाई. उन बाल मित्रों ने बाल विवाह से आज़ादी और महिलाओं, बच्चों की सुरक्षा व सुरक्षित पर्यावरण का संदेश दिया. आओ एक दीया जलाएं, बाल विवाह से आज़ादी एवं बच्चों-महिलाओं की सुरक्षा के नाम, सुरक्षित बचपन सुरक्षित पर्यावरण, दीप जलाकर दिवाली मनाएं, पटाखे जला कर नहीं आदि स्लोगन बैनर और चार्ट पेपर पर लिखकर बच्चों ने ग्रामीणों को जागरूक किया. जिसकी लोगों ने सराहना की. इस दौरान बाल मित्र ग्राम सिमराढाब के बाल पंचायत के सचिव जानकी कुमारी ने अपील करते हुए कहा कि हम सभी को पटाखों का बहिष्कार करना चाहिए, क्योंकि उससे पर्यावरण को नुकसान पहंचता है

# मारवाड़ी समाज ने मनाया दीपावली मिलन

संवाददाता। रांची



नगर की 110 वर्ष पुरानी प्रसिद्ध सामाजिक संस्था मारवाड़ी सहायक समिति के तत्वावधान में संपूर्ण मारवाड़ी समाज का दीपावली मिलन समारोह मारवाड़ी भवन हरमू रोड में मनाया गया. समारोह का शुभारंभ गणेश पूजन सह गणेश वंदना के नृत्य के साथ हुआ. तत्पश्चात मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने स्वागत उद्‌गार व्यक्त किया.

इस अवसर पर कोलकात्ता की डांस ग्रुप के साथ राँची की स्तुति केडिया ने अपने नृत्य से सभी का मन मोह लिया. विनीता सिंघानिया और राजेश कौशिक ने गुदगुदी वाले प्रश्नों के द्वारा खूब हंसाया. वही लज़ीज़ व्यंजन की जिम्मेदारी अजय खेतान के कुशल कंधों पर थी तो होउजी के मास्टर आनंद जालान रहे. अतिथियों का स्वागत कौशल राजगढ़ीया, कमल शर्मा, सन्नी टीबड़ेवाल ने की.

समाज के विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों और मंत्रियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्‌घाटन किया. उनमें समारोह में मारवाड़ी सहायक समिति के मनोज चौधरी, रमण बोडा, नंदकिशोर पाटोदिया, रमेश शर्मा, किशन शर्मा, किशन साबू नरेंद लाखोटिया, नरेंद्र गंगवाल, पंकज पांड्या, सुभाष चंद्र बोथरा, बिमल दशानी, सुरेश चन्द्र अग्रवाल, ललित पोद्दार, संजीव विजयवर्गीय, पृथ्वी राज चौधरी, राजकुमार खण्डेलवाल, महेश खण्डेलवाल, जगदीश सैन, नंदकिशोर चांगल, नयना मोर, रीता केड़िया, अमित चौधरी, विकास गोयल, श्वेता भाला, सपना सिंघानिया, डॉ वीके जैन, नवीन डोकानिया आदि शामिल थे.

**परंपरा** छत्तीसगढ़ी समाज ने आधी रात में श्रद्धा-भक्ति के साथ की शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना

# धूमधाम से मना गौरा-गौरी पर्व, निकली कलश यात्रा

संवाददाता। जमशेदपुर



**खास बातें**

- आधी रात में संस्कृति के अनुरूप हुई पूजा-अर्चना
- गौरा-गौरी पूजा समिति टुइलाडुंगरी का आयोजन

छत्तीसगढ़ी पर्व त्योहार में गौरा-गौरी पूजा भी प्रसिद्ध है. बताते चलें कि दीपावली की आधी रात में छत्तीसगढ़ी समाज के लोगों द्वारा विभिन्न स्थानों पर अपनी परंपरा और संस्कृति के अनुरूप गौरा-गौरी पूजन का आयोजन किया जाता है. इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी. गौरा-गौरी का अर्थ भगवन शंकर और माता पार्वती से है. श्री श्री गौरा-गौरी पूजा समिति टुइलाडूंगरी द्वारा प्रत्येक वर्ष भव्य रूप से इस पूजन का आयोजन किया जाता है. समाज के लोग दस दिन पूर्व से इस पूजन की तैयारी करते हैं. अविवाहित लड़कियां विशेष रूप से इस पूजन में शरीक होती है. मान्यता है कि जो लड़कियां कलश और ज्वारा अपने सर पर ले कर चलती हैं, उन्हें अच्छा और सुंदर वर की प्राप्ति होती है. अर्ध रात्रि को इस पूजन का प्रारंभ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. उसके बाद विधि विधान से पूजा संपन्न हुई.



**कई लोग हुए सम्मानित**

यहां बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था. लंबे समय से मिट्टी निर्मित गौरा-गौरी के निर्माण में सहयोग करने के लिए पूजा कमेटी ने पारसनाथ साहू और टीका राम साहू को दिनेश कुमार ने सम्मानित किया. साथ ही छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों को संजोने के लिए सावित्री साहू और फूलो देवी को सम्मानित किया गया. महिलाओं ने सुवा गीत और गौरा-गौरी गीतों पर नृत्य भी किए. पूजा समाप्ति के पश्चात अगले दिन सुबह शोभा यात्रा निकाल कर स्वर्णरेखा नदी में गौरा-गौरी, ज्वारा और पूजन सामग्री को विसर्जित की गई. कार्यक्रम में विशेष रूप से गिरधारी साहू, नरेश निषाद, कामता साहू उपस्थित थे.

## फुसरो में चला 'एक दीया शहीदों के नाम' अभियान

**बेरमो।** दिवाली के उपलक्ष्य में फुसरो बैंक मोड़ स्थित व्यवसायी संघ की ओर से एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय सहित फुसरो व्यवसायी संघ के आर उनेश, बीएमएस नेता रवींद्र कुमार मिश्रा आदि ने वीर शहीदों के नाम पर दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी. मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की शहादत को याद किया. शहीदों की याद में आस्था के साथ दीपक जलाए गए और वीरता को सलाम किया गया. पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने कहा कि देश के शहीदों की याद में यह कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है.इस कार्यक्रम में व्यवसायी दिलीप गोयल, इलियास हुसैन, अनिल गुप्ता, पिंटू सिंह, दीपक अग्रवाल, दिनेश सिंह, रवींद्र सिंह, अभिजीत दत्ता आदि उपस्थित रहे.

# जमशेदपुर में आदिवासियों ने किया गोट-बोंगा का आयोजन



संवाददाता। जमशेदपुर

परसुडीह हलुदबनी लटकुगोडाा ग्राम के सीमाने नाला के समीप आदिवासी समुदाय द्वारा सामूहिक रूप में गोट-पूजा व गोंवा-बोंगा का आयोजन हर्षउल्लास के साथ किया गया. यह पूजा प्रत्येक वर्ष कृषि कार्य संपन्न होने के पश्चात शरद माह के अमावस्या के रात्रि से पूर्व दिन में आदिवासी बहुल क्षेत्र में की जाती है. गोट-पूजा व गोंवा-बोंगा,गोवर्धन व गौ-रक्षण के लिए की जाने वाली पूजा है. इस पूजा में ग्राम दियूरी गुमान सिंह भूमिज द्वारा ग्रामदेव,वनदेव आदि के साथ अपने पूर्वजों को स्मरण कर खेती के दौरान जोत कार्य में लगाए जाने वाले गाय, बैल, भैंस एवं ग्रामीणों की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना गोट-बोंगा के दौरान अपने इष्ट देवी देवताओं से किये. पूजा के पश्चात सेडो (खिचड़ी) को पूजा में चढ़ाने के बाद उपस्थित लोगों के बीच भोग वितरण किया गया.

## ब्रीफ खबरें

### पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोप में एक को भेजा जेल

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में थाना कांड संख्या-202/23 के नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि कोडरमा थाना कांड संख्या 202/23 रंगदारी के आरोपी संतोष वर्णवाल (कोडरमा बाजार निवासी) को बीती रात्रि कर मंडल कारा भेज दिया गया है. गिरफ्तार युवक सहित कुल 11 लोगों पर महादेव साव (लोचनपुर निवासी) ने 5 लाख रुपये रंगदारी मांगने तथा बाउंड्रीवाल तोड़ने का आरोप लगाया था.

### टंडवा में सड़क दुर्घटना में दो लोग हुए घायल

**टंडवा।** थाना क्षेत्र के रांची टंडवा मुख्य पथ पर कल्याणपुर पुल के बाइक व कार में सीधी टक्कर हो गई. जिसमें बाइक व कार के परखच्चे उड़ गए. घटना में बाइक सवार संतोष उरांव व रौशन उरांव बुरी तरह घायल हो गए. घटना के बाद संतोष उरांव पुल से नीचे गिर गया. संतोष उरांव टंडवा प्रखण्ड प्रमुख रीना देवी का भतीजा है जो घटना में बुरी तरह से घायल हो गया है. जिसका इलाज रांची के रिंची हॉस्पिटल में चल रहा है.इधर घटना से आक्रोशित लोगों ने मुवाबजा व कोयला ट्रांस्पोर्टिंग बन्द कराने की मांग को लेकर सुबह घटना के बाद सड़क जाम कर दिया.जिससे कोयला ट्रांस्पोर्टिंग बाधित रही वही अन्य वाहनों का आवागमन जारी रहा.समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम लगा हुआ था.

### विधायक ने श्राद्धकर्म में दिया आर्थिक सहयोग

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत पलासबनी पंचायत के ग्राम बड़ा बोतला निवासी महेंद्र बेलदार की पत्नी कौशल्या बेलदार का विगत दिनों आकस्मिक देहांत हो गया था. उनके श्राद्धकर्म में विधायक संजीव सरदार द्वारा आर्थिक सहयोग किया गया. विधायक की अनुपस्थिति में उनके निर्देशानुसार प्रतिनिधिमंडल के रूप में झामुमो के डुमरिया प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, सोशल मीडिया प्रभारी भगत हांसदा, पंचायत अध्यक्ष सरकार किस्कू, काजमान सिंह सरदार शामिल होकर सामाजिक दायित्व निर्वाहन के साथ शोकाकुल परिवार से मिल कर विधायक द्वारा दिए गए आर्थिक सहयोग की राशि प्रदान की और दुख की घड़ी में सांत्वना दी.

### कोलेबिरा में लोगों के बीच बांटे गये 26 मवेशी

**सिमडेगा।** जिले के कोलेबिरा थाना पुलिस ने पिछले दिनों मवेशी लदे 5 पिकअप वाहनों को जब्त किया था. सभी पिकअप वाहन ओड़िशा से सिमडेगा-रांची के रास्ते बिहार जा रहा था. 26 मवेशी के साथ-साथ पांच पिकअप वाहनों को जब्त कर लिया गया था 26 मवेशी भैंस और काडा था, जिसे जीमानामा के आधार पर कोलेबिरा थाना क्षेत्र के आम लोगों के बीच बांट दिया गया, जिससे कि मवेशी की सेवा हो सके. मामले को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### जमीन की घेराबंदी रोकने पहुंचे लोगों ने की फायरिंग

**देवघर।** जसीडीह थाना क्षेत्र के गिधनी में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में तनाव के बाद फायरिंग हुई. सूचना ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर छानबीन में जुट गई है. जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर को एक पक्ष की ओर से घेराबंदी का काम किया जा रहा था. जिसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध किया और काम रोकने को कहा. काम नहीं रोकने पर कुछ देर बाद दो बुलेट पर सवार होकर छह व्यक्ति पहुंचे और फिर से काम रोकने को कहा. विरोध करने पर देवघर के चर्चित अपराधी गिरोह की ओर से दो राउंड हवाई फायरिंग की गई, जिससे मौके पर दहशत फैल गई. गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुटे. लोगों के विरोध को देखते हुए फायरिंग करनेवाले भागने लगे. मगर ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक, डीएसपी पवन कुमार, इंस्पेक्टर सत्येंद्र प्रसाद समेत भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पहुंचे और मामले की छानबीन की. पुलिस ने घटनास्थल से दो बुलेट बाइक को जब्त कर थाने ले आई. पीड़ित की ओर से किसी प्रकार की कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है.

---

जमशेदपुर: भुइयांडीह स्वर्णरेखा बर्निंग घाट में मुर्दे की पल्स चलने लगी

# पल्स चली तो ले गए अस्पताल, डॉक्टर बोले-मृत

रोहित कुमार | जमशेदपुर

जमशेदपुर के भुइयांडीह स्वर्णरेखा बर्निंग घाट में उस वक्त चमत्कार देखने को मिला जब अंतिम संस्कार के लिए लाए गए मुर्दे में जान आ गई. मुर्दे की पल्स चलने लगी. परिजन उसे तत्काल एमजीएम अस्पताल लेकर गए.अस्पताल में डॉक्टरों ने भी पल्स चलता हुआ पाया.

डाक्टरों ने ईसीजी के बाद मृत घोषित कर दिया. इसके बाद परिजन वापस शव को लेकर बर्निंग घाट पहुंचे और शव का अंतिम संस्कार कर दिया. दरअसल गोलमुरी के टुईलाडुंगरी निवासी 56 वर्षीय रंजीत सिंह टुइलाडुंगरी गुरुद्वारा में सेवादार थे. तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया गया था. वहां शनिवार को टीएमएच में उनकी मौत हो गई थी.

सोमवार दोपहर परिजन शव का अंतिम संस्कार करने पहुंचे थे.



रंजीत सिंह की फाइल फोटो

**हुआ चमत्कार**

- डॉक्टरों ने भी अस्पताल में पल्स चलता हुआ पाया
- परिजन फिर इलाज कराने ले गये एमजीएम अस्पताल

अंतिम संस्कार के दौरान अचानक लोगों ने महसूस किया कि रंजीत सिंह की पल्स चल रही है. मौके पर मौजूद सभी लोगों ने पल्स की जांच की, तो पाया कि वाकई पल्स चल रही थी. रंजीत को एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया.

### 8 नवंबर को सेवादार की बिगड़ी थी तबीयत

रंजीत की पत्नी हरविंदर कौर ने बताया कि उनके पति सेवादार का काम करते हैं. 8 नवंबर को वे अरदास कर घर लौटे तो उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई. उन्हें इलाज के लिए टिनप्लेट अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया. टीएमएच में शनिवार को उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. सोमवार को उन्हें अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया, तब यह घटना घटी.

### महिला फुटबॉल लीग मैच में निबंधन 16 तक

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्पोर्टिंग एसोसिएशन (जेएसए) ने पहली बार डिवीजन स्तर पर 2023-24 में आयोजित होने वाले महिला फुटबॉल लीग मैच के लिए क्लबों,संस्थानों के निबधन कराने की अंतिम तिथि 16 नवंबर है. इस संबंध में जेएसए द्वारा सोमवार को एक अधिसूचना जारी की गई है. जारी अधिसूचना के अनुसार झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के नियमानुसार जेएसए द्वारा महिला फुटबॉल लीग मैच का आयोजन नवंबर एवं दिसंबर माह में किया जाएगा. जिसमें कंपनी, संस्थान, क्लब और इंस्टीट्चुट हिस्सा ले सकते है. इस लीग में भाग लेने के लिए निबंधन कराने के तिम तिथि 16 नवंबर है. उसके बाद निबंधन के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा. जेएसए द्वारा डिविजन स्तर पर पुरुष फुटबॉल लीग मैच का आयोजन किया गया था.

### आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- बिष्णुपुर, जो टेराकोटा मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है, कहां है – पश्चिम बंगाल
- प्रसिद्ध रहस्यपूर्ण त्रिमूर्ति सदाशिव कहां स्थित है – एलीफैंटा
- वधु मूल्य को डाल कटारी किस जनजाति में कहा जाता है – बिंझिया
- अशोक का पौत्र कौन, जिसने जैन धर्म स्वीकार किया – सम्प्रति
- समुद्र के पानी से कौन धातु निकाली जाती है – मैग्नीशियम
- मधुमक्खी का वास्तविक उत्पाद है – मोम
- कश्मीर के इतिहास से संबंधित पुस्तक का नाम – राजतरंगिणी
- कल्पद्रुम की रचना किसने की – लक्ष्मीधर
- सिरका का वाणिज्यिक नाम क्या है – एसिटिक अम्ल
- अशोक को किस शिलालेख में अशोकवर्धन कहा गया है – पुराण

---

सार्वजनिक काली पूजा कमेटी के पंडाल का उद्घाटन मंत्री चंपई सोरेन ने किया

# संसार में मानव धर्म है सर्वोपरि : चंपई सोरेन

संवाददाता | आदित्यपुर

आदित्यपुर में शहर से लेकर गांव तक दीपावली की देर रात मां काली के पंडालों का उद्घाटन हुआ. सार्वजनिक काली पूजा कमेटी फुटबॉल मैदान के पंडाल का उद्घाटन जहां मंत्री चंपई सोरेन ने किया. वहीं सांसद विद्युत वरण महतो के गांव कृष्णापुर के किशोर स्पोर्टिंग क्लब के पंडाल उद्घाटन एसिया अध्यक्ष और लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव इंदर अग्रवाल ने किया. बता दें सांसद विद्युत वरण महतो अपने गांव कृष्णापुर में खूबसूरत पंडाल बनाकर 1980 से काली मां की आराधना कर रहे हैं. सार्वजनिक काली पूजा कमेटी फुटबॉल मैदान का पंडाल आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने किया. उनके साथ समाजसेवी आर के सिन्हा, समाजसेवी शेखर डे, मंत्री के सुपुत्र बबलू सोरेन, पूर्व झामुमो जिलाध्यक्ष रंजीत प्रधान मौजूद थे.

अपने संबोधन में मंत्री ने शुभकामनाएं देते हुए मंत्री ने कहा कि इस संसार का पालन करने वाली देवी देवताओं को हम समय- समय पर विभिन्न रूपों में पूजते हैं. मां काली पूजा का विशेष महत्व है. आज के दिन गांव से लेकर जंगल तक दीया जलाकर हमलोग दीपावली मनाते हुए शक्ति की पूजा करते हैं. संसार में मानव धर्म सर्वोपरि है. जिसकी रक्षा आदि शक्ति करती है. हमारे पूर्वजों द्वारा अनादि काल से इन देवियों की आराधना समय समय पर विभिन्न रूपों में करते आये हैं. मां हमें सद्बुद्धि दे कि हम अच्छा समाज, अच्छा प्रदेश का निर्माण करें. शेखर डे ने अपने संबोधन में कहा कि मां काली सबों को सुख समृद्धि दे. बता दें यहां यहां 1972 से काली पूजा हो रही है. इसके संस्थापक स्वर्गीय बिशु घोष, हरे किष्टो घोष और सुशील मंडल थे. यहां पुरानी मंदिर की आकृति का भव्य पंडाल बना है. समारोह की अध्यक्षता पवित्रो बर्मन उर्फ गोरा दा ने और संचालन अधिवक्ता नरेंद्र प्रसाद ने किया. कार्यालय में कोषाध्यक्ष माणिक दास, महासचिव सुनील सिंह, संरक्षक सुशील मंडल और अंजन दास आदि शामिल थे.



**बोले चंपई**

- वरण महतो 1980 से काली मां की अराधना कर रहे हैं
- इस अवसर पर मंत्री समेत कई लोग मौजूद थे

**14 नवंबर को होगा भोग का वितरण : सांसद**

किशोर स्पोर्टिंग क्लब कृष्णापुर काली पूजा पंडाल के संरक्षक सांसद विद्युत वरण महतो ने बताया कि उनके गांव कृष्णापुर में 1958 से उनके गांव के पूर्वजों द्वारा किया जा रहा है. जिसमें गांव के दिवंगत मधु सूदन महतो, मुरली महतो, कडपा सरदार के द्वारा, प्रकाश महतो, पद्मलोचन महतो, वृंदावन महतो, हरिपदो महतो, किश्तो पदों महतो, लालमोहन महतो, बकुल महतो, गोकुल महतो, भुवन सतपथी, शिव शंकर महतो, सुधाकर महतो, पार्षद महेंद्र सरदार आदि शामिल हैं. वर्तमान में इस पूजा में तुषार कांति महतो, षाड़ंगी प्रधान, समीर महतो, पिंटू सिंह, असीत महतो, सुशील महतो, विनय महतो, बबलू महतो सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने बताया कि यहां इस वर्ष के 14 नवंबर को महाभोग का वितरण होगा. माता का जागरण 15 नवंबर को, 16 नवंबर को झुमर कलाकार संतोष महतो और उर्मिला महंता का झुमर होगा. 17 नवंबर को कोलकाता के ऑर्केष्ट्रा के कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा.

# टनल में फंसे डुमरिया के 6 मजदूर

संवाददाता | डुमरिया

उत्तराखंड के सिलक्यार पोल गांव में टनल निर्माण कार्य में लगे डुमरिया प्रखंड के 6 मजदूर भी टनल के अंदर फंस गये हैं. दिवाली के दिन इस टनल के अंदर मिट्टी धंस जाने के कारण मजदूर अंदर ही रह गये हैं. इसमें टिंकू सरदार पिता बोनू सरदार, डुमरिया, गुनोधर नायक पिता चंद्रमोहन नायक, मानिकपुर, रंजीत लोहार पिता रिसपाल लोहार, मानिकपुर. रविंद्र नायक पिता धनंजय नायक, मानिकपुर. समीर नायक पिता संतोष नायक, बांकिशोल.

भुकतू मुर्मू पिता बासेत मुर्मू कुंडालुका टनल के अंदर फंसे हैं. फंसे हुए सारे मजदूर नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड के अधीन मजदूरी का काम करते हैं. टनल में फंसे मानिकपुर के मजदूर गुनोधर नायक की मां बुदनी नायक ने बताया कि उसके तीन बेटे उत्तराखंड में मजदूरी के लिए गये हैं. इसमें एक बेटे के टनल में फंसे होने की खबर सुनकर चिंतित हैं. टनल में फंसे मजदूरों के एक साथी ने घटनास्थल की तस्वीर भेजकर बताया कि सभी मजदूर सुरक्षित हैं. पाइप के माध्यम से उन्हें खाना पंहुचाया जा रहा है.





गुनोधर नायक की चिंतित मां.

# कोल इंडिया के कर्मचारियों की स्टडी लीव पर फैसला आज

संवाददाता | धनबाद

कोल इंडिया प्रबंधन कर्मचारियों की स्टडी लीव पर फैसला मंगलवार को करेगा. दिल्ली स्थित कोल इंडिया भवन में होने वाली मानकीकरण समिति की बैठक में इस प्रस्ताव पर निर्णय होने की उम्मीद है. बैठक में वेतन समझौते के मुद्दों के क्रियान्वयन सहित अन्य बिंदुओं पर भी विचार किया जाएगा.

मानकीकरण समिति में प्रबंधन के प्रतिनिधि के रूप में 11 सदस्य शामिल किए गए हैं. समिति के चेयरमैन कोल इंडिया के डीपी विनय रंजन होंगे. वहीं, बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) मुरलीकृष्ण रमैया, एमसीएल के डीपी केशव राव, सीसीएल के डीपी हर्षनाथ मिश्रा, सीएमपीडीआईएल के निदेशक (तकनीकी) शंकर नागाचारी, एनसीएल के निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, ईसीएल की निदेशक (कार्मिक) अहूति स्वाइन, एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्य, निदेशक (कार्मिक) डब्ल्यूसीएल जयप्रकाश द्विवेदी, सीसीसीएल के निदेशक (पीए एंड डब्ल्यू) एन बलराम समिति में सदस्य बनाए गए हैं. सीआईएल के जीएम समिति के संयोजक हैं.

### स्कार्पियो ने चार मवेशियों को कुचला

**लातेहार।** जिले के हेरंहज थाना क्षेत्र के भंडार डूबा गांव के पास अनियंत्रित स्कार्पियो वाहन ने चार मवेशियों को कुचल दिया. मवेशी गांव के सुधीर गंझू के थे. जानकारी के अनुसार सभी मवेशी घर के पास बंधे हुए थे. इसी दौरान एक अनियंत्रित स्कार्पियो मवेशियों को कुचलते हुए फरार हो गया. घटना के विरोध में ग्रामीणों ने बालूमाथ-हेरहंज पथ को तकरीबन एक घंटे तक जाम रखा. ग्रामीण मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे. ग्रामीणों का कहना है कि गनीमत रही कि वहां कोई इंसान नहीं था, अन्यथा एक बड़ी घटना घट सकती थी. ग्रामीणों ने सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की.

# जिला कांग्रेस ने उप नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



उप नगर आयुक्त से चर्चा करते जिला अध्यक्ष सहित अन्य.

धर्मेंद्र कुमार | जमशेदपुर

पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में सोमवार को जिला कमेटी का प्रतिनिधि मंडल जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) के उप नगर आयुक्त रवि प्रकाश से मिलकर विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श करते हुए मांग पत्र सौंपा. इस संबंध में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि छठ महापर्व का आगमन हो चुका है, लेकिन अब तक सभी नदी तटों का सौंदर्यीकरण एवं साफ सफाई नहीं हुई है. इसलिए मांग पत्र के माध्यम से जेएनएसी के उप नगर आयुक्त से मांग की गई है कि तत्काल प्रभाव से तेज गति से सफाई अभियान और नदी घाट का प्रबंधन कार्य को संपन्न किया जाए. बरसात के कारण घाट तक जाने वाला रास्ता खराब हो गया है, उसे ठीक किया जाए.

# युवाओं को मौका दे रही है सरकार

संवाददाता | चाईबासा

सदर प्रखंड के मोदी फुटबॉल मैदान में एनएससी मोदी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल सह समापन रविवार को हुआ. फाइनल सह समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि माननीय विधायक दीपक बिरुवा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य सुभाष बनर्जी उपस्थित हुए.

प्रतियोगिता का फाइनल मैच अजनबी एफसी बनाम खेलो कम पीयो ज्यादा की टीम के बीच खेला गया. इसमें अजनबी एफसी ने खेलो कम पीयो ज्यादा की टीम को 1-0 गोल से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया. प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. इसके पहले विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद गेंद को किक मार कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया. मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है. इसे देखते हुए झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार पंचायत व प्रखंड स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर युवाओं को आगे बढ़ने का मौका प्रदान कर रही है. विधायक ने प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से ही खेलना चाहिए. खेल में कभी भी हार-जीत नही होती. इस तरह के आयोजनों के माध्यम से ही हमारे गांव के प्रतिभा को निखारा जा सकता है. कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के ग्रामीण मुंडा कबीर बानरा, कांडे देवगम, मरकांडे बानरा व सिदियू का योगदान था.



**समारोह संपन्न**

- अजनबी एफसी टीम बनी प्रतियोगिता की चैंपियन
- तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन

# सरना धर्म कोड की घोषणा करें प्रधानमंत्री : मोहन कर्मकार



संवाददाता | जमशेदपुर

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं 20 सूत्री के जिला उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार ने सोमवार को परिसदन में मीडिया से बात करते हुए कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती पर झारखंड की धरती पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत है. उन्होंने प्रधानमंत्री से झारखंड की बहुप्रतिक्षीत मांग सरना धर्म कोड और स्थानीय नीति की घोषणा करने का मांग की.

मोहन कर्मकार ने कहा कि सरना धर्म कोड और स्थानीय नीति झारखंडियों के अस्तित्व से जुड़ा मामला है. राज्य सरकार द्वारा विधानसभा से पास कर केंद्र सरकार को भेजे हुए काफी समय हो गया लेकिन केंद्र सरकार द्वारा अब तक इस संबंध में कोई पहल नहीं की गई है. प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा की धरती से झारखंडियों के अस्तित्व से जुड़े दोनों मामले में अपनी सहमति देते हुए इसकी घोषणा करें. उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा लोगों के जनकल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान करें. ताकि योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचे.

**कार्यक्रम** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के पदाधिकारियों के साथ डीसी ने की बैठक

# राज्य स्थापना दिवस पर साहू कॉलेज में होगा कार्यक्रम

संवाददाता | आदित्यपुर

15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के मद्देनजर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की. इसमें कार्यक्रम की तैयारियों का समीक्षा की. उन्होंने बताया कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन काशी शाहू कॉलेज सरायकेला के मल्टीपरपस हॉल में आयोजित होगा.

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री चंपई सोरेन, आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री झारखंड सरकार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में म जिला परिषद अध्यक्ष एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित होंगे. उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन का समीक्षा किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए. उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने, विभिन्न क्षेत्र में स्थित वीर शहीद, आंदोलनकारी, स्वतंत्रता सेनानियों के मूर्तियों की साफ-सफाई, विद्युतीकरण समय पर सुनिश्चित करने तथा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मल्यार्पण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

इसके पश्चात उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास/उद्घाटन तथा जिले के विभिन्न क्षेत्र से आने वाले लाभुकों के आवागमन, विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाने तथा विभिन्न योजना के तहत चयनित लाभुकों की सूची तैयार कर परिसंपत्तियों के वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं चलंत शौचालय की व्यवस्था तथा वाहन पार्किंग की व्यवस्था ससमय पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए. बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, परियोजना निदेशक संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला पारुल सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो, जिला परिवहन पदाधिकारी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी मौजूद थे.



वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए बैठक करते उपायुक्त.

**दिए निर्देश**

- कॉलेज के मल्टीपरपस हॉल में होगा यह कार्यक्रम
- विभागों के स्टॉल पर मिलेगी योजनाओं की भी जानकारी

## पेज एक का शेष...

**उत्तरकाशी टनल में फंसे हैं झारखंड के 15 श्रमिक**

मुख्यमंत्री धामी गढ़वाल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय के साथ सिलक्यारा पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया . मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां तेजी से मलबा हटाने का काम किया जा रहा है और अंदर फंसे मजदूरों के लिए खाद्य सामग्री कम्प्रेसर के माध्यम से भेजी जा रही है . उन्होंने आशा व्यक्त की कि जल्द ही बचाव कार्य पूरा कर लिया जाएगा और श्रमिकों को बाहर निकाल लिया जाएगा . मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रेल मंत्री ने उनसे घटना को लेकर विस्तार से बातचीत की है और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है. उन्होंने श्रमिकों के परिजनों से कहा कि अंदर फंसे लोगों को जल्द से जल्द सकुशल बाहर निकालने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं.

दरअसल, दीपावली के दिन उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सुबह-सुबह एक बड़ा हादसा हो गया. यहां 40 लोगों की जान संकट में फंसी है. यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव तक निर्माणाधीन सुरंग के अंदर भूस्खलन होने से यहां काम कर रहे लगभग 40 मजदूर दब गए. पुलिस प्रशासन रेस्क्यू में जुटा है. सुरंग का निर्माण एनएचआईडीसीएल के निर्देशन में नवयुगा कंपनी कर रही है. बताया जा रहा है कि सुरंग के अंदर 40 मजूदर फंसे हैं. जिला आपदा प्रबंधन उत्तरकाशी ने इसकी पुष्टि की है. कंपनी की ओर से मलबे को हटाने का कार्य किया जा रहा है. इस हादसे में झारखंड के भी 15 मजदूर फंसे हुए हैं.

## ब्रीफ खबरें

### दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या, आक्रोश

**बेगूसराय ।** सोमवार को आठ वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर चिमनी के समीप की है. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है. प्रशासनिक महकमे में भी हलचल मच गई है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि नीमा चांदपुरा थाना क्षेत्र की चांदपुरा गांव निवासी पिछड़ा वर्ग समाज की लड़की सिकंदरपुर रजौड़ा स्थित अपने ननिहाल में रह रही थी. सोमवारी वेड़ के लिए केला का पत्ता एवं फूल लाने के लिए बच्ची अपने नानी के साथ घर से निकली थी.

### युवक की चाकू घोंप कर दी गयी हत्या

**नवादा ।** नवादा शहर के गोंदापुर मोहल्ले में दीपावली की रविवार देर रात जुआ खेलने के विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. घटना के बाद इलाके में दीपावली का उत्सव फीका पड़ गया. मृतक के घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है. मृतक कुलदीप चौधरी पिता गंगू चौधरी के भाई रंजीत कुमार ने बताया कि हमारे घर के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे थे. हमारे भाई ने ऐसा करने माना किया तो अनिल चौधरी उलझ गया. इस दौरान अनिल, विक्की सहित पवन, छोटू और अविनाश ने कुलदीप पर चाकू से हमला कर दिया.

### चर्चित चिकित्सक डॉ. अमृता की डेंगू से मौत

**बेगूसराय ।** रविवार रात जब हर ओर दीपावली का जश्न मन रहा था तो बेगूसराय के चर्चित महिला चिकित्सक डॉ. अमृता की डेंगू से मौत हो गई. मौत की जानकारी मिलते ही शोक की लहर फैल गई है. समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र स्थित शासन निवासी डॉ. बालमुकुंद एवं डॉ. अमृता बेगूसराय में तेलिया पोखर के समीप सरोजिनी हॉस्पिटल चलाते थे. डॉ. अमृता की पहचान जिले के चर्चित स्त्री रोग विशेषज्ञ ही नहीं, सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी थी. चार दिन पहले वह डेंगू से संक्रमित हो गई थी. रविवार की शाम स्थिति नाजुक होने के बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था.



पटना : दिवाली समारोह के मौके पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव अपने पिता राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, मां और पत्नी के साथ.

## आओ जानें

### बिहार : सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| बिहार के पहले मुख्यमंत्री | श्रीकृष्ण सिंह |
| बिहार के पहले राज्यपाल | जयरामदास दौलतराम |
| बिहार के कुल जिले | 38 |
| बिहार की जनसँख्या | 9.9 करोड़ |
| बिहार का क्षेत्रफल | 94,163 किमी |
| बिहार की प्रमुख फसल, | धान, जूट, मखाना, केले, गेहूं, मक्का और दलहन |
| बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री, | नीतीश कुमार (2021) |
| बिहार का लोकप्रिय नृत्य, | जाट-जतिन डांस |
| बिहार की प्रमुख नदियां, | गंगा नदी, बागमती नदी, कोसी नदी, घाघरा (सरयू नदी), गंडक नदी, बूढ़ी गंडक नदी, महानंदा नदी, कमला नदी, सोन नदी, कर्मनाशा नदी, अजय नदी, फल्गु, पुनपुन नदी |
| बिहार का सबसे बड़ा जिला | पटना |

खाजेकला थाना अंतर्गत नून की चौराहा हजारी मोहल्ले की घटना

# दिवाली की रात फैक्ट्री में लगी आग, दो लोगों की हुई मौत

**संवाददाता ।पटना**

पटना सिटी के खाजेकला थाना अंतर्गत नून की चौराहा हजारी मोहल्ले में दीपावली की रात को अचानक एक चप्पल कारखाना में आग लग गई. चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई. घटना के बाद पूरे मोहल्ले में अफरातफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना खाजेकला थाना को दी. बताया जा रहा है कि सूचना पाकर अग्निशमन दस्ते की गाड़ी नून की चौराहा में पहुंचकर आग पर काबू पाया. इस बीच कारखाना में काम करने वाले दो कारीगर की झुलस कर मौत हो गई. घटना के बाद मौके पर मजदूर की मौत की सूचना मिलते ही सनसनी मच गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दी है और मामले की छानबीन में जुट गई है.

मरने वाले दोनों कारीगर जमुई के रहने वाले थे

मरने वालों की पहचान जमुई जिला के लखई गांव का रहने वाला महादेव दास के रूप में हुई. दूसरा कारीगर भी जमुई का ही रहने वाला था. इधर, खाजेकला थाना प्रभारी राहुल ठाकुर ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है. अनुमान लगाया जा रहा है कि दीपावली की रात पूजा करने के बाद दीया को जलता छोड देने से ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है. दीये की लौ से ही आग लगी होगी या फिर दूसरा कारण शॉर्ट सर्किट भी हो सकता है.



## पटाखा से दुकान में लगी आग, 15 लोग झुलसे

**सीवान ।** जिले के हसनपुरा थाना क्षेत्र में दीपावली के दिन बड़ा हादसा हो गया. पटाखा से पेट्रोल-डीजल की एक दुकान में आग लगी और भीषण आग ने 5 दुकानों को अपने चपेट में ले ली. जिसमें 8 दमकलकर्मी, 3 पत्रकार समेत एक दर्जन लोग झुलस गए हैं. तीन लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है. सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 3 लोगों को रेफर कर दिया गया है. फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है. घटना सीवान जिला के एमएच नगर हसनपुरा थाना क्षेत्र के थाना के पास मार्केट की है. बताया जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल की एक दुकान में पटाखा के चिंगारी से भीषण आग लग गई. आग ने विकराल रूप लेते हुए कुछ ही देर में पांच दुकानों को अपने चपेट में ले ली. इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया. घटना की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी गई. सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में जुट गई. वहीं, आग बुझाने के दौरान करीब 8 दमकल कर्मी, 3 पत्रकार सहित एक दर्जन लोग भीषण आग में झुलस गए. इसके बाद सभी को सीवान सदर अस्पताल में लाया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया. वहीं, इस घटना में हसनपुरा निवासी स्थानीय पत्रकार अभिमन्यु कुमार अग्रवाल और वसीम आलम गंभीर रूप से घायल हो गए.

जदयू विधायक गोपाल मंडल ने फिर दिया विवादित बयान, बोले-

# मांझी की खोपड़ी ढीली हो गई है

**संवाददाता ।भागलपुर**

गोपालपुर से जदयू विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने फिर से एक विवादित बयान देकर चर्चा में आ गए हैं. उन्होंने इस बार पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी पर जमकर निशाना साधा है. उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मांझी को लेकर रविवार को कहा कि वह नीतीश कुमार से ज्यादा उम्र के हैं उनकी खोपड़ी ढीली हो गई है, दिमाग खराब हो गया है, उनका दिमाग काम नहीं करता. वह राजनीतिक क्षेत्र में थे लेकिन अब नहीं हैं. वह इस क्षेत्र में चलने लायक भी नहीं हैं. वह सिर्फ इधर-उधर दिखावे के लिए उछल कूद करते रहते हैं. जब मांझी मुख्यमंत्री थे तो मैं उनसे मिलने भी उनके कार्यालय नहीं गया था. वहीं, उन्होंने नीतीश के दिए गए सेक्स ज्ञान पर कहा कि अगर नीतीश बायोलॉजी की भाषा में या अंग्रेजी में वह सब कुछ समझाते तो शायद इतना विवाद नहीं होता. वह सीधे तौर पर लोगों से जो सारी बातें जनसंख्या रोकने के लिए कही है उसे लोग दूसरे एंगल से देखकर उनकी छवि खराब करना चाहते हैं. साथ ही उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को जब भी खाना दिया जाता है तो उसकी जांच-पड़ताल की जाती है उनके खाने में कोई भी गलत चीज नहीं डाल सकते हैं.

बता दें कि विस में आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर गुरुवार को चर्चा हो रही थी. पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने इस दौरान चर्चा में भाग लेते हुए जातीय सर्वे पर ही सवाल उठा दिया. उन्होंने कहा कि क्या सरकार कभी इसका विश्लेषण किया है कि आरक्षण का लाभ लोगों को मिल रहा है.

## तालाब में नहाने के दौरान डूबने से पांच बच्चों की मौत

**संवाददाता ।कैमूर**

जिले के करमचट थाना क्षेत्र में तालाब में डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गई. घटना धनपोखर की है. सभी मृतक एक ही परिवार के हैं. जानकारी के अनुसार, रिंकू देवी नामक महिला अपने मायके धवपोखर दो दिन पूर्व आई थी. उन्होंने अपने मायके में खेती की है. वह सोमवार की सुबह धान की कटनी करने गई थी. रिंकू देवी के लिए खाना लेकर सभी आठ बच्चे खेत पर गए. खाना देकर वे फकीराना तालाब में स्नान करने लगे. इसी दौरान पांच बच्चे गहरे पानी में चले गए. जबकि तीन तालाब के किनारे ही थे. मृतकों में शिक्षक सुशील राम की तीन पुत्री शामिल हैं. जिसमें अनु प्रिया 12 वर्ष, अंशु प्रिया दस वर्ष व मधु कुमारी आठ वर्ष शामिल है. जबकि उनके छोटे भाई सुनील राम की एक पुत्री अपूर्वा कुमारी चार वर्ष, सुशील और सुनील की बहन रिंकू देवी का पुत्र अमन कुमार चार वर्ष की भी डूबने से मौत हो गई.

### बिहार के अधिकतर शहरों की वायु गुणवत्ता 300 के पार

**पटना ।** दीपावली के बाद बिहार की हवा जहरीली हो गई है. सोमवार को पटना सहित बेगूसराय, छपरा, कटिहार, राजगीर समेत अन्य शहरों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से अधिक रिकॉर्ड किया गया. दीपावली की शाम पटना का वायु गुणवत्ता सूचकांक पीएम 2.5 का स्तर 400 से भी अधिक दर्ज किया गया है. सोमवार को वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार देखने को मिला और यह 344 रिकॉर्ड किया गया है. हालांकि, बेगूसराय में वायु गुणवत्ता सूचकांक सर्वाधिक पीएम 2.5 का स्तर 399 रिकॉर्ड किया गया है.

## कारोबार

### जीईएम पोर्टल से खरीद दो लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली ।** विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की खरीद बढ़ने से चालू वित्त वर्ष में अबतक सरकारी 'ई-मार्केटप्लेस' से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद का आंकड़ा दो लाख करोड़ को पार कर गया है. केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए नौ अगस्त, 2016 को शुरू किया गया था. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि जीईएम के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि. 2023-24 के सिर्फ आठ माह में इस मंच से खरीद का आंकड़ा दो लाख करोड़ पार कर गया है.

### फेयरिंग कैपिटल से जुटाए 1.6 करोड़ डॉलर

**नयी दिल्ली ।** ऑनलाइन बेकरी उत्पाद विक्रेता बेकिंगो ने फेयरिंग कैपिटल से 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर (130 करोड़ रुपये से अधिक) जुटाए हैं. कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, इस निवेश के साथ कंपनी 75 'डार्क किचन' से 150 तक विस्तार करेगी. इसके अलावा वह 10 नए शहरों में प्रवेश उतरकर अपनी उपस्थिति बढ़ाएगी. बयान में कहा गया कि कंपनी ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने और उत्पादन व आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ाने के वास्ते प्रौद्योगिकी में निवेश करने के लिए विशेष ब्रांड स्टोर खोलने की भी योजना बना रही है.

### चावल दान देने के लिए निर्यात प्रतिबंध से छूट

**नयी दिल्ली ।** सरकार ने नेपाल में भूकंप पीड़ितों के लिए दान के रूप में 20 एमटी गैर-बासमती सफेद चावल भेजने के लिए पतंजलि आयुर्वेद को निर्यात प्रतिबंध से एक बार की छूट प्रदान की है. घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए 20 जुलाई को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था. विदेश व्यापार महानिदेशालय की ओर से जारी एक अधिसूचना के अनुसार, पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को भूकंप पीड़ितों के लिए नेपाल को दान के रूप में 20 एमटी गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात के लिए प्रतिबंध से एक बार की छूट दी गई है.

इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल का चला जादू

# देश में 3.75 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कारोबार

**भाषा ।नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देसी सामान को बढ़ावा देने का जो अभियान चलाया है, वह सफल होता दिख रहा है. इसका असर चल रहे त्योहार में देखने को मिल रहा है. लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं. दिवाली पर देश में 3.75 लाख करोड़ का रेकॉर्ड कारोबार हुआ है. इस बार प्रधानमंत्री मोदी के वोकल फॉर लोकल का चला जादू चला है. चीन को 1 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा के व्यापार का नुक़सान हुआ है. कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि इस वर्ष के दिवाली सीजन में देश भर के बाज़ारों में 3.75 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा का रिकॉर्ड तोड़ व्यापार हुआ.

बताया कि सभी त्योहारों पर ग्राहकों द्वारा जमकर भारतीय सामानों की ख़रीदारी की गई. अभी गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पूजा एवं तुलसी विवाह त्योहार बाकी हैं. इनमें करीब 50 हज़ार करोड़ रुपये के और कारोबार होने की संभावना है. इस बार चीन को दिवाली पर्व पर लगभग 1 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा के व्यापार का बड़ा नुक़सान हुआ है. पूर्व वर्षों में दिवाली त्योहारों पर चीन में बने सामानों को करीब 70 प्रतिशत बाज़ार मिल जाता था. लेकिन इस बार ऐसा बिलकुल नहीं हुआ. देश में किसी भी व्यापारी ने इस साल चीन से दिवाली से संबंधित किसी भी वस्तु का कोई इंपोर्ट नहीं किया है. यह साफ़ तौर पर यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान का असर है. कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने इस दिवाली देश भर में भारतीय उत्पाद-सबका उस्ताद अभियान चलाया, जो बेहद सफल रहा. जिसको देश भर में ग्राहकों का बड़ा समर्थन मिला.



**रिकॉर्ड व्यापार**

- चीन को 1 लाख करोड़ रु. से ज़्यादा का नुक़सान
- लोगों ने जमकर देसी सामानों की ख़रीदारी की

रिपोर्ट के मुताबिक, 3.5 लाख करोड़ के त्योहारों के व्यापार में लगभग 13% खाद्य एवं किराना में, 9% ज्वैलरी में, 12% वस्त्र एवं गारमेंट में, 4% ड्राई फ्रूट, मिठाई एवं नमकीन, 3% घर की साज सज्जा, 6% कास्मेटिक्स, 8% इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल, 3% पूजन सामग्री एवं पूजा वस्तुओं, 3% बर्तन और रसोई के सामान, 2% कॉन्फ़ेक्शनरी एवं बेकरी, 8% गिफ्ट आइटम्स, 4% फ़र्निशिंग एवं फर्नीचर और बाकी 20% ऑटोमोबाइल, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल, खिलौने सहित अन्य वस्तुओं एवं सेवाओं पर ग्राहकों द्वारा खर्च किए गए हैं. देश भर में पैकिंग कारोबार को भी एक बड़ा बाज़ार इस दिवाली पर मिला है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिवाली त्योहारों पर लोकल बने सामानों को खरीदने का आह्वान किया गया था. इसका बड़ा प्रभाव पूरे देश में दिखाई दिया है. देश के सभी शहरों के स्थानीय निर्माताओं, कारीगरों एवं कलाकारों द्वारा बनाए गए सामानों की खूब बिक्री हुई है.

**कोरोना काल में दिया था लोकल पर वोकल का नारा :** बता दें कि तीन साल पहले कोरोना काल में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में पहली बार 'लोकल पर वोकल' का नारा दिया था. तब राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा था कि संकट के इस दौर में 'लोकल' ने ही हमें बचाया है. स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों ने ही आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया है. इसलिए हमें इसे ही अपने आत्मनिर्भर बनने का मंत्र बनाना चाहिये.

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' को सशक्त बनाना है. यह सब आत्मनिर्भरता, आत्मबल से ही संभव होगा. उन्होंने कहा था कि समय की मांग है कि भारत हर प्रतिस्पर्धा में जीते, सरकार जो आर्थिक पैकेज घोषित कर रही है उसमें अनेक प्रावधान किये गये हैं, इससे क्षमता बढ़ेगी, गुणवत्ता बेहतर होगी. मोदी ने स्थानीय उत्पाद के मामले में खादी और हथकरघा का उदाहरण देते हुये कहा था कि आपसे मैंने इन उत्पादों को खरीदने का आग्रह किया तो इन उत्पादों की बिक्री रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई. इसका काफी अच्छा परिणाम मिला. इसका परिणाम इस बार दीपावली के अवसर पर भी देखने को मिला, जहां लोगों ने चीनी उत्पाद को दरकिनार कर देसी उत्पादों की खरीदारी की.



## देश का वनस्पति तेल का आयात 16 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

भारत का वनस्पति तेल आयात अक्टूबर, 2023 में समाप्त तेल वर्ष में 16 प्रतिशत बढ़कर 167.1 लाख टन हो गया. उद्योग निकाय एसईए ने सोमवार को बताया कि कुछ खाद्य तेलों पर कम शुल्क की वजह से आयात बढ़ा है. देश ने तेल वर्ष 2021-22 (नवंबर-अक्टूबर) में 144.1 लाख टन खाद्य तेल का आयात किया था. तेल वर्ष 2022-23 के दौरान कुल वनस्पति तेल आयात में से 164.7 लाख टन खाद्य तेल था, जबकि गैर-खाद्य तेल का हिस्सा केवल 2.4 लाख टन था. भारत दुनिया में वनस्पति तेल का अग्रणी खरीदार है. मुंबई स्थित सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अनुसार, तेल वर्ष 2022-23 के दौरान खाद्य तेलों का आयात बढ़कर 164.7 लाख टन हो गया है. पिछले वर्ष की तुलना में 24.4 लाख टन की यह वृद्धि कच्चे पाम तेल, सोयाबीन तेल और सूरजमुखी तेल पर मौजूदा 5.5 प्रतिशत का निचला शुल्क है. एक बयान में कहा गया, आयात के इस प्रवाह ने भारत को अतिरिक्त तेल आपूर्ति के लिए एक प्रमुख गंतव्य में बदल दिया है. इसमें कहा गया कि विशेष रूप से आरबीडी पामोलिन आयात कुल पाम तेल आयात का 25 प्रतिशत से अधिक है, जो घरेलू रिफाइनिंग उद्योग को काफी प्रभावित कर रहा है. ये उद्योग अपनी स्थापित क्षमता का इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है. एसईए ने कहा कि मूल्य के संदर्भ में देश का खाद्य तेल आयात 2022-23 में 1.38 लाख करोड़ रहा, जो 2021-22 में 1.57 लाख करोड़ और 2020-21 में 1.17 लाख टन था.

**डाबर इंडिया** अगले 3-4 तिमाहियों में इन बाजारों की वृद्धि शहरी बाजार के बराबर हो जाएगी

# डाबर इंडिया को ग्रामीण बाजारों में वापसी की उम्मीद

- त्योहारों का सीजन भविष्य के लिए अच्छा संकेत लाया है. इसलिए मैं बहुत आशान्वित हूं.

**भाषा ।नयी दिल्ली**




रोजमर्रा के उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया को ग्रामीण बाजारों में अच्छी वापसी की उम्मीद है. कंपनी का मानना है कि अगले 3-4 तिमाहियों में इन बाजारों की वृद्धि शहरी बाजार के बराबर हो जाएगी. डाबर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा कि जैसे-जैसे जिंस की कीमतों में गिरावट के साथ मुद्रास्फीति कम हो रही है, उन बाजारों में धीमी गति से ही सही वापसी हो रही है. यह ग्रामीण और शहरी के बीच वृद्धि दर के अंतर को कम कर रही है. एमएसपी में बढ़ोतरी, शीतकालीन फसलों की अच्छी बुआई और चुनावी मौसम जैसे कारकों के दम पर देश के कुछ हिस्सों में बारिश के व्यवधान के बावजूद ग्रामीण बाजार में सुधार जारी रहने की संभावना है. उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में कमी आई है और उपभोक्ता विश्वास सूचकांक भी अब तक के उच्चतम स्तर पर है, जो लगभग कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले स्तर तक पहुंच गया है. मल्होत्रा ने कहा, वास्तव में मैं देख रहा हूं....सुधार के अच्छे संकेत हैं. त्योहारों का सीजन भविष्य के लिए अच्छा संकेत लाया है. इसलिए मैं बहुत आशान्वित हूं. कंपनी के डाबर च्यवनप्राश, डाबर हनी, डाबर हनीटस, डाबर पुदीनहारा, डाबर लाल टेल, डाबर आंवला, डाबर रेड पेस्ट, रियल जैसे पावर ब्रांड हैं. कंपनी कम मात्रा व मूल्य वाले पैक के साथ ग्रामीण क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ा रही है. ग्रामीण वृद्धि के शहरी बाजारों के बराबर आने की संभावना पर किए सवाल पर मल्होत्रा ने कहा, यह समय व स्थिति पर निर्भर करता है. मुझे लगता है कि ग्रामीण वृद्धि को शहरी बाजारों के बराबर आने में तीन-चार तिमाहियां और लगेंगी. हालांकि, उन्होंने कहा कि शहरी बाजार आधुनिक व्यापार और ई-वाणिज्य जैसे नए जमाने के माध्यमों से भी संचालित होता है जो कारोबार में 20-25% का योगदान दे रहे हैं.

## प्रोटीन ई-गॉव टेक का शेयर कारोबार 11% चढ़ा

- कंपनी ने 490 करोड़ के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 752-792 रुपये प्रति शेयर रखा था

**भाषा ।नयी दिल्ली**



प्रोटीन ई-गॉव टेक्नोलॉजीज का शेयर सोमवार को अपने निर्गम मूल्य पर सपाट सूचीबद्ध होने के बाद लगभग 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ. बीएसई पर कंपनी के शेयर की शुरुआत निर्गम मूल्य 792 रुपये पर ही हुई. दिन में कारोबार के दौरान यह 12.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 890.90 रुपये पर पहुंच गया. अंत में यह 11.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 883 रुपये पर बंद हुआ. कंपनी का बाजार मूल्यांकन शुरुआती कारोबार में 3,571.45 करोड़ रुपये रहा. बीएसई पर कंपनी के 59.36 लाख शेयरों का कारोबार हुआ. प्रोटीन ई-गॉव टेक्नोलॉजीज के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के तीसरे एवं अंतिम दिन गत बुधवार को 23.86 गुना अभिदान मिला था. कंपनी ने 490 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 752-792 रुपये प्रति शेयर रखा था. प्रोटीन ई-गॉव टेक्नोलॉजीज को पहले एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के नाम से जाना जाता था.

# सियासी मर्यादाएं किस ओर

सर्वोच्च अदालत ने राज्यपालों को निर्वाचित सरकारों की मर्यादा की सीमारेखा का ध्यान दिलाते हुए कुछ ही दिनों पहले कहा था कि राज्यपाल निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं हैं और उन्हें इस सीमा का ध्यान रखना चाहिए. अब और तल्ख होते हुए पंजाब के राज्यपाल और राज्य सरकार विवाद के संदर्भ में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि विधेयकों को रोक कर आग से न खेलें राज्यपाल. इस गैर मामूली टिप्पणी के अनेक निहितार्थ लगाए जा सकते हैं. पिछले कुछ सालों से गैर- भाजपा शासित सरकारों की शिकायत रही है कि राजभवन केंद्र के इशारे पर सियासी भूमिका निभाने लगा है. गैर-भाजपा दलों के आरोप को यूं ही खारिज नहीं किया जा सकता. इससे अनेक संवैधानिक प्रश्न भी उठ खड़े होते हैं, जिनकी अलग-अलग व्याख्याएं प्रस्तुत की जाती रही हैं. लेकिन महत्व की बात यह है कि जिस कोऑपरेटिव फेडरलिज्म की बात प्रधानमंत्री करते हैं, उनकी ही सरकार की भूमिका को ले कर गैर-भाजपा शासित राज्यों से विरोध की आवाजें क्यों उठती हैं. इसके ठोस जवाब की अपेक्षा होती रही है. सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को झटका दिया है. कोर्ट ने 19 और 20 जून को पंजाब विधानसभा के सत्र को संवैधानिक रूप से वैध ठहराया है. कोर्ट ने कहा कि अब राज्यपाल इस सत्र को वैध मानते हुए अपने पास लम्बित बिल पर फैसला लें. विधानसभा सत्र की वैधता पर राज्यपाल की ओर से संदेह जताना सही नहीं है. विधानसभा में जनता के चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं, लिहाजा सत्र को राज्यपाल द्वारा गैरकानूनी ठहराना संवैधानिक रूप से सही नहीं है. चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि क्या राज्यपाल को इस बात का जरा भी अंदेशा है कि वे आग से खेल रहे हैं? अगर राज्यपाल को लगता भी है कि बिल गलत तरीके से पास हुआ है तो उसे विधानसभा अध्यक्ष को वापस भेजना चाहिए.अगर राज्यपाल इसी तरीके से बिल को गैरकानूनी ठहराते रहे तो क्या ऐसे देश का संसदीय लोकतंत्र बचेगा? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल राज्य का संवैधानिक मुखिया होता है, लेकिन पंजाब की स्थिति को देखकर लगता है कि सरकार और उनके बीच बड़ा मतभेद है, जो लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है. इसी तरह का विवाद केरल और तमिलनाडु में भी है और झारखंड सरकार भी परेशानी महसूस करती रही है. सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने राज्यपाल के वकील से पूछा कि आप किस शक्ति का प्रयोग करते हुए कह रहे हैं कि स्पीकर द्वारा बुलाया गया सत्र अवैध तरीके से बुलाया जा रहा है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पंजाब में जो हो रहा है, हम उससे खुश नहीं हैं, यह गंभीर चिंता का विषय है. सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के राज्यपाल द्वारा विधानसभा से पारित विधेयकों को रोके जाने पर नाखुशी जाहिर करते हुए कहा कि आप आग से खेल रहे हैं.

> कोर्ट ने 19 और 20 जून को पंजाब विधानसभा के सत्र को संवैधानिक रूप से वैध ठहराया है. कोर्ट ने कहा कि अब राज्यपाल इस सत्र को वैध मानते हुए अपने पास लम्बित बिल पर फैसला लें. विधानसभा सत्र की वैधता पर राज्यपाल की ओर से संदेह जताना सही नहीं है.

## सुभाषित

**यदीच्छसि वशीकर्तुं जगदेकेन कर्मणा।**
**परापवादससेभ्यो गां चरन्तीं निवारय॥**

यदिकिसी एक काम से आपको जग को वश में करना है तो परनिन्दारूपी धान के खेत में चरनेवाली जिव्हारूपी गाय को वहाँ से हकाल दो अर्थात दूसरे की निन्दा कभी न करो. संस्कृत मे गौः शब्द के अनेक अर्थ हैं. सुभाषितकार गौ के दो अर्थ इन्द्रिय जिव्हेन्द्रिय तथा गाय लेकर शब्द का सुन्दर उपयोग किया है.

# जलवायु परिवर्तन गंभीर चिंता का विषय

**कौन दोषी है और कौन नहीं, इस पर विवेचना का अब कोई अर्थ नहीं. दोषी चाहे कोई भी हो भुगतना सबको पड़ेगा और हम भुगत भी रहे हैं. विकास के नाम पर विनाश का मार्ग अपनाना महंगा पड़ रहा है. समस्या यह है कि हम अभी भी इस सच्चाई को स्वीकारना नहीं चाह रहे हैं. जलवायु परिवर्तन की रफ्तार रोकने के लिए टेक्नोलॉजी की तलाश तो हो रही है, लेकिन समस्या की मूल में जो बात है, वह हम समझ नहीं पा रहे हैं या समझना नहीं चाहते.**



यूरोपीयन यूनियन के हवाले से एक खबर आई है, जिसमें उनके वैज्ञानिकों ने चेतावनी के लहजे में एक जानकारी साझा की है जो कि खासी चिंताजनक है. वैज्ञानिकों के अनुसार यह वर्ष पिछले कुछ हजार वर्षों के इतिहास का सबसे गर्म वर्ष साबित हो रहा है. उनके आंकड़े बताते हैं कि पिछला महीना सबसे गर्म अक्टूबर साबित हुआ था. कहते हैं कि इतिहास अपने आप को दोहराता है और वही होता हुआ दिख रहा है. यदि सभ्यताओं का इतिहास फिर से निकाल कर पढ़ा जाए तो यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि हमारी इस वर्तमान मानवीय सभ्यता का अंत बहुत दूर नहीं रह गया है. पाषाण युग से सूचना क्रांति के इस वर्तमान युग तक जितनी भी सभ्यताएं नष्ट हुई हैं. उसके पीछे दैवी प्रकोप अथवा प्राकृतिक आपदा की पूरी भूमिका रही है, लेकिन वर्तमान युग के अंत का कारण मानवीय दुर्बुद्धि होगी. हालांकि माध्यम प्रकृति ही बनेगी, लेकिन प्रकृति को माध्यम बनाने का सारा दोष मानव पर होगा. दरअसल मानव की सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि उसे अपनी गलती का एहसास अक्सर नहीं होता. सत्ता और शक्ति के झूठे अहंकार उसके सोच को प्रदूषित कर देते हैं और उसे अपने कृत्यों का परिणाम दिखाई नहीं देता.

भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत में दुर्योधन पर टिप्पणी करते हुए इसी को समझाते हुए कहा था कि विनाश काले विपरीत बुद्धि, लेकिन दुर्योधन इसको समझने को तैयार नहीं हुआ. परिणाम वही हुआ, जो होना था. दुर्योधन तो एक प्रतीक था मानवीय दुर्बुद्धि का. आज वही दुर्बुद्धि मानव को विनाश की ओर ले जा रही है. जलवायु परिवर्तन अब एक वास्तविकता है, जिससे हम मुंह नहीं मोड़ सकते, लेकिन अभी भी बहुत से ऐसे लोग हैं, जो चेत नहीं रहे हैं और इसे हल्के में ले रहे हैं.

• देश-काल



डॉ. प्रमोद पाठक

अगर यूरोपीयन यूनियन के वैज्ञानिकों की मानें तो औसत तापमान में यह बढ़ोतरी ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन का परिणाम है, जो कोयला, पेट्रोलियम इत्यादि के प्रयोग या दुरुपयोग के कारण वातावरण में जा रहे हैं. अल नीनो का बढ़ता प्रकोप भी इसी का परिणाम है, किंतु एक महत्वपूर्ण पहलू जिसे हम नजरअंदाज कर रहे हैं, वह है युद्ध जो रूस यूक्रेन और इजराइल फिलिस्तीन के बीच आज चल रहा है. इन युद्धों में प्रयुक्त बारूद, मिसाइल इत्यादि भी पर्यावरण को प्रदूषित करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं. नाभिकीय हथियार वातावरण को न केवल अधिक गर्म बना रहे हैं, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं. अब से तीन हफ्तों में दुबई में 200 देशों की सरकारों की बैठक में जलवायु परिवर्तन पर गंभीरता से विचार करने हेतु मंथन होने वाला है. अगर यह तमाम देश युद्ध रोकने की दिशा में कुछ ठोस प्रयास करें तो भी हम जलवायु परिवर्तन की गति को कुछ हद तक धीमा कर सकते हैं. वैसे इतना निश्चित है कि यह काफी नहीं होगा और प्रयास गंभीरता से बढ़ाने होंगे. यह तो तय है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या अब खतरनाक स्तर तक पहुंच चुकी है और इस पर सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होगी.

कौन दोषी है और कौन नहीं, इस पर विवेचना का अब कोई अर्थ नहीं. दोषी चाहे कोई भी हो भुगतना सबको पड़ेगा और हम भुगत भी रहे हैं. विकास के नाम पर विनाश का मार्ग अपनाना महंगा पड़ रहा है. समस्या यह है कि हम अभी भी इस सच्चाई को स्वीकारना नहीं चाह रहे हैं. जलवायु परिवर्तन की रफ्तार रोकने के लिए टेक्नोलॉजी की तलाश तो हो रही है, लेकिन समस्या के मूल में जो बात है, वह हम समझ नहीं पा रहे हैं या समझना नहीं चाहते. समस्या की मूल में जीवन शैली है, उपभोग है, विलासिता है, अहंकार है और लोभ है. यानी बिना मनोविज्ञान बदले टेक्नोलॉजी बदलने से कुछ नहीं होगा. बदलाव पहले सोच में लाना होगा. निरर्थक उपभोग पर रोक लगानी होगी और संयम और नियम पर विचार केंद्रित करना होगा. संयम यानी प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग से बचना होगा. नियम यानी अनुशासन के साथ जीवन शैली में बदलाव लाना पड़ेगा. आज की जीवन शैली में संरक्षण के महत्व को लोग नहीं समझ रहे हैं. उपभोक्तावाद के इस दौर में प्रचार के जरिए लोगों को अधिक से अधिक उपभोग के लिए प्रेरित किया जाता है. टेलीविजन के कमर्शियल पर दिखाए जाने वाले प्रचार उपयोग पर कम और उपभोग पर अधिक केंद्रित हैं. ऊर्जा के स्रोतों का अनावश्यक दोहन इसी उपभोग आधारित जीवन शैली का परिणाम है. हमारी समस्या यह नहीं है कि हम आवश्यकता के अनुसार चीजों का उपयोग करते हैं. हमारी समस्या है कि हम अनावश्यक उपभोग में लिप्त है. उपयोग और उपभोग का फर्क समझना बहुत जरूरी हो गया है. संसाधनों को सही तरीके से इस्तेमाल करने से हम पर्यावरण पर बोझ नहीं डालेंगे. मानव की आवश्यकता पूर्ण करने के लिए धरती की क्षमता असीमित है, लेकिन उपभोग के लिए निश्चित तौर पर यह कम पड़ रही है. कैसी विडंबना है कि लोग साइकिल चलाकर काम करने की बजाय छोटी-छोटी दूरियों के लिए भी चार पहिया वाहन का इस्तेमाल कर रहे हैं. यह आवश्यकता नहीं, अहंकार का प्रभाव है. कितनी अजीब बात है कि स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए लोग गाड़ी में चढ़कर जिम जाते हैं और वहां जाकर साइकिल चलाते हैं. कहीं ना कहीं से हमारी मनःस्थिति दोषपूर्ण है.बिना मनुष्य के बदले दुनिया नहीं बदलेगी.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## आत्मा और बंधन

भोग और अपवर्ग ये दोनों पुरुषार्थ चित्त द्वारा और चित्त में ही होने से चित्त के ही धर्म हैं. जिस प्रकार हार और जीत योद्धाओं द्वारा योद्धाओं में ही होती हैं, मगर हार और जीत राजा की कही जाती हैं. इसी प्रकार बंधन चित्त में होते हुए भी व्यवहार रूप में आत्मा के लिए कहा जाता है, क्योंकि आत्मा चित्त का द्रष्टा हैं और उसका स्वामी भी हैं. जब तक चित्त में भोग और अपवर्ग का कार्य पूरा नहीं हो जाता है, तब तक चित्त में बंधन बना रहता हैं. पुरुषार्थ से चित्त का वियोग ही बंधन से वियोग है अर्थात मुक्ति है.

पहला बन्धन- जो साधक चित्त की प्रथम भूमि में आसक्त हो रहे हैं अथवा जिन साधकों का अभ्यास सिर्फ चित्त की प्रथम भूमि तक ही है. अर्थात सिर्फ स्थूलवर्त्तियों का ही साक्षात्कार कर पाए हैं. इनके अंतर्गत स्थूल पंचभूत आते हैं, ऐसे साधक विकारों में आशक्त होकर शीघ्र ही भूलोक पर जन्म ग्रहण करते हैं. उचित समय आने पर फिर इसी भूमि (चित्त की प्रथम भूमि) की समाप्ति का अभ्यास करने लगते हैं.

दूसरा बन्धन- जो साधक चित्त की प्रथम भूमि का साक्षात्कार कर चुके हैं अर्थात पंचभूतों का साक्षात्कार कर चुके हैं तथा चित्त का दूसरी भूमि का साक्षात्कार करने के लिए अभ्यास कर रहे हैं, चित्त की दूसरी भूमि के अंतर्गत सूक्ष्म पंचभूत वा तन्मात्राएं आती हैं इसी अवस्था में साधक सूक्ष्म विषयों में आसक्त रहते हैं.परोपकार, अहिंसा और सात्विक कार्यों में लगे रहते हैं तथा फल की कामना रखते हैं. इस अवस्था को प्राप्त साधक यश, सम्मान, कीर्ति, सुख आदि बहुत मिलता हैं. ऐसे साधक स्थूल शरीर के पश्चात अपनी योग्यतानुसार सूक्ष्म लोकों में पितर लोक से लेकर ब्रह्म लोक तक सात्विक वासनाओं का फल भोगते हैं. फिर वे अपने कर्माशयों के अनुसार भूलोक पर जन्म लेते हैं. ऐसे साधकों का चित्त शरीर मे बंधे रहने के कारण धर्म अधर्म से युक्त उनकी वासनाएं हैं. फिर इसी बंधन के कारण मनुष्य लोक (भूलोक) पर जन्म लेते हैं. उचित समय आने पर अभ्यास के द्वारा अति शीघ्र इसी भूमि को प्राप्त कर अभ्यास में लग जाते हैं.

तीसरा बंधन- जो साधक सजीव समाधि की उच्चतम व उच्चतर स्तर अवस्था को प्राप्त किये हुए हैं.

# ‘चुनावी बॉन्ड’ कितना लोकतांत्रिक है?

• सामयिकी

कुमार प्रशांत

इन दिनों ‘चुनावी बॉन्डों’ को लेकर सर्वोच्च अदालत और उसके बाहर बहस जारी है. इस योजना पर कइयों में से कुछ आरोप हैं– सत्तारूढ पार्टी को चंदा देकर कॉर्पोरेट, निजी हित साधना, सभी राजनीतिक पार्टियों को समान रूप से इसकी जानकारी न होना और आम वोटरों को चंदा देने और लेने वालों की कोई पहचान नहीं होना. क्या है, यह समूची प्रक्रिया? यह जानना जरूरी है. वर्ष 2014 में बनी मौजूदा भारत सरकार, 2018 में ‘चुनावी बॉन्ड’ योजना लेकर आई थी. यह अंधेरे में काला कपड़ा पहनकर लूट करने की संवैधानिक योजना थी, जिसे तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली ने प्रधानमंत्री मोदी की स्वीकृति से तैयार किया था. इसके गुण-दोष व वैधानिकता पर विचार करने वाली याचिका वर्षों से सर्वोच्च न्यायालय में पड़ी थी. कैसा गजब है कि ऐसे संवैधानिक मामले, जिनका देश के वर्तमान व भविष्य से निर्णायक संबंध है, न्यायालय पहुंच तो जाते हैं, लेकिन प्राथमिकता के आधार पर उनकी सुनवाई नहीं होती. न्यायालय ऐसे महत्वपूर्ण मामले को कब तक लटकाए रख सकता है, इसकी जवाबदेही होनी चाहिए. किसी भी राजनीतिक व संवैधानिक संरचना को यह नहीं भूलना चाहिए कि अंततः सब इसी संविधान की संतान हैं और यह संविधान भारत की जनता की संतान है. सार्वभौम सिर्फ जनता है, जिसके प्रति संविधान की रोशनी में हर कोई जवाबदेह है. ऐसे में सर्वोच्च अदालत में भारत के एटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी यह लिखित बयान कैसे दे रहे हैं कि भारत की जनता को यह जानने का अधिकार ही नहीं है कि किस आदमी ने, किस पार्टी को कितना पैसा दिया है? जो सरकार जनता के वोट से बनती और जनता के नोट से चलती है, उस सरकार का कानूनी नुमाइंदा जब यह कहता है कि जनता को यह जानने का अधिकार है ही नहीं कि उसके पैसे का कौन, कैसा इस्तेमाल कर रहा है, तब वह असल में यह कह रहा होता है कि जनता की कोई हैसियत नहीं है. इन वेंकटरमणी महाशय को महीने की तनख्वाह जनता ही देती है और अदालतों की यह सारी व्यवस्था भी जनता के पैसों पर ही टिकी हुई है. ऐसे में यह कहना महान मूढ़ता या फिर महान अहमन्यता का प्रमाण है. यह देश की जनता की सार्वभौमिकता की अनदेखी है. इससे भी हैरानी की बात यह है कि देश की सर्वोच्च अदालत ऐसा सरकारी दंभ सुन लेती है और चुप रहती है.राजनीतिक दलों को चुनाव लड़ने के लिए धन कहां से मिले, यह यक्ष प्रश्न है. यह आर्थिक व राजनीतिक भ्रष्टाचार की गंगोत्री है. तब सवाल यह उठता है कि ‘चुनावी बॉन्ड’ योजना क्या चुनाव में धनपतियों के हस्तक्षेप पर रोक लगाती है? इस हस्तक्षेप को काबू में करने की कोई कोशिश अब तक प्रभावी नहीं हुई है, क्योंकि राजनीतिक दल ईमानदार नहीं हैं. जरूरत ऐसा रास्ता खोजने की थी और है, जिससे इस गठबंधन को तोड़ा जा सके, लेकिन सामने आई ‘चुनावी बॉन्ड’ योजना. यह वह अनैतिक योजना है, जो बेईमानी को कानून-सम्मत बनाती है. दाता कौन है, यह पता नहीं है. आप पता करें, यह आपका अधिकार नहीं है. जिन्हें भीतरखाने पता है, वे इस खेल में शरीक हैं. इस तरह की गुमनामी धनबल से जनबल को परास्त करने का असंवैधानिक अधिकार देती है. इससे दाताओं को सत्ता का अभय मिलता है. इसलिए 2014 के बाद से भाजपा को अकूत धन मिलता रहा है. बाकी पार्टियां ‘सुदामा’ से ज्यादा हैसियत नहीं रखतीं. यह भाजपा का नहीं, सत्ता का कमाल है. कल को दूसरी कोई पार्टी सत्ता में होगी तो यह सारा धन उसकी तरफ बहने लगेगा. ऐसी व्यवस्था न नैतिक है, न लोकतांत्रिक और न ही संविधान-सम्मत. ‘चुनावी बॉन्ड’ ऐसी सरकारी पहल थी, जिसे न्यायपालिका को आगे बढ़कर निरस्त कर देना था, लेकिन ऐसा करना तो दूर, अदालत इसकी सुनवाई को ही तैयार नहीं हुई और अब उसके सामने ही बगैर किसी रोक-टोक के सरकार कह रही है कि जनता को यह जानने का अधिकार ही नहीं है कि सत्ता व धनपति मिलकर कैसा खेल रच रहे हैं. यह कानून जिस तरह अदालत के संवैधानिक अधिकार की तौहीन करता है, ‘चुनाव बॉन्ड’ भी उसका वैसा ही मखौल उड़ाते हैं. ऐसे में आखिर सवाल कौन पूछे और किससे पूछे? छापे वाला और फोटोवाला, दोनों मीडिया अब देश में कहीं बचा नहीं है. मीडिया के नाम पर सत्ता की जुगाली करते व्यापारिक संस्थान हैं, जो कागज भी गंदा करते हैं और देश का मन भी.

> तब सवाल यह उठता है कि ‘चुनावी बॉन्ड’ योजना क्या चुनाव में धनपतियों के हस्तक्षेप पर रोक लगाती है? इस हस्तक्षेप को काबू में करने की कोई कोशिश अब तक प्रभावी नहीं हुई है, क्योंकि राजनीतिक दल ईमानदार नहीं हैं. जरूरत ऐसा रास्ता खोजने की थी और है, जिससे इस गठबंधन को तोड़ा जा सके, लेकिन सामने आई ‘चुनावी बॉन्ड’ योजना.

# ठहर कर सोचें, सियासत की दिशा किधर!

• सियासत

अमन नम्र

मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम जैसे पांच राज्यों में चुनाव प्रचार जोरों पर है. सत्ता, विपक्ष और सत्ता में आने को लालायित नाना प्रकार की पार्टियां अपने लोकलुभावन वादों से जनता को बहलाने में जुटी हैं. जनता को विकल्प भी इन्हीं में से चुनना है. जल्द ही नई सरकारें चुनी जाएंगी, जो अगले पांच सालों तक इनके विकास की बागडोर थामेंगी. इसके तीन-चार महीने बाद लोकसभा चुनाव होंगे और देश की सरकार बनेगी, जो भविष्य की दशा और दिशा तय करेगी. सवाल यह है कि क्या यह दशा और दिशा बीते सात दशकों से जारी विकास की मौजूदा अवधारणा से अलग या बेहतर होगी? विषय थोड़ा गंभीर है, पर मौजूं है और हमारे, आपके ही नहीं आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए इस पर विचार करना जरूरी है. आजादी से पहले और आजादी की लड़ाई के दौरान भविष्य के किस भारत की कल्पना की गई थी, मजबूरी में हमने किस तरह का भारत बनाना शुरू किया और जो भारत आज बना उसका भविष्य क्या है. यह कम-से-कम उस भारत की दिशा में जा रहा देश तो कतई नहीं है, जिसकी कल्पना और सोच महात्मा गांधी ने की थी. ‘हिंद स्वराज’ का सपना देखने वाले गांधी कहते थे कि हमारी पहली प्राथमिकता विदेशी राज्य को हटाना है और ‘हिंद स्वराज’ के लिए अभी जनता तैयार नहीं हो पाई है इसलिए सारी ताकत ‘संसदीय स्वराज’ दिलाने में लगा देनी है. हमारे हुक्मरानों ने ‘संसदीय स्वराज’ वाले गांधी को तो याद रखा, पर यह भूल गए कि यह केवल तात्कालिक व्यवस्था थी. गांधी का असली सपना ‘संसदीय स्वराज’ नहीं, ‘हिंद स्वराज’ का था. आज हम गांवों को खत्म कर शहरों के दायरे बढ़ाते जा रहे हैं, पर गांधी इसके पूरी तरह खिलाफ थे. शहरों के बढ़ते प्रभुत्व के खिलाफ आवाज उठाने वाले गांधी ने गांवों के संरक्षण की बात कही थी. आजादी की लड़ाई और आजादी के बाद के शुरुआती वर्षों के दौरान जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी के पास भारत के विकास और आर्थिक मॉडल के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण थे. ये मतभेद उनके विशिष्ट वैचारिक और दार्शनिक दृष्टिकोण में निहित थे. नेहरू ने पारिवारिक समाज के बजाय गांधी के पहले मॉडल को चुना, जिसके लिए कानून, राज्य, चुनाव जैसी व्यवस्था और तंत्र खड़ा किया गया. पंडित नेहरू विकास के लिए अधिक औद्योगिकीकृत और आधुनिक दृष्टिकोण में विश्वास करते थे. उन्होंने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए भारी औद्योगीकरण, वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी प्रगति पर जोर दिया. उनका दृष्टिकोण भारत का तेजी से औद्योगीकरण करने और एक मजबूत, केंद्रीकृत और आधुनिक राष्ट्र बनाने की इच्छा से प्रभावित था. दूसरी ओर, गांधी ने विकास के लिए विकेंद्रीकृत, ग्रामीण-केंद्रित दृष्टिकोण की वकालत की थी. गांधीजी का दृष्टिकोण स्वराज या जमीनी स्तर पर स्व-शासन के विचार में निहित था, जहां गांव आत्मनिर्भर और स्वशासित होंगे. नेहरू का विकास मॉडल पूंजी-प्रधान था, जिसमें बड़े पैमाने पर औद्योगिक परियोजनाओं, भारी मशीनरी और बुनियादी ढांचे में निवेश पर जोर दिया गया था. वहीं, गांधीजी का मॉडल श्रम प्रधान था, जिसमें छोटे पैमाने पर उत्पादन और कृषि गतिविधियों में मानव श्रम के उपयोग पर जोर दिया गया था. वह गरीबी को कम करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को रोजगार के अवसर प्रदान करने में विश्वास करते थे. यहां कुछ देर ठहरकर अगर हम दो-चार बुनियादी सवालों के जवाब खोजें तो शायद आगे के सफर की दिशा तय करने में आसानी होगी. यह पूछें कि क्या आज देश में गरीबी खत्म हो चुकी है. अगर औद्योगिकीकरण और शहरीकरण का नेहरू का आइडिया सही था तो सात दशक में हर व्यक्ति को संपन्न नहीं, तो कम-से-कम गरीबी की जिल्लत से तो बाहर आ ही जाना था. प्रधानमंत्री का यह कहना कि अगले पांच साल तक 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त का राशन दिया जाएगा, हमारी विकास की मौजूदा अवधारणा को धराशायी कर देता है.आज सत्ता और विपक्ष दोनों को ही सत्ता की राजनीति से ऊपर उठकर देश के बारे में सोचना चाहिए. अगर गांधी नहीं चाहिए तो कोई बात नहीं, लेकिन यह भी देखना होगा कि उससे बेहतर हम क्या कर सकते हैं. आज अगर हम देश के हर गरीब को मुफ्त राशन के बजाय आत्मसम्मान से जीने लायक माहौल बना पाएं.

> गांधीजी का दृष्टिकोण स्वराज या जमीनी स्तर पर स्व-शासन के विचार में निहित था, जहां गांव आत्मनिर्भर और स्वशासित होंगे. नेहरू का विकास मॉडल पूंजी-प्रधान था, जिसमें बड़े पैमाने पर औद्योगिक परियोजनाओं, भारी मशीनरी और बुनियादी ढांचे में निवेश पर जोर दिया गया था.

## मीडिया में अन्यत्र

# महुआ मोइत्रा की अयोग्यता!

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के निचले सदन से निष्कासन की सिफारिश में लोकसभा की आचार समिति (एथिक्स कमेटी) ने जो तत्परता दिखायी है, वह नैतिकता (एथिक्स) या निष्पक्षता में किसी निष्ठा की निशानी तो हरगिज नहीं है. यह सिफारिश सरकार की एक आलोचक को खामोश कराने की बेशर्मी भरी पक्षपातपूर्ण कोशिश है. यह चेतावनी के लिए भी है, जिसका मकसद सांसदों को कार्यपालिका को जवाबदेह ठहराने का अपना काम करने से डराना है, न तो समिति की प्रक्रिया और न ही उसके निष्कर्ष किसी समझ में आने लायक सिद्धांत पर आधारित हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना तकनीकी मंत्रालय की मदद से समिति ने यह पाया कि संसद का पोर्टल इस्तेमाल करने के लिए सांसद के लॉगइन और पासवर्ड का इस्तेमाल 47 बार दुबई से ऑनलाइन किया गया. संसद में पूछे जाने वाले सवाल विदेश से जमा किये गये जैसा कि समिति में शामिल विपक्षी सदस्यों ने कहा है, सवालों का मसौदा बनाने और उन्हें जमा करने का काम नियमित रूप से सांसदों के सहायकों द्वारा किया जाता है और सांसद विभिन्न हिस्सों के प्रतिनिधित्व पर आधारित सवाल संसद में उठाते हैं बगैर ठोस सबूत के यह मान लेना कि कोई सवाल भौतिक लाभ के बदले में पूछा गया है और फिर एक निर्वाचित सांसद को निष्कासित कर देना, खुद संसदीय लोकतंत्र पर हमला है. समिति मोइत्रा को दोषी ठहराने के बाद, अपने ही एक अन्य सदस्य द्वारा उन पर लगाये गये ‘आदान-प्रदान’के आरोप की जांच की मांग सरकार से कर रही है, यह नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत को सर के बल खड़ा कर देना है. अगर सांसदों को अपना लॉगइन व पासवर्ड दूसरों के साथ साझा करने से रोका जाता है, तो यह नियम सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए. अब जबकि समिति ने एक निर्वाचित सांसद को सदन से निष्कासित करने और इस तरह उनके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को प्रतिनिधित्व से वंचित करने का अतिवादी कदम उठा ही लिया है, तो यह जांच भी की जानी चाहिए कि दूसरे सांसद अपने संसदीय सवालों को किस तरह तैयार और जमा करते हैं.



(द हिंदू)

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### फूट/फूटन/फूटना

**वह** अपने परिवार को जोड़ कर रखने की भरपूर कोशिश करता रहा. फिर भी जब परिवार आपसी फूट का शिकार हो ही गया तो वह बेबसी में फूट-फूट कर रोता रहा. फूट हिंदी का तद्भव रूप है. इसका तत्सम रूप है स्फोट. स्फोट का अर्थ है अंदर भरे हुए किसी पदार्थ का अपने ऊपरी आवरण को तोड़ कर या भेद कर बाहर निकलना, फूटना. जैसे ज्वालामुखी का स्फोट. बम का विस्फोट. मतलब यह कि संस्कृत के तत्सम शब्द को हिंदी ने तद्भव के रूप में अपनाया, फूट है, जो संज्ञा स्त्रीलिंग है. शब्दकोशों में फूट शब्द का मतलब है फूटने की क्रिया या भाव, विरोध या वैमनस्य के कारण होनेवाली आपसी अनबन, अलगाव या बिगाड़, एक तरह की बड़ी ककड़ी जो पकने पर फूट जाती है. इससे दर्जनों मुहावरे हमारे दैनंदिन जीवन में काम आते रहते हैं. जैसे फूट-फूट कर रोना यानी विलाप करना, बिलख-बिलख कर रोना. फूट डालना यानी लोगों में आपसी भेदभाव उत्पन्न करना. फूट शब्द से बनता है फूटन शब्द. यह भी संज्ञा स्त्रीलिंग है. इसका अर्थ है फूटने की क्रिया या भाव, फूटकर अलग हुआ टुकड़ा, जोड़ों या हड्डियों में होनेवाला दर्द. फूट से ही फूटना क्रिया बनती है, जो अकर्मक है. इसका मतलब है आघात या प्रहार से किसी वस्तु के छोटे-छोटे टुकड़े हो जाना, खंडित हो जाना, चोट लगने से शरीर के किसी अंग से खून बहने लगना. अगर किसी बीज से अंकुर या पेड़ से शाखा निकल आती है तो उसे भी फूटना कहते हैं. एक पक्ष छोड़ कर दूसरे पक्ष में चले जाना भी फूटना है. फूटने का मतलब इस प्रकार विकृत होना कि किसी काम का न रह जाए, किसी मुख्य मार्ग से उपमार्ग निकलना, कोई गुप्त बात, भेद या रहस्य का सभी पर प्रकट होना, साथ न रहकर अलग-अलग रहना, बम, गोले आदि का फटना, विस्फोट होना, ऊपर आवरण को तोड़कर वेगपूर्वक बाहर निकलना, रोग का प्रकट होना, मुख से शब्द उच्चारित होना.

# सोशल मीडिया का क्षणिक आनंद

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

व्हाट्सएप समूह खोलते ही दिमाग भन्ना गया. पैंतीस फोटो पड़ी थीं. हमेशा की तरह गुप्ता का काम था. अभी गोवा घूम कर आया है. जितना कबाड़ उसके फोन में भरा होगा ,सब ग्रुप में डाल दिया. अब सीधा हमारी गैलरी में चला गया होगा और वहां से मुझे आधा घंटा लगा कर डिलीट करना पड़ेगा. ग्रुप में कोई भी तो पसंद नहीं करता, इस तरह से फोटो डालने को. लेकिन क्या किया जा सकता है ! मैंने गहरी सांस ली और फोटो देखे बगैर आगे बढ़ने की कोशिश की. लेकिन मुझे मालूम था फोटो गैलरी में जा चुके हैं ,इसलिए खोल कर देखने लगा. फिर मन उकता गया. बंद कर दिया. दूसरे समूह में गया. वहां भी यही हाल था. एक सज्जन ने कविता लिखी थी. ग्रुप में भेजी थी. उनकी वाहवाही हो रही थी. दस–बारह मैसेज इसी बात के पड़े हुए थे. फिर उसके बाद उनके धन्यवाद. वह भी एक-एक व्यक्ति को अलग-अलग दिए गए थे. यानी तीस–पैंतीस मैसेज एक कविता के चक्कर में इस समूह पर भरे हैं. मन में बहुत बार आता है, सारे व्हाट्सएप समूहों से अलग हो जाऊं और चैन से जिंदगी गुजारूं. लेकिन यह भी तो नहीं हो पाता. समाज से कटकर आदमी कैसे रह सकता है? ..और इस समय तो सोशल मीडिया ही समाज है. कौन किसको नमस्ते कर रहा है? अब आप हमारे पड़ोसी को ही ले लीजिए. उसका कल जन्मदिन था. सुबह-सुबह पता चला तो सोशल मीडिया पर उसे हैप्पी बर्थडे लिख दिया. तुरंत उसका जवाब आया- “थैंक्स”. फिर बाद में दिन में कई बार उसकी नजर हम पर और हमारी नजर उस पर पड़ी, लेकिन हमेशा की तरह न नमस्ते, न कोई दुआ-सलाम. उसका मुंह अपनी जगह टेढ़ा था और हम मुंह सीधा करके भी क्या करते? सब अपने आप में मशगूल हैं. सोशल मीडिया भी कई बार सोचता हूं, काहे का सोशल है? बस एक मायावी दुनिया रची हुई है, जिसमें हम घूमते रहते हैं. उसके बाहर निकलकर आओ तो फिर कुछ नहीं. अभी-अभी एक और व्हाट्सएप समूह पर एक सज्जन की एनिवर्सरी की खबर आई है. सोचता हूं, इसे भी हैप्पी एनिवर्सरी लिखकर निपटाया जाए. फिर पता नहीं याद रहे न रहे. लाइक का अपना महत्व है. कुछ दिन पहले की ही तो बात है. भाई साहब उसी चक्कर में अवसाद के शिकार हो गए. उन्होंने कहीं से घूम कर आने के बाद अपनी सुंदर–सी फोटो ग्रुप में डाली और किसी ने लाइक नहीं किया. फिर फेसबुक पर डाली. वहां भी मुश्किल से तीन या चार लाइक आए. बस भाई साहब की तो तबीयत खराब होने लगी.



# मिलान में दिखा इन बाइक्स का जलवा, देसी सड़कों को इंतजार

**इटली के मिलान में आयोजित ईआईसीएमए 2023 में ऑटो कंपनियां अपने टू व्हीलर्स के साथ मौजूदगी दर्ज की है. इन कंपनियों में सुजुकी, होंडा, हीरो मोटो कार्प और रॉयल एनफील्ड समेत कई कंपनियां शामिल हैं. ऑटो फील्ड के दिग्गजों की मानें तो इन मॉडलों को कंपनियां चरणबद्ध तरीके से आने वाले कुछ महीनों में भारत में भी लॉन्च करेंगी. आइए, ईआईसीएमए 2023 में पेश हुए उन बाइक्स और स्कूटर के बारे में, जिन्हें भारत में भी बिक्री के लिए उतारा जाएगा.**



## होंडा के ये दो बाइक

ईआईसीएमए 2023 में होंडा एक से बढ़ कर एक मॉडल्स पेश किए हैं, जिनमें से कुछ जल्दी इंडिया के बाइक लवर के लिए भी उपलब्ध होंगी. कंपनी ने अपनी 2024 अफ्रीका ट्विन एडवेंचर स्पोर्ट्स बाइक को पेश किया है. यह 19 इंच के फ्रंट व्हील और नए लुक के साथ लॉन्च हुआ. इसके अलावा कंपनी ने सीबी 650 आर और सीबीआर 650 आर के 2024 मॉडल को कॉस्मेटिक अपग्रेड और नई इलेक्ट्रॉनिक फीचर्स के साथ पेश किया जिसपर बाइक लवर्स की प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक दिखी. ऑटो फील्ड के दिग्गजों की मानें तो होंडा भारत में जल्द ही अपनी ई-क्लच तकनीक पेश करेगी.



## हीरो मोटोकॉर्प के ये मॉडल्स

हीरो मोटोकॉर्प ने इटली के मिलान में आयोजित ईआईसीएमए 2023 में स्कूटर के दो मॉडल पेश किए. ये दो मॉडल हैं जूम 125 आर और जूम 160. ऑटो फील्ड के दिग्गजों का दावा है कि कंपनी इन दोनों स्कूटरों को अगले साल भारतीय बाजार में लॉन्च करेगी. इन दोनों मॉडल की फीचर्स की बात करें तो जूम 125 आर 14-इंच पहियों वाला एक आम 125 सीसी स्कूटर है. वहीं जूम 160 एक एडवेंचर स्कूटर है, जिसमें ऑफ-रोडिंग टायर, बिना चाबी इग्निशन, रिमोट सीट ओपनिंग और सिंगल-चैनल एबीएस जैसे फीचर्स हैं. इसमें 156 सीसी का सिंगल-सिलेंडर इंजन है.

## सुजुकी के ये दो बाइक

ईआईसीएमए 2023 में सुजुकी ने जीएसएक्स-8 आर स्पोर्टबाइक और जीएसएक्स-एस1000 जीएक्स क्रॉसओवर को पेश किया है. इन दोनों को नए प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है. ये दोनों बाइक्स भी जल्द ही भारतीय बाजार में लॉन्च होगी.

## हिमालयन और हिमालयन ईवी भी

रॉयल एनफील्ड ने भी ईआईसीएमए 2023 में अपनी दो बाइक हिमालयन और हिमालयन ईवी पेश किया है. कंपनी अपनी नई हिमालयन 452 को इसी महीने लॉन्च करेगी, वहीं हिमालयन ईवी को वर्ष 2024 में उतारा जा सकता है.

## अल्ट्रावायलेट एफ 99

इटली के इस महाआयोजन में बेंगलुरु के इलेक्ट्रिक वाहन स्टार्ट-अप अल्ट्रावॉयलेट ने अपनी सबसे पावरफुल इलेक्ट्रिक बाइक अल्ट्रावॉयलेट एफ 99 को लॉन्च किया है. ऑटो फील्ड के दिग्गजों का कहना है कि अल्ट्रावॉयलेट एफ 99 कंपनी की गत वर्ष लॉन्च अल्ट्रावॉयलेट एफ 77 से कहीं अधिक पावरफुल है. अल्ट्रावायलेट एफ सेगमेंट में अल्ट्रावॉयलेट एफ 99 को सबसे ऊपर रखा जाएगा. फीचर्स की बात करें तो एफ 99 करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटे की टॉप स्पीड से चलने में सक्षम होगी. कंपनी इस बाइक को अगले साल देश में बिक्री के लिए उतार सकती है. अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी कीमत 5 लाख रुपए के आस-पास होगी.




## कावासाकी निंजा 500 और जेड 500 भी हुईं पेश



कावासाकी की ओर से ईआईसीएमए 2023 में अपनी सुपर स्पोर्ट्स बाइक कावासाकी निंजा 500 और जेड 500 पेश किया गया जिसका बाइक लवर लंबे समय से इंतजार कर रहे थे.ये दोनों बाइक्स अगले साल तक भारत की सड़कों पर भी दौड़ती नजर आएंगी. जहां तक लुक व डिजाइन की बात है कावासाकी निंजा 500 और जेड 500 का लुक निंजा सीरीज के अन्य मॉडल के समान हैं. इनमें 451 सीसी का लिक्विड-कूल्ड पैरेलल-ट्विन इंजन मिल सकता है. ट्रांसमिशन के लिए इनमें 6-स्पीड गियरबॉक्स है.



# नए कलर में लॉन्च हुआ मोटो का मुड़ने वाला फोन, जानिए फीचर्स और कीमत

मोटो का मुड़ने वाला फोन नए कलर में लॉन्च हो गया है. जी हां, मोटो रेजर 40 अल्ट्रा का ग्लैशियर ब्लू कलर वेरिएंट भारत में लॉन्च हो गया है. गौरतलब है कि मोटोरोला ने जुलाई में भारतीय बाजार में अपने क्लैमशेल फोल्डेबल - मोटो रेजर 40 और मोटो रेजर 40 अल्ट्रा को लॉन्च किया था. कंपनी ने पहले मोटो रेजर 40 अल्ट्रा को विवा मैजेंटा और फैंटम ब्लैक, इन दो रंगों में लॉन्च किया था. अब मोटो ने लाइनअप में नया ग्लेशियर ब्लू कलर ऑप्शन एड किया है. मोटो रेजर 40 अल्ट्रा क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8+ जेन 1 प्रोसेसर और 8 जीबी रैम के साथ आता है. मोटोरोला ने डिवाइस के लिए तीन एंड्रॉइड वर्जन अपग्रेड का भी वादा किया है. मोटो रेजर 40 अल्ट्रा ग्लेशियर ब्लू की कीमत 89,999 रुपए है और यह अब ऑनलाइन मार्केट में कई ऑफर के साथ बिक्री के लिए उपलब्ध है. आइए, इसके स्पेसिफिकेशन व फीचर्स से हों वाकिफ...




## स्पेसिफिकेशन और फीचर्स

**कवर डिस्प्ले :** 3.6-इंच क्विकव्यू पोलेड डिस्प्ले, 144 हट्र्ज रिफ्रेश रेट, 360 हट्र्ज टच सैंपलिंग रेट, 1056 × 1066 पिक्सल रेजोल्यूशन, 1100 निट्स पीक ब्राइटनेस, एचडीआर 10+ और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्रोटेक्शन
**डिस्प्ले :** 6.9 इंच फ्लेक्सव्यू पोलेड डिस्प्ले, 10-बिट एलटीपीओ पैनल, फुल एचडी+ (2640 × 1080 पिक्सल) रेजोल्यूशन, 165 हट्र्ज रिफ्रेश रेट, 360 हट्र्ज टच सैंपलिंग रेट, 1400 निट्स पीक ब्राइटनेस और एचडीआर10+
**प्रोसेसर :** क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8+ जेन 1 और एड्रेनो 730 जीपीयू
**मेमोरी :** 8 जीबी एलपीडीडीआर 5 रैम
**स्टोरेज :** 256 जीबी यूएफएस 3.1 स्टोरेज
**सॉफ्टवेयर :** एंड्रॉइड 13. तीन एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म अपग्रेड और 4 साल के सिक्योरिटी पैच अपडेट.
**कैमरा :** ओआईएस के साथ 12एमपी प्राइमरी कैमरा और मैक्रो शॉट सपोर्ट के साथ 13 एमपी अल्ट्रा-वाइड-एंगल कैमरा.
**फ्रंट कैमरा:** फोल्डिंग डिस्प्ले पर 32 मेगापिक्सल सेल्फी कैमरा
**बैटरी और चार्जिंग :** 3800 मेगाहट्र्ज, 33वाट फास्ट चार्जिंग, 5 वाट वायरलेस चार्जिंग और यूएसबी टाइप- सी चार्जिंग पोर्ट
**ऑडियो :** डॉल्बी एटमॉस के साथ स्टीरियो स्पीकर
**सिक्योरिटी :** साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट स्कैनर
**वजन :** 189 ग्राम
**कनेक्टिविटी :** डुअल-सिम (नैनो + ईसिम), 5जी, वाईफाई 6ई, ब्लूटूथ 5.3, एनएफसी, यूएसबी 2.0, जीपीएस, ग्लोनास और गैलीलियो
**कलर-ऑप्शन :** ग्लेशियर ब्लू, विवा मैजेंटा और इनफिनिट ब्लैक

# यह बल्ब करेगा ठंड की छुट्टी

नवंबर आधा बीतने को है. ठंड पांव पसार रहा और लोग बचने के रास्ते ढूंढ रहे. ऐसे में एक सुकून भरी खबर की तरह है इंफ्रारेड हीटिंग लैंप की उपलब्धता. इस बल्ब को मार्केट में उतारने वाली कंपनियों का दावा है कि यह छोटा सा बल्ब हीटर की तरह मुस्तैद रहेगा और ठंड को चुटकी में गायब कर देगा.

## क्या है इंफ्रारेड हीटिंग लैंप

इंफ्रारेड हीटिंग लैंप एक ऐसा उपकरण है जो इंफ्रारेड लाइट का उत्सर्जन करके गर्मी उत्पन्न करता है. यह प्रकाश मानव आंखों के लिए इंविजिबल होता है, लेकिन यह त्वचा को गर्म कर सकता है. हीटर के मुकाबले कम बिजली खपत करने वाले इस लैंप का उपयोग हम घर और ऑफिस ही नहीं, कार में भी कर सकते हैं.

## इस कंपनी में उपलब्ध

फिलिप्स का 250 वाट शक्ति के साथ ई 27 230-250 वॉट इंफ्रारेड हीटिंग लैंप मार्केट में उपलब्ध है, हालांकि इसके बारे में लोगों की जानकारी कम है. दरअसल इस बल्ब से रोशनी अधिक नहीं होती और यही इसकी कम लोकप्रियता का बड़ा आधार है. हालांकि, यह 250 वॉट की शक्ति के साथ आता है, जो इसे एक शक्तिशाली हीटिंग लैंप बनाता है. यह लैंप एक सेरेमिक हीटिंग लैंप है जो नाइक्रोम वायर्स का इस्तेमाल करके गर्मी उत्पन्न करता है. नाइक्रोम एक प्रकार का धातु है जो गर्मी उत्पन्न करने के लिए अच्छी तरह से जाना जाता है.



## यह है कीमत

यह लैंप अमेजन इंडिया जैसे ऑनलाइन मार्केट में 882 रुपए में उपलब्ध है.

# बरियातू से नामकुम तक एयर टैक्सी सर्विस!

अपने देश में ट्रैफिक का बढ़ता दबाव एक बड़ी समस्या के रूप में उभर रहा है. खास कर दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों में इसके कारण समय की बहुत बर्बादी होती है. जहां महज आधे घंटे में पहुंचा जा सकता है, वहां पहुंचने के लिए दो-तीन घंटे खर्च करने पड़ते हैं. महानगरों में बढ़ते इसी ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए इंडिगो यानी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज (आईजीई) ने अमेरिकी कंपनी से ऑल इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी सर्विस शुरू करने के लिए डील की है. यदि सबकुछ योजना के अनुसार हुआ तो बताया जा रहा है कि, 2026 तक भारत में पहली एयर-टैक्सी सर्विस को शुरू कर दिया जाएगा. हालांकि अभी केवल दोनों कंपनियों के बीच करार हुआ है और अभी कई अलग-अलग चरणों से होकर गुजरना होगा. योजनाएं सफल रहीं तो दिल्ली के कनॉट प्लेस से गुरुग्राम तक सड़क मार्ग से जाने में अभी जहां करीब एक-डेढ़ घंटे लग जाते हैं, वहीं एयर टैक्सी से महज 7 मिनट में यह सफर पूरा किया जा सकेगा. वहीं आगे यदि इस योजना का विस्तार हुआ औरा ओला, रैपिडो जैसी सर्विस की तरह यह सेवा प्रारंभ हुई तो तो बरियातू से नामकुम या सिंह मोड़ से कांके तक का सफर भी एयर टैक्सी से पूरा किया जा सकेगा.

## दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु के बाद झारखंड में भी शुरू होगी एयर टैक्सी!



इंडिगो यानी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज (आईजीए) ने 2026 तक भारत में ऑल-इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी सर्विस शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है. इसके लिए इंडिगो ने हाल ही अमेरिकी कंपनी आर्चर एविएशन के साथ पार्टनरशिप की. एयर टैक्सी की शुरुआत दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु से होगी. दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में प्रमुख शहरों में बढ़ते ट्रैफिक और यात्रियों की भीड़ को कम करने के उद्देश्य से दोनों कंपनियों ने एयर टैक्सी के संचालन के लिए एक एएमओयू पर साइन किए. हालांकि, कंपनी ने एक बयान में कहा, भारत में इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी संचालन, नियामक संस्था के अनुमोदन और मंजूरी के अधीन है.

## एयर टैक्सी के सफर की खासियत यह



आर्चर एविएशन के सीईओ निखिल गोयल ने कहा, हवाई टैक्सी के लिए मल्टीकॉप्टर, वेक्टर्ड थ्रस्ट और लिफ्ट प्लस क्रूज जैसे हेलीकाप्टरों का इस्तेमाल होगा. इनमें एक बार में 3 से 4 यात्री सफर कर सकेंगे. ये एयर टैक्सियां 1,000 से 2,000 फीट की ऊंचाई पर 180 मील प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकती हैं. देश में एयर टैक्सी की शुरुआत के लिए इंडिगो-आर्चर 200 इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमानों को खरीदने की योजना बना रही हैं. बकौल निखिल गोयल, हमारा लक्ष्य यह है कि इंटरग्लोब-आर्चर उड़ान में एक यात्री कनॉट प्लेस से गुरुग्राम तक की 27 किलोमीटर की यात्रा को लगभग सात मिनट में पूरा कर सके, जिसमें आमतौर पर कार द्वारा 60 से 90 मिनट लगते हैं. इस एयरटैक्सी को मिडनाइट नाम दिया गया है जिसमें पायलट के अलावा चार-यात्री बैठ सकते हैं. सिंगल चार्ज में इसकी रेंज लगभग 150 किमी है, जिसे मिनिमम चार्ज टाइम के साथ तेजी से बैक-टू-बैक उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### विश्व कप से पहले सोशल मीडिय पर ट्रोल आर्मी के निशाने पर थे राहुल, लेकिन अब-

# भारतीय टीम को स्थिरता दे रहे हैं लोकेश राहुल



**भाषा । बेंगलुरू**

एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप से पहले लोकेश राहुल सोशल मीडिया पर 'ट्रोल आर्मी' के निशाने पर थे. उनकी फिटनेस, टी-20 में धीमी बल्लेबाजी जैसी चीजें उन्हें आसान निशाना बना रही थीं. लोग टीम में उनकी जगह पर सवालिया निशाना लगा रहे थे लेकिन विश्व कप के सेमीफाइनल तक के भारत के सफर में उनकी विकेट के आगे और पीछे दोनों जगह भूमिका अहम रही है. पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए राहुल की भूमिका आसान नहीं है. अगर शीर्ष क्रम का बल्ला रन उगलता है तो उन्हें अपना प्रभाव छोड़ने के लिए अधिक ओवर नहीं मिलते जबकि अगर शीर्ष क्रम ध्वस्त होता है तो उनकी भूमिका पारी को संवारने की होती है. राहुल मौजूदा विश्व कप में दोनों भूमिकाओं में खरे उतरे हैं जिससे मध्यक्रम को स्थिरता मिली है. राहुल की भूमिका इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि छठे नंबर पर खेलने के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या उपलब्ध नहीं है. चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के पहले मैच में इशान किशन, रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के विकेट दो रन तक गंवाने के बाद मेजबान टीम संकट में थी. राहुल ने नाबाद 97 रन की पारी खेली और विराट कोहली (85) के साथ शतकीय साझेदारी करके भारत की जीत का मंच तैयार किया. लखनऊ में इंग्लैंड के खिलाफ भी उन्हें इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा जब भारत 40 रन पर तीन विकेट गंवा चुका था. उन्हें एक बार फिर पारी को संवारने की भूमिका मिली. रोहित ने 58 गेंद में 39 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान रोहित शर्मा के साथ 91 रन जोड़कर इसे बखूबी निभाया. बांग्लादेश के खिलाफ 257 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शीर्ष क्रम के अच्छे प्रदर्शन के बाद राहुल को टीम को जीत तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मिली और उन्होंने नाबाद 34 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई.

### लीग के आखिरी मैच में नीदरलैंड के खिलाफ राहुल ने जड़ा था शतक

नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को संभवत: पहली बार राहुल को अपने मनमाफिक अंदाज में खेलने का मौका मिला. उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाते हुए 64 गेंद में 102 रन की पारी खेली. बेशक नीदरलैंड का आक्रमण उतना मजबूत नहीं है और चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच भी बल्लेबाजी के लिए मुश्किल नहीं थी लेकिन राहुल ने मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने की अपनी क्षमता का नजारा पेश किया. वह मौजूदा विश्व कप में 69.40 के औसत और 93.53 के स्ट्राइक रेट से 347 रन बना चुके हैं.

### पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज शोएब मलिक ने की राहुल की सराहना

मध्य क्रम की चुनौतियों से अच्छी तरह वाकिफ पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शोएब मलिक ने राहुल की सराहना की और पांचवें नंबर पर राहुल की मौजूदगी की अहमियत के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि अगर भारत दो या तीन विकेट जल्दी गंवा देता है तो वह ऐसा खिलाड़ी है जो स्थिति के अनुसार खेल सकता है. वह मैच को खत्म कर सकता है, अच्छे शॉट खेल सकता है और अच्छे स्ट्राइक रेट से रन बना सकता है. वह स्पिनरों के साथ-साथ तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी अच्छी बल्लेबाजी करता है.

## अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 09 | 09 | 00 | 18 | +2.570 |
| 2 | दक्षिण अफ्रीका | 09 | 07 | 02 | 14 | +1.261 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 09 | 07 | 02 | 14 | +0.841 |
| 4 | न्यूजीलैंड | 09 | 05 | 04 | 10 | +0.743 |
| 5 | पाकिस्तान | 09 | 04 | 05 | 08 | -0.199 |
| 6 | अफगानिस्तान | 09 | 05 | 04 | 08 | -0.336 |
| 7 | इंग्लैंड | 09 | 03 | 06 | 06 | -0.372 |
| 8 | बांग्लादेश | 09 | 02 | 07 | 04 | -1.087 |
| 9 | श्रीलंका | 09 | 02 | 07 | 04 | -1.419 |
| 10 | नीदरलैंड | 09 | 02 | 07 | 04 | -1.825 |

## आगे कौन

**सबसे अधिक रन**
**594**



विराट कोहली, भारत

**सबसे अधिक विकेट**
**22**



एडम जम्पा,ऑस्ट्रेलिया

**सिक्सर किंग** रोहित शर्मा : 24

**बाउंड्री**

6 — 592
4 — 2109

### मोर्नी मोर्कल ने पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच पद से इस्तीफा दिया

**लाहौर ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्नी मोर्कल ने भारत में चल रहे विश्व कप से पाकिस्तान के बाहर होने के दो दिन बाद सोमवार को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच पद से इस्तीफा दे दिया. बाबर आजम की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम वनडे विश्व कप में नौ में से पांच मैच हारकर बाहर हो गई. उसे कोलकाता में इंग्लैंड ने 93 रन से हराया. मोर्कल इस साल जून में छह महीने के लिये टीम से जुड़े थे. पीसीबी ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड जल्दी ही उनके विकल्प का ऐलान करेगा. पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 दिसंबर से तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलनी है जो सात जनवरी तक चलेगी. विश्व कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के कारण कई पूर्व क्रिकेटरों ने बाबर को कप्तानी से हटाने और टीम में आमूलचूल बदलाव की मांग की है.

### विश्व कप में अब तक भारत का प्रदर्शन शानदार

# बल्लेबाजों के साथ-साथ भारतीय गेंदबाजों का भी टूर्नामेंट में दबदबा

**संवाददाता । रांची**

विश्व कप में भारत ने अब तक काफी शानदार प्रदर्शन किया है. भारत के लिए बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों ने भी अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है, जिसका नतीजा यह है कि भारतीय टीम ने इस विश्व कप में अब तक एक मैच नहीं गंवाया है. भारत के लिए जहां सलामी बल्लेबाज टीम को अच्छी शुरुआत दे रहे हैं, वहीं जब टीम मुश्किल में रही है, तो मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने भी अपने प्रदर्शन से टीम को कई मौकों पर जीत दिलाने में अहम योगदान दिया है. विश्व कप से पहले भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी कमजोरी मध्यक्रम की बल्लेबाजी थी, लेकिन राहुल और अय्यर ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर यह कमजोरी को दूर की है.

गेंदबाजी में बुमराह, सिराज और शमी की तिगड़ी ने भी कमाल किया है. भारतीय तेज गेंदबाज हर परिस्तिथि में विकेट चटकाने में सफल रहे हैं. तेज गेंदबाजों के अलावा कुलदीप और जडेजा ने भी टीम के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया है. जहां तेज गेंदबाजों ने टीम को शुरुआती सफलता दिलायी है, वहीं बीच के ओवरों में कुलदीप और जडेजा ने शानदार गेंदबाजी की है.



### भारत की गेंदबाजी सर्वश्रेष्ठ : नासिर हुसैन



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि भारत के पास 2000 के दशक की शुरूआत में 'फैब 5' बल्लेबाज थे लेकिन अब उसकी गेंदबाजी ईकाई सर्वश्रेष्ठ है. भारत के तीनों तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के साथ स्पिनर रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने शानदार प्रदर्शन किया है. इन पांचों का लीग चरण में भारत की लगातार नौ जीत में अहम योगदान रहा. हुसैन ने कहा कि भारत की यह गेंदबाजी ईकाई अब तक की सर्वश्रेष्ठ है.उनके पास कई अच्छे गेंदबाज आये हैं लेकिन इस बार एक ईकाई के रूप में वे सर्वश्रेष्ठ हैं .

### भारत-न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल कल



भारत और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल बुधवार को खेला जाएगा. इस मुकाबले में फार्म में चल रही भारतीय टीम की नजरें न्यूजीलैंड को हराकर 2019 विश्व कप के सेमीफइनल में मिली हार बदला लेने पर होगी. न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे ने कहा है कि बुधवार को यहां विश्व कप सेमीफाइनल में शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम के 'खतरे' से निपटने के लिये उनकी टीम को अपने सीनियर खिलाड़ियों के अनुभव पर भरोसा है. न्यूजीलैंड 45 मैचों के लीग दौर के बाद अंकतालिका में चौथे स्थान पर रहा. उनका भारत के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट में अच्छा रिकॉर्ड रहा है. न्यूजीलैंड की टीम ने 2019 विश्व कप सेमीफाइनल और 2021 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत को हराया था. कोंवे ने न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी वीडियो में कहा कि हम सभी को पता है कि भारतीय टीम कितनी खतरनाक है. वह लय में है और काफी मजबूत है.



### टॉप रन स्कोरर में शीर्ष पर कोहली

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| 1 विराट कोहली | 9 | 594 |
| 2 क्विंटन डी कॉक | 9 | 591 |
| 3 रचिन रवीन्द्र | 9 | 565 |
| 4 रोहित शर्मा | 9 | 503 |
| 5 डेविड वार्नर | 9 | 499 |

### टॉप पांच विकेट टेकर

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| 1 एडम ज़म्पा | 9 | 22 |
| 2 दिलशान मदुशंका | 9 | 21 |
| 3 शाहीन अफरीदी | 9 | 18 |
| 4 जेराल्ड कोएत्ज़ी | 7 | 18 |
| 5 जसप्रित बुमरा | 9 | 17 |

## भारत-न्यूजीलैंड सेफा में मैदानी अंपायर होंगे टकर व इलिंगवर्थ





**भाषा। दुबई**

रोड टकर और रिचर्ड इलिंगवर्थ भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर होंगे जबकि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले अंतिम चार के दूसरे मुकाबले में नितिन मेनन और रिचर्ड कैटलब्रो यह भूमिका निभाएंगे. पहला सेमीफाइनल मुंबई में बुधवार को जबकि दूसरा कोलकाता में गुरुवार को खेला जाएगा. भारत और न्यूजीलैंड के बीच 2019 में हुए विश्व कप सेमीफाइनल में भी इलिंगवर्थ मैदानी अंपायर थे. ओल्ड ट्रैफर्ड पर मौसम से प्रभावित यह मुकाबला दो दिन चला था और इसे न्यूजीलैंडने 18 रन से जीता था. टकर ने इस मैच में तीसरे अंपायर की भूमिका निभाई थी. भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला सेमीफाइनल टकर का 100वां एकदिवसीय मुकाबला होगा. इस मैच में जोएल विल्सन तीसरे अंपायर, एड्रियन होल्डस्टॉक चौथे अंपायर और एंडी पाइक्राफ्ट मैच रैफरी की भूमिका निभाएंगे. कैटलब्रो ने भी मौजूदा विश्व कप के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में अंपायरिंग का शतक पूरा किया. उन्होंने नीदरलैंड और श्रीलंका के बीच 21 अक्टूबर को हुए मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी. वह लगातार तीसरे विश्व कप में सेमीफाइनल में अंपायर की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे.

भारत के नितिन मेनन उनके साथ मैदानी अंपायर होंगे जो पहली बार विश्व कप में अंपायर की भूमिका निभा रहे हैं. क्रिस गफानी इस मैच में तीसरे अंपायर होंगे जबकि माइकल गफ चोथे अंपायर और भारत के जवागल श्रीनाथ मैच रैफरी की भूमिका में होंगे.

**खास बातें**

- 100वीं बार बतौर अंपायर मैदान पर उतरेंगे टकर
- बुधवार को भारत- न्यूजीलैंड के बीच होगा मुकाबला

## वास्तविक खतरा बनकर उभरा 'जॉइंट किलर' अफगानिस्तान

**भाषा । नई दिल्ली**

लंबे समय से युद्ध जैसी स्थिति का सामना कर रहे अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम ने आईसीसी वनडे विश्व कप में तीन पूर्व चैंपियन को हराकर क्रिकेट जगत को उन्हें गंभीरता से लेने का स्पष्ट संदेश दिया, जिसकी गूंज आने वाले वर्षों में भी सुनाई देगी. अफगानिस्तान ने जब इंग्लैंड को हराया तो उसे मौजूदा विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर करार दिया गया. कारण साफ था क्योंकि अफगानिस्तान इससे पहले पिछले दो विश्व कप में केवल एक जीत दर्ज कर पाया था और वह भी उसे 2015 में स्कॉटलैंड के खिलाफ मिली थी. लेकिन मौजूदा विश्व कप में अफगानिस्तान का शानदार प्रदर्शन जारी रहा और उसने शीर्ष टीमों को नाकों चने चबाने के लिए मजबूर किया. इंग्लैंड के बाद उसने दो अन्य पूर्व चैंपियन पाकिस्तान और श्रीलंका को पटखनी दी और साबित किया कि गत चैंपियन के खिलाफ उसकी जीत महज संयोग नहीं थी. अफगानिस्तान का बड़ी टीमों को अपनी जद में लेने का अभियान यहीं पर नहीं थमा. उसने पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी हार के कगार पर पहुंचा दिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका को उस पर जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा था. अफगानिस्तान क्षेत्ररक्षण की कमजोरी और बड़े मौकों पर अनुभव की कमी के कारण सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाया लेकिन उसने 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करके अपने लिए एक और मंच तैयार किया.

**क्रिकेट** भारत में पहली बार ब्लाइंड महिला अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय सीरीज का किया जाएगा आयोजन

# झारखंड की गीता महतो भी भारतीय टीम में शामिल

**संवाददाता। रांची**

भारत में पहली बार ब्लाइंड महिला अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय सीरीज का आयोजन किया जा रहा है. यह सीरीज 11 से 15 दिसंबर 2023 तक मुंबई में चलेगा. इस दौरान पांच टी-20 मैच खेले जायेंगे. महिला द्विपक्षीय टी-20 क्रिकेट सीरीज के लिए क्रिकेट भारत ने नेपाल के खिलाफ अपनी टीम की घोषणा कर दी है. इस टीम में झारखंड की गीता महतो को शामिल किया गया है. गीता बी 3 श्रेणी की खिलाड़ी है. गीता महतो झारखंड की पहली लड़की है, जिसका चयन ब्लाइंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हुआ है. गीता से पहले झारखंड के दो खिलाड़ी गोलू कुमार व सुजीत मुंडा भारतीय पुरूष टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं.



### तीन श्रेणियों में बांटी जाती है दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम

दृष्टिबाधित क्रिकेट को तीन श्रेणियों में बांटा जाता है. पहली श्रेणी बी1 है. इसमें वह चार खिलाड़ी होते हैं, जो पूरी तरह से दृष्टिबाधित होते हैं. बी2 श्रेणी में तीन वो खिलाड़ी होते हैं, जो आंशिक रूप से दृष्टिबाधित होते हैं. बी3 श्रेणी आंशिक दृष्टिबाधित खिलाड़ियों की तुलना में थोड़ा और बेहतर देख सकते हैं.

### दृष्टिबाधित महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर

सीएबीआई के अध्यक्ष डॉ. महंतेश किवदासनवर ने कहा कि सीएबीआई को भारत में फेडफिना द्वारा समर्थित पहली महिला अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है. महिला क्रिकेट सिर्फ 5 साल पुराना है, लेकिन दृष्टिबाधित महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए इसमें जो बदलाव लाया गया है.

### भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम

- वर्षा – बी1 – कर्नाटक
- वलसनैनी रवन्नी – बी1 –आंध्र प्रदेश
- सिमु दास – बी1 – राजस्थान
- पद्मिनी टुडू – बी1 – ओडिशा
- किलका संध्या – बी1 – आंध्र प्रदेश
- प्रिया – बी1 – मध्य प्रदेश
- सैंड्रा डेविस करिमालिक्कल – बी2 – केरल
- बसंती हांसदा – बी2 – ओडिशा
- सिमरनजीत कौर – बी2 – राजस्थान
- सुनीता सराठे – बी2 – मध्य प्रदेश
- सुषमा पटेल – बी3 – मध्यप्रदेश
- एम. सत्यवती – बी3 – आंध्र प्रदेश
- फूला सारेन – बी3 – ओडिशा
- झिली बिरस – बी3 – ओडिशा
- गूंगा सनिभाजी कदम – बी3 – महाराष्ट्र
- गीता मालतो – बी3 – झारखंड
- काव्य एन आर – बी3 – कर्नाटक
- ----------

# आशा को सीआईएल ने किया स्पॉन्सर

**संवाददाता । रांची**

- सीआईएल ने आशा को तीन साल के लिए किया स्पॉन्सर
- प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये की मिलेगी आर्थिक मदद

झारखंड की गोल्डन गर्ल एथलीट आशा किरण बारला को कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने 3 साल के लिए स्पॉन्सर किया है. कोल इंडिया हर साल 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगा. इसमें कोल इंडिया की ब्रांडिंग से जुड़ा ड्रेस और किट प्रबंधन की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा. आशा अब अभ्यास और प्रतियोगिताओं (जहां आपत्ति न हो) के दौरान कोल इंडिया की ब्रांडिंग वाली किट पहनेंगी. बता दें कि आशा किरण बारला बोकारो थर्मल स्थित भाटिया एथलेटिक्स अकादमी की प्रशिक्षु हैं और उनकी बड़ी बहन फ्लोरेंस बारला भी अंतरराष्ट्रीय एथलीट हैं. गुमला जिले के कंडारा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह गांव की रहने वाली आशा ने पिछले माह अंडर 20 में 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था.



### सीसीएल के निदेशक कार्मिक से आशा ने की मुलाकात

आशा किरण बारला को सहयोग करने का प्रस्ताव कुछ दिन पहले सीसीएल ने कोल इंडिया मुख्यालय को भेजा था. कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने दीपावली से पहले इसकी मंजूरी दे दी. सोमवार को आशा किरण बारला ने अपने कोच आशु भाटिया के साथ सीसीएल के निदेशक कार्मिक एचएन मिश्रा से मुलाकात की. इस दौरान उन्हें कोल इंडिया से मिली स्पॉन्सरशिप के संदर्भ में जानकारी दी गयी. इस दौरान खेल मैनेजर आदिल हुसैन समेत कई अफसर वहां मौजूद थे.

## महावीर निर्वाण उत्सव समारोह





जबलपुर में सोमवार को महावीर निर्वाण उत्सव समारोह के दौरान जैन पुजारियों के द्वारा अनुष्ठान किया गया. बता दें कि इस वर्ष कार्तिक अमावस्या 12 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 44 मिनट से 13 नवंबर को 2 बजकर 56 मिनट तक ही थी. इस कारण 13 नवंबर को सुबह भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक पर्व मनाया गया. -फोटोः पीटीआई

## आओ जानें

### पुरुषों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| डेनमार्क | 67 | ऑस्ट्रिया | 65 | वियतनाम | 60.75 |
| ग्रीस | 67 | ब्राज़ील | 65 | कनाडा | 60-65 |
| आइसलैंड | 67 | मेक्सिको | 65 | चीन | 60 |
| इज़राइल | 67 | फ़िनलैंड | 64.25 | भारत | 60 |
| इटली | 67 | जापान | 64 | सऊदी अरब | 60 |
| ऑस्ट्रेलिया | 67 | सिंगापुर | 63 | द. अफ्रीका | 60 |
| यूएसए | 66.5 | स्वीडन | 63 | द. कोरिया | 60 |
| स्पेन | 66.33 | फ्रांस | 62.25 | टर्की | 60 |
| यूके | 66 | नॉर्वे | 62-67 | बांग्लादेश | 59 |
| जर्मनी | 65.92 | रूस | 61.5 | इंडोनेशिया | 58 |

*ध्यान दें: स्वीडन के लिए 63 वर्ष पेंशन के लिए सबसे प्रारंभिक संभावित आयु है, 2023 में सेवानिवृत्ति की आयु 66 वर्ष है और 2026 तक यह 67 वर्ष हो जाएगी, विकल्पों की आयु 64-69 होगी.*

## ब्रीफ खबरें

### सैन्य कमांडर ने सैनिकों के साथ मनायी दिवाली

**जम्मू।** सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर का दौरा किया और सैनिकों के साथ दीपावली मनाई. सैन्य कमांडर ने रविवार को सेना में सेवा दे चुके कर्मियों, भारतीय वायुसेना और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के कर्मियों तथा उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वालों के साथ बातचीत की और उन्हें उनके असाधारण कार्य एवं कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया.

### टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के जॉयनगर इलाके में सोमवार को सुबह तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद लोगों के एक समूह ने एक कथित हमलावर को पीट-पीटकर मार डाला. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि जॉयनगर इलाके में बामुंगाची के तृणमूल कांग्रेस क्षेत्र अध्यक्ष सैफुद्दीन लस्कर की उनके घर के पास कुछ बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी.

### आग लगने से परिवार के पांच लोगों की मौत

**दीमापुर।** नगालैंड के दीमापुर जिले के नहरबारी इलाके में आग लगने से तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जलकर मौत हो गई. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब पौने ग्यारह बजे हुई इस घटना में आग ने गैर-नगा समुदाय के लोगों के रहने वाले फूस के घरों को अपनी चपेट में ले लिया. अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि संभवतः दीपावली पर्व के दौरान पटाखे फोड़े जाने से आग लगी. उन्होंने कहा कि आग के कारण करीब 50 परिवार प्रभावित हुए हैं.

### बंगाल में 16 से 18 के बीच बारिश के आसार

**कोलकाता।** दक्षिणी अंडमान सागर के ऊपर उठे एक चक्रवातीय परिसंचरण के निम्न दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है जिससे बंगाल के तटीय जिलों में 16 से 18 नवंबर के बीच बारिश हो सकती है. इस चक्रवातीय परिसंचरण के कारण बृहस्पतिवार को मध्य बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी है. विभाग के क्षेत्रीय निदेशक जी के दास ने बताया कि ऐसा होने से 16 से 18 नवंबर तक पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है.

### हिजबुल्ला के हमले में सात इजराइली सैनिक समेत 17 लोग घायल

# इजरायल-हिजबुल्लाह में संघर्ष तेज

**भाषा। तेल अवीव**

लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्ला के हमले में रविवार को सात इजराइली सैनिक और 10 अन्य लोग घायल हो गये. इजराइली सेना और बचाव सेवा ने यह जानकारी दी. यह संघर्ष ऐसे समय हुआ जब लेबनान-इजराइल सीमा पर ईरान समर्थित इस संगठन और इजराइली सेना के बीच झड़पें तेज होती जा रही हैं. इससे पश्चिम एशिया में जारी लड़ाई में एक और मोर्चे पर तनातनी बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है.

दक्षिणी लेबनान में पांच नवंबर को हुए इजराइली हवाई हमले के बाद से लेबनान-इजराइल सीमा पर यह हमला सबसे गंभीर घटना है जिसमें नागरिक भी घायल हुए हैं. पांच नवंबर को दक्षिण लेबनान में इजराइली हवाई हमले में एक महिला एवं तीन बच्चों की जान गयी थी. इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उत्तरी इजराइल के मनारा में मोर्टार के गोले दागे जाने के कारण सात आईडीएफ सैनिक मामूली रूप से घायल हो गये. इजराइली बचाव सेवा ने यह नहीं बताया कि हमला कहां हुआ है और रॉकेट हमले में घायल दस अन्य लोगों के बारे में भी नहीं बताया. उसने इतना जरूर कहा कि घायलों में से दो लोगों की हालत नाजुक है.

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर को गाजा पट्टी से इजरायल पर हमास के हमले के बाद से, लेबनान की दक्षिणी सीमा पर मुख्य रूप से इजरायल और फिलिस्तीनी समूह के सहयोगी हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष तेज हो गया है, जिससे व्यापक संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है. एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने से इजरायली गोलीबारी में कम से कम 68 हिजबुल्लाह लड़ाके मारे गए हैं. साथ ही लेबनान में कम से कम 11 नागरिक और 12 अन्य लड़ाके मारे गए हैं.



गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमले के बाद उठता धुआं.

### हसन नसरल्लाह ने दी अमेरिका को चेतावनी

हसन नसरल्लाह ने हमास-इजरायल युद्ध के बाद से अपने दूसरे टेलीविज़न संबोधन में कहा कि पिछले सप्ताह में ईरान समर्थित समूह ने लेबनानी मोर्चे पर अपनी कार्रवाई को तेज किया है. हिजबुल्लाह ने 'बुर्कन मिसाइलों' का इस्तेमाल किया है. उन्होंने कहा कि समूह लेबनान में पहली बार हमलावर ड्रोन का उपयोग कर रहा है और प्रतिदिन इज़राइल में टोही ड्रोन उड़ा रहा है. हिजबुल्लाह लड़ाके इजरायली ठिकानों पर रॉकेट लॉन्च कर रहे हैं. इजराइल और मध्य पूर्व में अमेरिकी सैनिकों पर हमलों का उल्लेख करते हुए, नसरल्लाह ने वाशिंगटन से कहा कि यदि आप इन अभियानों को रोकना चाहते हैं, तो आपको गाजा पर युद्ध रोकना होगा.

### इजरायल-हमास लड़ाई की भेंट चढ़ी ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने सबसे वरिष्ठ मंत्रियों में से एक गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन को पद से बर्खास्त कर दिया है. भारतीय मूल की सुएला के एक लेख को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था जिसमें उन्होंने लंदन की पुलिस पर फिलिस्तीन समर्थक होने का आरोप लगाया था. एपी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कैबिनेट फेरबदल में सुएला को पद से बर्खास्त कर दिया है. सुएला ने अपने लेख में लंदन पुलिस पर आरोप लगाया था पुलिस फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के प्रति बहुत उदार रवैया अपना रही है.

### यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ फ्रांस में निकला मार्च

**पेरिस।** गाजा में हमास और इजराइल के बीच जारी युद्ध के बीच बढ़ती यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ फ्रांस में रविवार को 1,80,000 से अधिक लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से मार्च निकाला. अकेले पेरिस में ही एक लाख लोग मार्च के लिए एकत्र हुये. कड़ी सुरक्षा के बीच प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न, कई वामपंथी दलों के प्रतिनिधि, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पार्टी के रूढ़िवादी और मध्यमार्गी, धुर दक्षिणपंथी नेता मरीन ले ने भी फ्रांस की राजधानी में रविवार को हुये इस मार्च में भाग लिया. हालांकि, मैक्रों इस दौरान मौजूद नहीं रहे, लेकिन उन्होंने अपना समर्थन व्यक्त करते हुए लोगों से यहूदी-विरोधी भावनाओं के खिलाफ खड़े होने का आह्वान किया.

### भड़का इजराइल

- युद्ध में एक और मोर्चे पर तनातनी बढ़ने का खतरा
- हिजबुल्लाह की इंट्री से व्यापक संघर्ष की संभावना बढ़ी

### सऊदी, यूएई समेत ये 7 मुस्लिम देश इजरायल के समर्थन में

इस्लामिक दुनिया के नेता माने जाने वाले सऊदी अरब को लेकर ऐसी खबर आ रही है कि उसने इजरायल के साथ सभी तरह के संबंधों को खत्म करने को लेकर इस्लामिक-अरब शिखर सम्मेलन में पेश किए गए एक प्रस्ताव को पास होने से रोक दिया है. सऊदी अरब के साथ-साथ संयुक्त अरब अमीरात समेत 7 मुस्लिम देश इस प्रस्ताव के विरोध में खड़े हो गए, जिसके बाद इजरायल के खिलाफ संपूर्ण बहिष्कार का प्रस्ताव पास नहीं हो पाया है. रिपोर्ट में अरब मामलों के विश्लेषक एहुद यारी के हवाले से कहा गया कि प्रस्ताव को सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, मिस्र, बहरीन, सूडान, मोरक्को, मॉरिटानिया और जिबूती ने अस्वीकार कर दिया. हालांकि, 11 नवंबर को इस्लामिक-अरब शिखर सम्मेलन के बाद जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में ऐसे किसी प्रस्ताव को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई थी.

## गाजा पट्टी के मुख्य अस्पताल के पास लड़ाई जारी, लोग अंदर फंसे

**भाषा। खान यूनिस**

गाजा पट्टी के सबसे बड़े अस्पताल के भीतर से शिशुओं और अन्य लोगों को निकालने में मदद करने के इजराइल के दावों को खारिज करते हुए अस्पताल में फंसे स्वास्थ्य अधिकारियों और अन्य लोगों ने कहा कि अस्पताल के ठीक बाहर इजराइली सेना भीषण लड़ाई लड़ रही है. स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि बिजली आपूर्ति ठप्प होने और आवश्यक सामग्री की उपलब्धता घटने से हजारों चिकित्सा कर्मी, मरीज परेशान हो रहे हैं वहीं, अस्पताल में शरण लेने वाले विस्थापित गोलीबारी की वजह से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं. इन अधिकारियों ने कहा कि नवजात शिशुओं के इन्क्यूबेटर भी बिजली के अभाव में काम नहीं कर रहे हैं. इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संघर्ष-विराम की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय अपील को खारिज कर दिया तथा कहा कि संघर्ष-विराम तभी संभव है, जब गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी 240 लोगों को मुक्त किया जाएगा. इजराइल ने हमास पर अस्पताल परिसर के अंदर और नीचे एक कमान पोस्ट बनाने का आरोप लगाया है. वहीं, हमास और अस्पताल के कर्मचारियों ने इन आरोपों से इनकार किया है.

### मृतकों को पांच-पांच लाख मुआवजे का एलान

# हैदराबाद में आवासीय इमारत में आग लगने से नौ लोग मरे

**भाषा। हैदराबाद**

हैदराबाद के नामपल्ली इलाके में सोमवार को पांच मंजिला आवासीय इमारत में लगी भीषण आग में कथित तौर पर दम घुटने से चार महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि आग परिसर के भूतल में लगी, जहां रसायनों से भरे कुछ ड्रम रखे थे. उसने बताया कि बाद में आग पहली और दूसरी मंजिल तक फैल गई. पुलिस ने बताया कि सुबह करीब नौ बजकर 35 मिनट पर उन्हें घटना के संबंध में फोन आया. तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया.

अधिकारियों ने बताया कि इमारत से अब तक 21 लोगों को बाहर निकाला गया है. उन्होंने बताया कि सांस के साथ धुआं अंदर जाने से अचेत हुए लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने नौ लोगों को मृत घोषित कर दिया. उन्होंने बताया कि मृतकों की उम्र छह वर्ष से 66 वर्ष के बीच थी. टीवी के दृश्यों में अग्निशमन कर्मियों को इमारत की खिड़कियों से बच्चों सहित लोगों को बाहर निकालते हुए देखा जा सकता है. अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया.



# दिल्ली में प्रतिबंध के बावजूद जमकर की गयी आतिशबाजी

**भाषा। नई दिल्ली**

दिल्ली में प्रतिबंध के बावजूद दिवाली के दिन जम कर हुई आतिशबाजी के कारण सोमवार को प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया और सुबह धुंध छाई रही.

शहर में रविवार को दिवाली के दिन आठ वर्षों में सबसे बेहतर वायु गुणवत्ता दर्ज किया गया था. इस दौरान 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अपराह्न चार बजे 218 दर्ज किया गया था. हालांकि, रविवार देर रात तक आतिशबाजी होने से कम तापमान के बीच प्रदूषण के स्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई. सुबह सात बजे जहां एक्यूआई 275 (खराब श्रेणी) पर था दोपहर 12 बजे यह 322 पर पहुंच गया. आयानगर (382), केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (393) और पूसा (391) सहित कुछ क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' श्रेणी (एक्यूआई 400 और 450 के बीच) के करीब पहुंच गया. इन क्षेत्रों में पीएम2.5 की सांद्रता 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सुरक्षित सीमा से सात से आठ गुना अधिक रही.

### खास बातें

- आतिशबाजी के कारण प्रदूषण स्तर में बढ़ोतरी
- रविवार दोपहर एक्यूआई 322 पर पहुंच गया था

# फैसला : नेपाल सरकार ने टिकटॉक पर लगाया प्रतिबंध

**भाषा। काठमांडू**

नेपाल सरकार ने सोमवार को चीन के स्वामित्व वाले सोशल नेटवर्किंग मंच टिकटॉक को यह कहते हुए प्रतिबंधित करने का फैसला किया कि सामाजिक सद्भाव पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है. सरकार की प्रवक्ता, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रेखा शर्मा के मुताबिक, सोमवार को मंत्रिमंडल की हुई बैठक में टिकटॉक को प्रतिबंधित करने का फैसला किया गया. उन्होंने कहा कि टिकटॉक पर प्रतिबंध का फैसला संचार एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्रालय द्वारा लागू कराया जाएगा. नेपाल सरकार ने टिकटॉक पर रोक सामाजिक सद्भाव पर इसके नकारात्मक असर के मद्देनजर उठाया है. मंत्रिमंडल की गुरुवार को हुई बैठक में फेसबुक, एक्स, टिकटॉक और यूट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया मंचों के लिए नेपाल में संपर्क कार्यालय खोलना अनिवार्य करने का फैसला किया गया था.

### खास बातें

- टिकटॉक घृणा भाषण को बढ़ावा दे रहा है
- टिकटॉक के कारण समाज में पड़ रहा नकारात्मक असर

### भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र ने पिछले दस वर्षों में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए

# कांग्रेस ने पांच साल तक छत्तीसगढ़ को लूटा : पीएम

**भाषा। महासमुंद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भारी भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया और कहा कि मुख्यमंत्री बघेल के बेटे, उनके रिश्तेदार और करीबी अधिकारियों ने पांच साल तक छत्तीसगढ़ को लूटा और इसे बर्बाद कर दिया. प्रधानमंत्री महासमुंद जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी भी स्थानीय वस्तुओं की खरीदारी के लिए लोगों से अनुरोध नहीं किया. उन्होंने कहा कि दिल्ली से आए कांग्रेस के कुछ महाज्ञानी नेता आजकल अपनी सभा में मेरी जाति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, वह कह रहे हैं कि मोदी तो ओबीसी है. उन्होंने कहा कि इससे पहले जो देश में चुनाव हुए उनमें ये लोग मोदी के बहाने पूरे ओबीसी समाज को चोर कह रहे थे. यह वही कांग्रेस है जिसने पंचायत से संसद तक सरकारी चलाई लेकिन ओबीसी समाज को आरक्षण नहीं दिया. यह वही कांग्रेस है जिसने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया.

**कांग्रेस सरकार ने योजना को बाधित किया:** पीएम ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र ने पिछले दस वर्षों में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने योजना को बाधित किया. महासमुंद जिले की कई विधानसभा सीट उन 70 विधानसभा क्षेत्रों में शामिल हैं, जहां 17 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होगा. 20 सीट के लिए पहले चरण का मतदान सात नवंबर को हुआ था.



### झूठ के गुब्बार को वोटरों ने फोड़ दिया

उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ में उनकी आखिरी सार्वजनिक रैली है (चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण से पहले), और राज्य में जीत निश्चित है और विकास मोदी की गारंटी है. उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अपने बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए उनका समर्थन करें. प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले चरण के मतदान ने कांग्रेस के झूठ के गुब्बार को फोड़ दिया है. कांग्रेस का एकमात्र लक्ष्य छत्तीसगढ़ को लूटना और अपना खजाना भरना है.

### खास बातें

- कांग्रेस ने स्थानीय वस्तुओं को प्रेरित नहीं किया
- पूरे ओबीसी समाज को चोर कह रहे थे कांग्रेस

### अनुशंसा

### समिति ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में बदलाव की भी सिफारिश की

# आर्थिक अपराध में हथकड़ी का प्रयोग नहीं होना चाहिए

- हथकड़ी का उपयोग गंभीर अपराधों के आरोपियों को भागने से रोकने के लिए होने चाहिए

**भाषा। नई दिल्ली**

संसद की एक समिति ने कहा है कि आर्थिक अपराधों के लिए हिरासत में लिए गए लोगों को बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराधों के आरोपियों की तरह हथकड़ी नहीं लगाई जानी चाहिए. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजलाल की अध्यक्षता वाली गृह मामलों से संबंधित स्थायी संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह अनुशंसा की है. समिति ने गिरफ्तारी से 15 दिनों के बाद किसी आरोपी को पुलिस हिरासत में रखने के मुद्दे पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में बदलाव की भी सिफारिश की है. समिति की रिपोर्ट प्रस्तावित कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस-2023), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस-2023) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए-2023) से संबंधित है.

**हथकड़ी लगाना उपयुक्त नहीं :** समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 'आर्थिक अपराध' शब्द में अपराधों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है. इस श्रेणी के अंतर्गत आने वाले सभी मामलों में हथकड़ी लगाना उपयुक्त नहीं हो सकता है. समिति ने कहा कि इसलिए, समिति सिफारिश करती है कि खंड 43(3) को 'आर्थिक अपराध' शब्द हटाने के लिए उपयुक्त रूप से संशोधित किया जा सकता है. बीएनएसएस के खंड 43(3) में कहा गया है कि पुलिस अधिकारी अपराध की प्रकृति और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए किसी ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय हथकड़ी का उपयोग कर सकते हैं जो आदतन अपराधी है, जो हिरासत से भाग गया है या जिसने संगठित अपराध, आतंकवादी कृत्य का अपराध, नशीली दवाओं से संबंधित अपराध या हथियारों और गोला-बारूद के अवैध कब्जे का अपराध, हत्या, बलात्कार, तेजाब हमला, नोटों की जालसाजी, मानव तस्करी, बच्चों के खिलाफ यौन अपराध, भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्य या आर्थिक अपराध किया है.

### हथकड़ी का उपयोग चुनिंदा जघन्य अपराधों तक सीमित



बता दें कि गत 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किए गए ये तीन विधेयक कानून बनने पर भारतीय दंड संहिता, 1860, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे. समिति की रिपोर्ट गत शुक्रवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपी गई. संसदीय समिति के अनुसार, उसे लगता है कि हथकड़ी का उपयोग गंभीर अपराधों के आरोपियों को भागने से रोकने और गिरफ्तारी के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चुनिंदा जघन्य अपराधों तक सीमित है. बहरहाल, समिति का मानना है कि आर्थिक अपराध को इस श्रेणी में शामिल नहीं किया जाना चाहिए.

### गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना, मणिपुर में ज्यादा सक्रिय संगठन

# मेइती चरमपंथी समूहों पर लगा प्रतिबंध

**भाषा। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और सुरक्षाबलों पर घातक हमले करने को लेकर सोमवार को नौ मेइती चरमपंथी समूहों तथा उनके सहयोगी संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया, जो ज्यादातर मणिपुर में सक्रिय हैं. गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, जिन समूहों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है, उनमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी, जिसे आम तौर पर पीएलए के नाम से जाना जाता है, और इसकी राजनीतिक शाखा, रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) और इसकी सशस्त्र शाखा मणिपुर पीपुल्स आर्मी (एमपीए) शामिल हैं. इनमें पीपुल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक (पीआरईपीएके) और इसकी सशस्त्र शाखा रेड आर्मी, कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) तथा इसकी सशस्त्र शाखा (जिसे रेड आर्मी भी कहा जाता है), कांगलेई याओल कनबा लुप (केवाईकेएल), कोआर्डिनेशन कमेटी (कोरकॉम) और एलायंस फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांगलेईपाक (एएसयूके) भी शामिल हैं.

### खास बातें

- राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों का प्रचार करेंगे चरमपंथी
- सुरक्षाबलों पर घातक हमले करने के कारण लगा प्रतिबंध

### चरमपंथी संगठनों पर अंकुश लगाना जरूरी

अपनी अधिसूचना में, गृह मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार की राय है कि यदि मेइती चरमपंथी संगठनों पर तत्काल अंकुश और नियंत्रण नहीं किया गया, तो उन्हें अपनी अलगाववादी, विध्वंसक, आतंकवादी और हिंसक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अपने कैडर को संगठित करने का अवसर मिलेगा. वे भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक ताकतों के साथ मिलकर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों का प्रचार करेंगे, लोगों की हत्याओं में शामिल होंगे और पुलिस तथा सुरक्षाबलों के जवानों को निशाना बनाएंगे.



# सत्ता का सेमीफाइनल





### मध्य प्रदेश के बड़वानी में चुनावी रैली को किया संबोधित

# प्रधानमंत्री ने दिलाया 'मोदी की गारंटी का पक्का भरोसा'

**भाषा। बड़वानी (मप्र)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के लोगों को आश्वासन दिया कि राज्य में भाजपा की सत्ता बरकरार रहने पर पार्टी द्वारा उनसे किये गये सभी वादे पूरे किये जायेंगे. उन्होंने देश में 80 करोड़ गरीब लोगों को कवर करने वाली केंद्र की मुफ्त राशन योजना अगले पांच वर्षों तक जारी रखने की अपनी बात दोहराई. प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के बड़वानी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, आपसे किए गये सभी वादे पूरे होंगे. यह मेरी गारंटी है.

कांग्रेस की आलोचना करते हुए मोदी ने कहा कि पार्टी सत्ता में आने के लिए 'सोने का महल' बनाने का वादा भी कर सकती है. 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के बारे में बोलते हुए मोदी ने कहा, 'यह भाजपा सरकार के लिए गर्व की बात है कि हमें इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने का अवसर मिला. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के आदिवासियों ने देश की संस्कृति को समृद्ध किया है. उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी योद्धाओं और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आदिवासी समुदाय की उपेक्षा की थी, भाजपा ने इस समुदाय को सम्मान दिलाया है. मोदी ने चुनाव प्रचार की हलचल के बीच सैनिकों के साथ दिवाली मनाने के लिए सीमा पर अपनी यात्रा का भी जिक्र किया. मोदी ने कहा, यह चुनाव मध्य प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य को तय करने वाला है. उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर राज्य को अंधेरे कुएं में धकेलने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश को अंधेरे से बाहर निकाला है.

**खास बातें**

- कांग्रेस का जनता से वादाखिलाफी करना तय
- आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का उल्लेख किया

## अयोध्या यात्रा की व्यवस्था करेंगे : शाह



**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि अगर भाजपा मध्य प्रदेश में सत्ता बरकरार रखती है तो उनकी सरकार राज्य के लोगों के लिए अयोध्या में राम मंदिर में 'दर्शन' की व्यवस्था करेगी. विदिशा जिले की सिरोंज विस सीट पर एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अपने बेटे-बेटियों के कल्याण के लिए राजनीति में हैं। शाह ने कहा कि जब वह भाजपा अध्यक्ष थे तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी राम मंदिर निर्माण की तारीख पूछते थे. उन्होंने कहा, मैं कह रहा हूं कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी. वरिष्ठ भाजपा नेता ने रैली में एकत्र लोगों से पूछा कि क्या वे भगवान राम के नवनिर्मित मंदिर में पूजा करने के वास्ते अयोध्या जाने के लिए पैसे खर्च करेंगे? इसके लिए पैसे खर्च मत करो। यदि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो वह धीरे-धीरे प्रदेश की जनता के लिए अयोध्या में भगवान राम के दर्शन की व्यवस्था करेगी. उन्होंने कहा कि यह बात उनकी पार्टी के घोषणा पत्र में भी शामिल है.

## कांग्रेस किसानों को तीन घंटे बिजली देने के पक्ष में : राव

**भाषा। हैदराबाद**



भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह किसानों को सिर्फ तीन घंटे बिजली आपूर्ति करने के पक्ष में है और उसने मौजूदा सरकार की महत्वपूर्ण योजना 'धरणी' को खत्म करने की बात की है.

केसीआर के नाम से मशहूर राव ने दीपावली के अंतराल के बाद सोमवार को अपना चुनाव प्रचार अभियान फिर शुरू किया. राज्य में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं. 'केसीआर' ने कहा कि 2014 में तत्कालीन नए राज्य तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने बिजली और पानी की आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को दूर किया. मुख्यमंत्री ने कहा, वे (कांग्रेस नेता) कह रहे हैं कि वे 'धरणी' योजना को बंगाल की खाड़ी में फेंक देंगे, 'रायथु बंधु' पैसे की बर्बादी है. इससे भी खतरनाक बात यह है कि वे कह रहे हैं कि 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जरूरत नहीं है, तीन घंटे की बिजली आपूर्ति पर्याप्त है तथा केसीआर पैसे बर्बाद कर रहे हैं. केसीआर ने असवारावपेट और बर्गमपाडु में चुनावी रैलियों को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई 'धरणी' योजना से किसानों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की सुविधा मिली. उन्होंने कहा, गैर-जिम्मेदार कांग्रेस को किसानों से कोई सहानुभूति नहीं है और वह 'धरणी' को हटाने की बात कर रही है.अगर 'धरणी' को हटा दिया गया, तो आप लोगों को 'रायथु बंधु' के तहत पैसे कैसे मिलेंगे. जब मैं पूछता हूं, तो वे जवाब नहीं दे रहे हैं. 'धरणी' भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली से संबंधित है. इस दौरान केसीआर ने अपनी सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों का जिक्र किया, जिनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मिशन भागीरथ के तहत घरों में नल से पेयजल की आपूर्ति आदि शामिल हैं.

## त्रिकोणीय मुकाबले में घिरे पूर्व विस अध्यक्ष

**गोटेगांव (नरसिंहपुर)।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेता और कमलनाथ के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के दौरान राज्य विस के अध्यक्ष रहे नर्मदा प्रसाद प्रजापति को अपने विस क्षेत्र गोटेगांव में भाजपा के साथ-साथ एक निर्दलीय उम्मीदवार से कड़ी टक्कर मिलती नजर आ रही है. गोटेगांव से चार बार विधायक रहे प्रजापति की राह में सबसे बड़ा रोड़ा कांग्रेस के बागी उम्मीदवार और पूर्व विधायक शेखर चौधरी हैं. वह बतौर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. कांग्रेस ने पहले उन्हें अपना उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन नामांकन से ठीक पहले उन्हें बदलकर प्रजापति को टिकट दे दिया. अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित जिले की इस एकमात्र सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक नये चेहरे महेन्द्र नागेश पर दांव लगाया है. वह 2005 से 2010 तक जिला पंचायत नरसिंहपुर के प्रमुख रह चुके हैं. उन्हें केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल का करीबी माना जाता है. गोटेगांव प्रह्लाद पटेल की जन्म भूमि है. इस लिहाज से नागेश की जीत सुनिश्चित करना उनके लिए 'प्रतिष्ठा' का प्रश्न भी बन गया है. हर विस चुनाव में अपना प्रतिनिधि बदल देने की विशेष पहचान रखने वाले इस क्षेत्र में एक ही बार वह मौका आया.

# इंदौर में आज पीएम का रोड शो

**भाषा। इंदौर**

मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार चरम पर पहुंचने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार (14 नवंबर) को इंदौर में एक रोड शो कर सत्तारूढ़ भाजपा के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते मतदाताओं के बीच पहुंचेंगे. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता आलोक दुबे ने बताया कि मोदी का रोड शो शहर के बड़ा गणपति चौराहे से शुरू होकर राजबाड़ा चौराहे पर खत्म होगा. उन्होंने बताया कि यह रोड शो करीब 1.5 किलोमीटर के फासले में क्रमशः इंदौर-1, इंदौर-4 और इंदौर-3 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगा. दुबे ने बताया कि बड़ा गणपति चौराहे से रोड शो की शुरुआत के वक्त 101 बटुक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगे. इस जगह काशी विश्वनाथ, महाकाल लोक, एकात्म धाम आदि धार्मिक स्थलों की झांकी के साथ ही केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकारों की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों की झलक पेश की जाएगी. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान सड़क के दोनों ओर भगवा कपड़ा लगाकर 'भगवा कॉरिडोर' बनाया जाएगा.

**प्रचार के अंतिम दौर में भाजपा ने झोंकी ताकत**




**इंदौर-1 से भाजपा के कैलाश विजयवर्गीय उम्मीदवार**



गौरतलब है कि 2018 के पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान इंदौर के शहरी क्षेत्र की पांच सीटों में से भाजपा ने चार सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस के खाते में इंदौर-1 के रूप में केवल एक सीट आई थी. इस बार इंदौर-1 से भाजपा ने अपने राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को बतौर उम्मीदवार मैदान में उतारा है जिनका मुख्य चुनावी मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक संजय शुक्ला से है.

**पीएम की सुरक्षा को लेकर किए गए खास इंतजाम**

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय हवाई अड्डे के साथ ही बड़ा गणपति चौराहे से राजवाड़ा चौराहे तक के रोड शो मार्ग पर तीन-तीन किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून और अन्य चीजें उड़ानें पर रोक लगा दी गई है. अधिकारी ने बताया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत मंगलवार से बुधवार तक लागू रहने वाली यह रोक विमानों की वाणिज्यिक उड़ानों पर प्रभावी नहीं होगी.

# सीएम की उम्मीदवारी की वजह से कमारेड्डी सीट आई चर्चा में

**तेलंगाना चुनाव**

**भाषा। हैदराबाद**

तेलंगाना की कमारेड्डी सीट मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की उम्मीदवारी से पहले सुर्खियों में नहीं थी, लेकिन अब सबकी नजरें इस सीट पर हैं, जहां से मुख्यमंत्री राव चुनाव लड़ रहे हैं और उनका मुकाबला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ए.रेवंत रेड्डी से है. हैदराबाद से करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित कमारेड्डी सीट, अगस्त में राव के यहां से चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद चर्चा में आई.

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री को कड़ी टक्कर देने के लिए तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी को उतारने का फैसला किया, जो मुख्यमंत्री के मुखर आलोचक माने जाते हैं. राव ने कमारेड्डी के अलावा अपनी पारंपरिक सीट गजवेल से भी नामांकन दाखिल किया है, जहां से वह दोबारा किस्मत आजमा रहे हैं. रेवंत रेड्डी कोडांगल सीट से भी विधानसभा में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका वह पूर्व में विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. रेड्डी ने पिछले सप्ताह जब कमारेड्डी से नामांकन पत्र दाखिल किया, तब उनके सहयोगी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया उनके साथ थे. विशेषज्ञों का मानना है कि इस सीट से भाजपा के उम्मीदवार के.वेंकट रमण रेड्डी का उतना प्रभाव नहीं दिखता. चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से विधान पार्षद (एमएलसी) और उनके चुनाव प्रचार में शामिल सेरी सुभाष रेड्डी का कहना है कि मुख्यमंत्री को कमारेड्डी से शानदान समर्थन मिल रहा है. उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, के. चंद्रशेखर राव के नामांकन के वक्त आयोजित जनसभा में जिस से तरह से उन्हें लोगों का समर्थन मिला, वह कमारेड्डी के इतिहास में कभी नहीं देखने को मिला था. जनसभा में 70- 80 हजार लोग शामिल थे और उन्होंने केसीआर की बातों को गौर से सुना.

सुभाष रेड्डी ने दावा किया कि रेवंत रेड्डी, कमारेड्डी से चुनाव केवल यह दिखाने के लिए लड़ रहे हैं कि वह कांग्रेस के बड़े नेता हैं लेकिन उनका मुख्यमंत्री के साथ कोई मुकाबला नहीं है. उन्होंने रेखांकित किया कि कमारेड्डी में सिंचाई की सुविधा और बीड़ी मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा देना आदि कुछ वादे लोगों से किए जा रहे हैं. राव ने नौ नवंबर को नामांकन दाखिल किया.

# 4 सीटों पर एक ही परिवार के सदस्य एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में

**भाषा। जयपुर**



**राजस्थान चुनाव**

आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव में चार सीटों पर बेहद ही दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है, जहां एक ही परिवार के चार लोग एक दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे हैं. यहां एक पति अपनी पत्नी के खिलाफ, जीजा अपनी साली के खिलाफ और भतीजी अपने चाचा के खिलाफ चुनाव लड़ रही है. राज्य की सभी 200 विधानसभा सीटों पर 25 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना तीन दिसंबर को होगी. सीकर की दांता रामगढ़ सीट से चुनाव लड़ रहीं. रीता चौधरी ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि 'मैं अपने चुनाव प्रचार अभियान में महिला सशक्तिकरण और पेयजल जैसे मुद्दों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही हूं.' उन्हें हरियाणा स्थित जननायक जनता पार्टी ने सीकर की दांतारामगढ़ सीट से मैदान में उतारा है. उनके पति वीरेंद्र चौधरी मौजूदा कांग्रेस विधायक हैं और इसी सीट से उन्हें चुनौती दे रहे हैं. चौधरी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सात बार के विधायक नारायण सिंह के बेटे हैं. परिवार परंपरागत रूप से कांग्रेस के साथ रहा है, लेकिन इसमें राजनीतिक विभाजन तब हुआ, जब रीता चौधरी इस साल अगस्त में जेजेपी में शामिल हो गईं और उन्हें जेजेपी की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया.

2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से टिकट पाने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गयीं, क्योंकि पार्टी ने उनके पति वीरेंद्र को चुना. इसके बाद रीटा ने अपना राजनीतिक आधार मजबूत करना शुरू कर दिया. रीटा ने कहा कि दांता रामगढ में लोग बदलाव चाहते हैं. उन्होंने कहा, 'चूंकि मैं लोगों के बीच सक्रिय रही हूं, इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं चुनाव में यह सीट जीतूंगी.' धौलपुर विधानसभा सीट पर एक ही परिवार के दो सदस्यों के बीच मुकाबले में दिलचस्पी इस बात से बढ़ गयी है कि दोनों नेताओं ने पार्टियां बदल ली हैं. शोभारानी कुशवाह ने 2018 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस के डॉ शिवचरण कुशवाह को हराकर सीट जीती थी.

शिवचरण की भाभी शोभारानी को पिछले साल जून में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर भाजपा ने निष्कासित कर दिया था. इस बार कांग्रेस ने शोभारानी को टिकट दिया है तो भाजपा ने शिवचरण को मैदान में उतारा है. उन्होंने कहा कि रिश्ते और राजनीतिक मुकाबले पूरी तरह से अलग-अलग पहलू हैं और उनकी अपनी जगह है. इसलिए, चुनावी लड़ाई के दौरान, हम अपने राजनीतिक दलों के उम्मीदवार हैं, न कि 'जीजा' और 'साली'. शोभारानी ने 2017 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा उपचुनाव जीता था. उनके पति बीएल कुशवाह, जिन्होंने 2013 का विधानसभा चुनाव बसपा उम्मीदवार के रूप में जीता था उन्हें दिसंबर 2016 में एक हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था. नागौर और खेतड़ी सीट पर चाचा अपनी भतीजियों के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# इग्नू से एमबीए करना छात्रों के लिए एक बेहतर विकल्प, जानिए क्या हैं फायदे




**एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद**

एमबीए (मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) 2 वर्ष का मास्टर्स डिग्री कोर्स है, जिसे 6-6 महीने के 4 सेमेस्टर में बांटा गया है. इस कोर्स में बिजनेस स्किल्स, मार्केटिंग स्किल्स आदि के बारे में पढ़ाया जाता है. एमबीए के पहले साल में छात्रों को मैनेजमेंट के बारे में पढ़ाया जाता है और दूसरे साल में छात्र द्वारा चुने गए विशेष विषय पढ़ाए जाते हैं. एमबीए में आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स किसी भी स्ट्रीम के छात्र एडमिशन ले सकते हैं.

## इग्नू से क्यों करनी चाहिए एमबीए?

- **फ्लेक्सिबिलिटी :** इग्नू अपने फ्लेक्सिबल लर्निंग ऑप्शंस के लिए जाना जाता है, क्योंकि यह एक डिस्टेंस एजुकेशन इंस्टिट्यूट है. यह व्यक्तियों को अन्य पर्सनल और प्रोफेशनल कार्यों को मैनेज करते हुए एमबीए करने की अनुमति देता है. रेगुलर क्लासेज में भाग लेने की आवश्यकता के बिना आप अपनी गति और सुविधा से अध्ययन कर सकते हैं.
- **अफोर्डेबिलिटी :** इग्नू पारंपरिक एमबीए प्रोग्राम्स की तुलना में कम लागत पर अपने कार्यक्रम पेश करता है. यह इसे उन व्यक्तियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाता है, जो बिना किसी भारी फाइनेंशियल बर्डन के एमबीए करना चाहते हैं.
- **मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय :** इग्नू भारत में एक अच्छी तरह से स्थापित और मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी है. इग्नू द्वारा प्रदान की गई डिग्रियां मुल्य रखती हैं और विभिन्न एंप्लॉयर्स और संगठनों द्वारा स्वीकार की जाती हैं. इग्नू से एमबीए करना आपके कॅरियर की संभावनाओं को बढ़ा सकता है.
- **कार्य अनुभव :** इग्नू का एमबीए प्रोग्राम कार्य अनुभव वाले व्यक्तियों को आवेदन करने की अनुमति देता है. यह वर्किंग प्रोफेशनल्स को अपने प्रबंधकीय कौशल को बढ़ाने, बिजनेस स्किल्स हासिल करने और काम जारी रखते हुए अपने कॅरियर को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है.
- **स्पेशलाइजेशन :** इग्नू अपने एमबीए प्रोग्राम के तहत कई तरह की विशेषज्ञता प्रदान करता है. आप एक विशेषज्ञता का चयन कर सकते हैं, जो आपकी रुचियों और कॅरियर के लक्ष्यों के अनुरूप हो, जैसे कि फाइनेंस, मार्केटिंग, ऑपरेशंस, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट आदि. यह आपको व्यवसाय के एक विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित करने की अनुमति देता है.
- **अध्ययन सामग्री और संसाधन :** इग्नू अपने एमबीए प्रोग्राम के लिए व्यापक स्टडी मटीरियल और संसाधन प्रदान करता है. कोर्स मटीरियल को सेल्फ एक्सप्लनेटरी और समझने में आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है. इसके अतिरिक्त, इग्नू के पास एक विशाल ऑनलाइन लाइब्रेरी और रिसोर्सेज हैं, जो आपके सीखने की प्रक्रिया का समर्थन करते हैं.
- **नेटवर्किंग के अवसर :** इग्नू एक दूरस्थ शिक्षा संस्थान है, फिर भी यह साथी छात्रों और पूर्व छात्रों के साथ नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर प्रदान करता है. आप ऑनलाइन चर्चा मंचों और सोशल मीडिया ग्रुप्स के माध्यम से अन्य छात्रों से जुड़ सकते हैं और इग्नू द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं.
- **व्यक्तिगत विकास :** इग्नू से एमबीए करना आपकी एनालिटिकल, प्रॉब्लम सॉल्विंग और लीडरशिप स्किल्स को बढ़ाकर आपके व्यक्तिगत विकास में योगदान कर सकता है. यह प्रोग्राम बिजनेस कॉन्सेप्ट्स की गहन समझ प्रदान करता है और आपको मैनेजरियल जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए तैयार करता है.

## इग्नू में एमबीए की स्पेशलाइजेशन

- **फाइनेंस :** यह स्पेशलाइजेशन फाइनेंशियल मैनेजमेंट, इन्वेस्टमेंट एनालिसिस, फाइनेंशियल प्लानिंग और रिस्क मैनेजमेंट पर केंद्रित है. यह आपको फाइनेंशियल ऑपरेशन का मैनेजमेंट करने और सॉलिड फाइनेंशियल डिसीजन लेने के लिए नॉलेज और स्किल्स से लैस करता है.
- **मार्केटिंग :** यह स्पेशलाइजेशन मार्केटिंग स्ट्रेटजीज, कंज्यूमर बिहेवियर, मार्केट रिसर्च, एडवरटाइजिंग और ब्रांडिंग के इर्द-गिर्द घूमती है. यह आपको यह समझने में मदद करता है कि बाजार में उत्पादों या सेवाओं को प्रभावी ढंग से कैसे बढ़ावा दिया जाए और कैसे बेचा जाए.
- **ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट :** यह स्पेशलाइजेशन ऑर्गनाइजेशंस के भीतर ह्यूमन रिसोर्स के मैनेजमेंट और डेवलपमेंट पर जोर देती है. इसमें भर्ती, परफॉरमेंस मैनेजमेंट, ट्रेनिंग और विकास, एम्प्लोयी रिलेशन और संगठनात्मक व्यवहार जैसे विषय शामिल हैं.
- **ऑपरेशंस मैनेजमेंट :** यह स्पेशलाइजेशन ऑर्गनाइजेशंस के भीतर ऑपरेशंस और प्रोसेस के मैनेजमेंट में आती है. यह आपूर्ति सीरीज मैनेजमेंट, क्वालिटी मैनेजमेंट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और लोजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित है.
- **एंटरप्रेन्योरशिप :** यह विशेषज्ञता उन व्यक्तियों के लिए डिजाइन की गई है जो अपना व्यवसाय शुरू करने और प्रबंधित करने में रुचि रखते हैं. इसमें व्यवसाय योजना, अवसर की पहचान, इनोवेशन और शॉर्ट बिजनेस मैनेजमेंट सहित उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है.
- **बैंकिंग और फाइनेंस :** यह स्पेशलाइजेशन विशेष रूप से बैंकिंग और फाइनेंस फील्ड में काम करने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए तैयार की गई है. यह बैंकिंग ऑपरेशंस, फाइनेंशियल मार्केट्स, रिस्क मैनेजमेंट और बैंकिंग रूल्स में बहुमूल्य इनसाइट्स प्रदान करता है.
- **इंटरनेशनल ट्रेड :** यह स्पेशलाइजेशन व्यवसाय के वैश्विक पहलुओं पर केंद्रित है, जिसमें इंटरनेशनल बिजनेस, क्रॉस-कल्चरल मैनेजमेंट, ग्लोबल मार्केटिंग और इंटरनेशनल फाइनेंस शामिल हैं. यह आपको इंटरनेशनल बिजनेस वातावरण की कॉम्प्लेक्सिटीज को नेविगेट करने की स्किल्स से लैस करता है.
- **रिटेल मैनेजमेंट :** यह स्पेशलाइजेशन रिटेल कारोबार के मैनेजमेंट के आसपास केंद्रित है. इसमें रिटेल ऑपरेशंस, मर्चेंडाइजिंग, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट और स्टोर मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल हैं.

## आवेदन प्रक्रिया

- एमबीए प्रोग्राम के लिए प्रॉस्पेक्टस प्राप्त करने के लिए इग्नू वेबसाइट या क्षेत्रीय केंद्रों पर जाएं. प्रॉस्पेक्टस में कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी, प्रवेश दिशानिर्देश, आवेदन पत्र, फीस स्ट्रक्चर और अन्य ट्रेडिशनल डिटेल्स शामिल हैं. यदि उपलब्ध हो तो आप इग्नू की वेबसाइट से भी प्रॉस्पेक्टस डाउनलोड कर सकते हैं.
- प्रॉस्पेक्टस में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें. आवेदन फॉर्म को सही और पूरी जानकारी के साथ भरें. व्यक्तिगत जानकारी, एजुकेशनल बैकग्राउंड और पसंदीदा स्टडी सेंटर जैसी डिटेल्स पर ध्यान दें.
- सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें और आवेदन के लिए आवश्यक आवश्यक दस्तावेजों को इकट्ठा करें.
- प्रॉस्पेक्टस में उल्लिखित भुगतान के निर्दिष्ट मोड का उपयोग करके निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करें. शुल्क का भुगतान आमतौर पर ऑनलाइन तरीकों जैसे क्रेडिट/डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, या इग्नू के पक्ष में नामित शहर में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से किया जा सकता है.
- आवेदन पत्र को पूरा करने और आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करने के बाद, निर्धारित पते पर शुल्क भुगतान के साथ आवेदन जमा करें. आप आवेदन डाक द्वारा भेज सकते हैं या इग्नू क्षेत्रीय केंद्र में व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)